इनमे कुछ विश्वविद्यालयो मे तो प्राकृत। जैनविद्या। जैन दर्शन के स्वतन्त्र विभाग भी कार्यरत है,, विहार (वैशाली), उदयपुर, पूना, पजावी (पटियाला) एवं सम्पूर्णानन्द सस्कृत (वाराणसी) आदि विश्वविद्यालयो के नाम प्रमुख है। केन्द्रिय शिक्षा-मत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान मे कार्यरत एवं विधि-प्रतिष्ठित राष्ट्रिय सस्कृत संस्थान (दिल्ली) द्वारा संचालित श्री लालवहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ (नई दिल्ली) मे भी जैन दर्शन का विभाग स्वतन्त्र रूप से कार्यरत है। उक्त विद्यापीठ मे स्नातक, स्नातकोत्तर एव शोध-उपाधि हेतु प्राकृत एवं जैन दर्शन के अध्ययन, अध्यापन व शोध-मार्गनिर्देशन की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त, इस संस्थान मे प्राकृत व जैन विद्या के क्षेत्र मे गम्भीर व शास्त्रतलस्पर्शी अध्ययन एव अनुसन्धान करने वाले व्यक्त को 'शास्त्रचूड़ामणि' उपाधि भी दी जाती है जो अपने आप मे अद्वितीय है।

उक्त विश्वविद्यालयो से सम्बद्ध, या स्वतन्त्र रूप से, अनेक संस्थाए भी प्राकृत एवं जैन विद्या के क्षेत्र मे अनुसन्धान का कार्य कर रही है,

इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य संस्थाओ मे भी जैनदर्शन व प्राकृत के अध्ययनादि की व्यवस्था है।

(ख) प्रकाशन संस्थाएं–

प्राकृत व जैन साहित्य के प्रकाशन के क्षेत्र मे भी अनेकानेक संस्थाए देश में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं–

(ग) विदेशी विश्वविद्यालय

विदेशो मे भी अनेक स्थानो मे प्राकृत व जैन विद्या के क्षेत्र मे सन्तोपजनक कार्य हो रहा है।

जैन विद्या व प्राकृत भाषा से सम्बन्धित अनुसन्धान एवं साहित्य-प्रकाशन आदि कार्यों का विस्तृत विवरण देने से पूर्व, प्राकृत व जैन विद्या का ऐतिहासिक सर्वेक्षण करना उचित होगा ताकि उसके प्राचीन वैभव की झाकी मिल सके।

३. प्राकृत व जैन विद्या का ऐतिहासिक सर्वेक्षण

(क) धर्म दर्शन एवं भाषाए–

किसी देश या जाति की विशेषता उसकी, सभ्यता व संस्कृति के कारण होती है। सभ्यता व संस्कृति उस देश या जाति के भौतिक व आध्यत्मिक ज्ञान विज्ञान को प्रतिबिम्बित करती है। किसी जाति या देश के ज्ञान-विज्ञान की प्रगति का मुख्य आधार है–उस जाति-विशेष के सदस्यो, उस देश-विदेश के नागरिको का चिन्तन एवं विचार। विचार या चिन्तन की अभिव्यक्ति भाषा के माध्यम से ही सम्भव होती है।

भाषा और विचार का मिश्रित रूप साहित्य के रूप में प्रकट होता है।[13] दूसरे शब्दो मे भाषा और विचार-इन दो तट-बन्धो के बीच साहित्य की धारा प्रवाहित होती है। इसलिए, किसी देश या जाति के चिन्तन के स्तर को समझना हो तो उस देश या जाति का साहित्य एक प्रमुख साधन माना जाता है।

भारतीय अध्यात्म-चिन्तन की गगा यहा दो प्रमुख धाराओं में प्रवाहित होती रही है– (१) वैदिक और (२) श्रमण। इन दोनो धाराओ ने चिरकाल से भारतीय ज्ञान-विज्ञान को

---

१२. इदमन्ध तम. कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम्। यदि शब्दाह्वयं ज्योतिः, आसंसारान्न दीप्यते (दण्डिकृत काव्यादर्श, १।४)॥ वाचामेव प्रसादेन लोकयात्रा प्रवर्तते (वही १।३)। न सोस्ति प्रत्ययो लोके, यः शब्दानुगमादृते॥ अनुविद्धमिव ज्ञान सर्वं शब्देन भासते (वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड १२३)।

१३. शब्दर्थौ सहिताबेव प्रतीतौ स्फुटतः सदा। सहिताविति तावेव किमपूर्वं विधीयते॥ (वक्रोक्तिजीवित, १।१६)॥

समृद्ध और जनजीवन को प्रभावित किया है। इन दोनो धाराओ ने परस्पर आदान-प्रदान करके हुए भी, अपनी मौलिक विशेषता को सुरक्षित रखा है। एक बार इन दोनों धाराओ के बीच एक तीसरी धारा भी उत्पन्न हुई, तब एक पावन 'संगम' तीर्थ का वातावरण बन गया, वह काल था – उपनिषद्-युग। औपनिषदिक विचार-धारा मे इन दोनो धाराओ के मिश्रित रूप का दर्शन होता है। दूसरे शब्दो मे, भारतीय संस्कृति व दर्शन के उदात्त पक्ष का समष्टि व मिला-जुला रूप औपनिषदिक साहित्य मे प्रतिबिम्बित हुआ है। इस विचार-धारा ने भारतीय चिन्तन को नया आयाम दिया। फलस्वरूप परवर्ती काल में विविध भारतीय दर्शनो का उदय व विकास हुआ।

जैन व बौद्ध-धर्म-दर्शन जहां श्रमण सस्कृति से जुडे है, वहा अन्य दर्शन वेद-प्रमाणता को स्वीकार करते हुए वैदिक व औपनिषदिक संस्कृति से अनुबद्ध है। कहना न होगा कि इन दर्शनो ने जहां भारतीय दर्शन को समृद्ध किया है, वहा भारतीय भाषा को भी समृद्धि व गौरव प्रदान किया है।

(ख) भाषा-नारी की स्वच्छन्दता पर अंकुश

काल व क्षेत्र (समय व स्थान के भेद) के निमित्त से यथोचित परिवर्तित होने की नैसर्गिक क्षमता प्रत्येक जन-भाषा में होती है। वह एक स्वच्छन्द व उन्मुक्त विचारो वाली किशोरी के समान हुआ करती है। किन्तु जब साहित्यकार उस भाषा को अपनी साहित्यिक सृष्टि के माध्यम के रूप मे अपनी सहचरी बनाता है, तो वह भाषा एक लजीली वधू की तरह अवगुण्ठन मे सिमट जाती है।[14] लौकिक स्त्री के लिए शास्त्रो मे जहां तेज चलना वर्जित[15] किया गया, उसी तरह भाषा की गतिशिलता भी नियन्त्रित कर दी गई[16]। अनियन्त्रित व नियन्त्रित भाषा के भेद को स्पष्ट करने हेतु इनका नामकरण क्रमश: 'प्राकृत' व 'संस्कृत' किया गया। जिस प्रकार नीच-जन-सेविनी नारी समाज मे निन्दित होती है,[17] उसी प्रकार अशिक्षित। अशिष्ट वर्ग द्वारा सेवित व अमर्यादित जनभाषा को भ्रष्ट (व्याकरण की मर्यादासे च्युत, अपभ्रष्ट, अपभ्रश) कहा जाने लगा।[18] इसके प्रयोक्ता को महाभाष्यकार (ई. १५० पू.) पतंजलि ने

---

१४. योषिता भूषणं लज्जा (उत्तर पु. ५४।५४)। ण भूसणं भूसयते सरीर विभूषणं सीलहिरी य इत्थिए। गिरा हि संखारजुया वि संसती अपेसला होइ असाहुवादिणी (वृहत्कल्प-भाष्य ४११८)।

१५. न त्वरितं व्रजेत् (याज्ञवल्क्य स्मृति - १।८७ की मिताक्षरा टीका से उद्धृत शंखमत)।

१६. एतदेव विपर्यस्त सस्कारगुणवर्जितम्। पाठ्यं नानावस्थान्तरालकम् (भरत-नाट्यशास्त्र १८।२)।

१७. कुस्त्री सज्जनसंगमे न रमते, नीच जनं सेवते (सुभाषितरत्नभाण्डागार, स्वभाववर्णन २१, पृ. ८४)।

१८. शब्दः सस्कारहीनो यः गौरिति प्रयुयुक्षिते। तमपभ्रशमिच्छन्ति विशिष्टार्थं निवेशितम् (वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड १४८)।

'म्लेच्छ' तक बताया।[19] गरुडपुराणकार ने 'प्राकृत' सुनने मात्र से द्विज की अधोगति का प्रतिपादन किया है।[20]

(ग) भाषा-विकास की प्रक्रिया

प्रत्येक युग में एक सामान्य-जनप्रचलित भाषा होती है। स्थानादिभेद से उसमे एकरूपता समाप्त होने लगती है, और रूपो आदि की विविधता उत्पन्न हो जाति है। विजेता और विजित जाति का पारस्परिक सम्पर्क, जलवायु की स्थिति मे परिवर्तन, लोगो का एक देश से दूसरे देश मे स्थानान्तरण, उस अवधि मे अभिव्यति-शैली व सकेत-पद्धति मे सुधार-इन सब कारणो से भाषा मे परिवर्तत होता है। उसी के समानान्तर एक साहित्यिक भाषा का जन्म होता है। जो सभ्य एवं सुशिक्षित जनो द्वारा व्यवहित होती है, और सामान्य-जन-भाषा की तुलना मे अधिक परिनिष्ठित, परिमार्जित. मर्यादित, एव एकरूपता-सम्पन्न होती है। दूसरी तरफ, जनभाषा बराबर बदलती रहती है। कालान्तर मे विद्वान विचारकों के प्रयत्न से रूपवैविध्य-युक्त इस जन-भाषा को पुनः एक परिनिष्ठित रूप देने का प्रयत्न होता है। लोकभाषा के प्रादेशिक मत-भेदो का समन्वय कर किसी एक देश-व्यापी भाषा को सवदेशीय प्रतिनिधि भाषा के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी स्थिती मे पूर्व साहित्यिक भाषा से पृथक, एक दुसरी साहित्यिक भाषा का अवतरण होता है इसे उच्चारणादि की अशुद्धता से सुरक्षित रखने हेतु, व्याकरण के नियमो मे बांध दिया जाता है। इस प्रकार, यह भाषा सुसंस्कृत, सुसज्जित रूप प्राप्त कर लेती है। उदारवादी विचारको के प्रयत्न से लोक-प्रचलित उपयोगी अपार शब्द-भाण्डार इस सुसंस्कृत भाषा मे समाहित कर लिया जाता है। इस प्रकार, साहित्यिक सुसंस्कृत भाषा सामयिक लोकभाषा से गुणवत्ता प्राप्त करती रहती है।

किन्तु दूसरी तरफ, धीरे-धीरे, उक्त साहित्यिक सुसंस्कृत भाषा सामान्य जनता की अपेक्षा वर्ग-विशेष एवं स्थान-विशेष मे सिमट जाती है। शब्दो के ग्राम्य रूपो के लिए इसमे प्राय: स्थान नही होता। सामान्य जन, महिला, एवं अल्प-शिक्षित वर्ग मे उसका व्यवहार धीरे-धीरे समाप्त होता जाता है। कठिनता से सरलता की ओर अग्रसर होने वाली सामान्य-जन-भाषा परिर्वतित व विकसित होती हुई, स्वरूप की दृष्टि से साहित्यिक भाषा से कोसों दूर बढ़ जाती है, और असमानता धारण कर लेती है। अभिजात वर्ग के अलावा सामान्य-जन एवं समाज के निचले वर्ग को दृष्टि मे रखकर भी साहित्यिक रचना करते हुए कुछ साहित्यकार आगे आते है। वे अपनी सुविधानुसार, किसी प्रादेशिक जनभाषा को साहित्यिक जामा पहना देते है। किसी धार्मिक नेता द्वारा यदि किसी प्रदेश-विशेष मे बोली जाने वाली जन-भाषा को उपदेश का माध्यम बनाया जाता है, उस स्थिति मे पुनः एक नई तीसरी साहित्यिक भाषा अवतरित होती है। विविध जन-भाषाओं से इस साहित्यिक भाषा का वैषम्य अधिक न बढे इस दृष्टी से वैयाकरण आगे आता है, और वह लोक-प्रचलित जन-भाषा के विविध प्रादेशिक स्वरूपों मे विकास-

---

१९. तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै, नापभाषितवै, म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः (महाभाष्य पस्पशाह्निक, १।१।१, प्रयोजनाधिकरण)। न म्लेच्छितव्यं यज्ञादौ.स्त्रीषु नाप्राकृतं वदेत (सरस्वतीकण्ठाभरण, २।८)।

२०. लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्। न श्रोतव्य द्विजेनैतद् अधो गच्छति तद् द्विजम् (गरुडपुराण-पूर्व. ९८।१७)।

प्रवृत्तियों को निश्चत कर, सामान्य नियम प्रस्तुत करता है। किन्तु भाषा का विकास रुकता नही। शब्दो का व्याकरण द्वारा निष्पन्न होना एक बात है, और लोक मे प्रयोग दुसरी बात। व्याकरण द्वारा भाषा को बाधने का उक्त प्रयत्न धीरे-धीरे शिथिल होता जाता है, और जन-भाषा नैसर्गिक गति से प्रवाहमान रहती है, क्योकि प्रकृति की हर वस्तु की तरह भाषा भी ज्ञान व सभ्यता के विकास के साथ-साथ, परिवर्तन-शील है। जब तक कोई भाषा अपने समय के समाज तथा लोक तत्त्वो से प्रेरणा ग्रहण कर जीवन्त रहती है, तब तक वह प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बनी रहती है। लेकिन ज्यो ही उसे व्याकरण के नियमो से जकड दिया जाता है, उसका विकास अवरूद्ध हो जाता है, और उसी भाषा का अर्वाचीन रूप कालान्तर मे लोकभाषा के तत्वा की प्रमुखता को अन्तर मे समेटता हुआ, नई भाषा के रूप मे प्रकट हो जाता है।

यह क्रम बार-बार घटित होता रहा है, जिसके फलस्वरूप, वैदिक सस्कृत लौकिक संस्कृत, प्राकृत, पाली, शौरसेनी, महाराष्ट्री, अपभ्रश एव अन्य वर्तमान भारतीय भाषाएं (हिन्दी राजस्थानी, पजाबी, गुजराथी, मराठी, बगाली सिन्धी आदि) साहित्यिक भाषा के रूप मे प्रतिष्ठित होती रही है। उक्त सभी साहित्यिक भाषाए अपने पूर्ववर्ती काल मे जनभाषा ही थी। किन्तु समयानुसार शिष्ट व अभिजात वर्ग की परिष्कार भावना से तथा तत्कालीन साहित्यकारों के व वैयाकरणो के प्रयत्न से, मर्यादित, अलंकृत एव परिनिष्ठित रूप प्राप्त कर, साहित्यिक क्षेत्र मे गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करती रही है।

(घ) **संस्कृत-प्राकृत आदि भारतीय भाषाए : (वैदिक व ब्राह्मण युग)–**

प्राचिन भारतीय आर्य भाषा के अन्तर्गत 'सस्कृत' भाषा का प्राचिनतम रूप हमे वैदिक साहित्य के रूप मे प्राप्त होता है। आजकल पढाई जा रही संस्कृत भाषा के स्वरूप मे वैदिक संस्कृत से अनेक रूपो मे भिन्नता है, अतः दोनो को अलग-अलग नामो से–(१) वैदिक सस्कृत (छान्दस), और (लौकिक (या साहित्यिक) सस्कृत भाषा पुकारा जाता है। चारों वेद ब्राह्मण, और प्राच्चिन उपनिषदो की भाषा वैदिक सस्कृत के अन्तर्गत है, और रामायण, महाभारत अदि महाकाव्यो की भाषा लौकिक सस्कृत के रूव मे प्रसिद्ध है। वैदिक भाषा का प्राचीनतम रूप जो ऋग्वेद के प्रथम व दसवे मडल को छोडकर, अन्य मण्डलो में मिलता है वह उस समय की साहित्यिक भाषा का प्रतिनिधित्व करता है। विद्वानो के मत मे ऋग्वेद की भाषा तत्कालीन पुरोहिती ओर राजाओ की भाषा है, जबकि अथर्ववेद में मूल 'जन-भाषा' का रूप देखा जा सकता है।

वेद मे स्पष्ट संकेत है कि उस ससय विविध धर्म एव विविध भाषाएं विद्यमान थी[21]। इस साहित्यिक भाषा (वैदिक छान्दस भाषा) एवं तत्कालीन जन भाषाओं के मध्य विषमता बहुत अधिक नही रही होगी। वैदिक भाषा मे भी जन-भाषा की तरह व्याकरणीक रूपो की विविधता दृष्टीगोचर होतो है। महाभाष्यकार पतजली ने छान्दस भाषा की स्वछन्दता का संकेत भी किया है।[22]

---

२१. जनं बिभ्रती बहुधा विवाचस, नानाधर्माण पृथिवी यथौकसम्। (अथर्व १२।१।४५)

२२. योगविभागः कर्तव्यः। छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति। सुपा व्यत्ययः। तिङा व्यत्ययः। वर्णव्यत्ययः। लिङव्यत्ययः। पुरुषव्यत्ययः। कालव्यत्ययः। आत्मनेपदव्यत्ययः। परस्मैपदव्यत्ययः इति। (पाणिनिसूत्र-३।१।८५ 'व्यत्ययो बहुलम्' पर महाभाष्य)

ऐतिहासिकों का कहना है कि ऋग्वेद उस समय की रचना है जब आर्य सप्तसिन्धु-प्रदेश के आसपास विचरण करते थे। बाद में, आर्यजन मध्यदेश के मार्ग से होते हुए पूर्वी प्रदेश (वर्तमान बंगाल व बिहार आदि) तक पहुंचे। इस बीच, आर्यो का अनेक अनार्य कबीलो से सम्पर्क हुआ। अनार्यो ने आर्यो की छान्दस भाषा को सीखा तो ज़रूर लेकिन वे उसका शुद्ध उच्चारण न कर पाते थे, और वे आर्य-भाषा के शब्दो को तोड़-मरोड़ कर-विकृत रूप मे ही बोल पाते थे। आर्य लोगो ने अनेक स्थलो पर इस बात के प्रति अपना रोष प्रकट किया है कि आर्य भाषा के सरलतम शब्दो को भी अनार्य लोग बडी कठिनता से बोल पाते हैं[23]। ऐसे समय देश मे दो वर्ग ऐसे होगे जिनमे एक तो शुद्ध उच्चारण का अभ्यस्त, एवं कट्टरवादिता का समर्थक था। और दुसरा, शिथिलता-अशुद्ध उच्चारण का सहज समर्थक। पहले वर्ग मे उदीच्य (उत्तरी प्रदेश = आधुनिक पंजाब, पश्चिमोत्तर प्रदेश अर्थात अफगाणिस्थान तक का भूभाग) के निवासी थे, और दूसरे वर्ग मे थे प्राच्य देश (वर्तमान बिहार व बगाल के निवासी)। कौषीतकी ब्राह्मण मे स्पष्ट उल्लेख है कि उदीच्च प्रदेश के लोग शुद्ध उच्चारण करने मे अभ्यस्त है, दक्ष है, अन्य प्रदेश के लोग भाषा का शुद्ध उच्चारण सीखने हेतु उदीच्च लोगो के पास ही आते है, और जो उनके पास सही उच्चारण सीख कर आता है, उसका उच्चारणादि सुनना चाहते है।[24]

स्पष्ट है कि वैदिक युग मे छान्दस भाषा के अवांछित विकास (विक्रिया) को रोकने की ओर ऋषियों और विद्वानों का ध्यान था, किन्तु फिर भी, निश्चित व्याकरण के अभाव मे परिवर्तन होता रहा। इस स्वल्प परिवर्तन को वेद से लेकर ब्राह्मणो तक की भाषा मे देखा जा सकता है। 'ब्राह्मण' ग्रन्थो का प्रणयन ऋषियो द्वारा परस्पर की बोलचाल की, एवं अध्ययना-ध्यापनादि मे प्रयुक्त भाषा-जो ऋग्वेदिक साहित्यिक भाषा की तुलना मे अधिक विकसित रूप वाली थी-में किया गया माना जाता है। सम्भव है कि ब्राह्मणग्रन्थो के प्रणेता ऋषि भाषा-नीति मे कुछ उदारवादी रहे हो और प्राचीन शब्दो को अपनाने मे हिचकिचाहट न करते हो। कुछ भी हो, छान्दस भाषा मे दिन-प्रतिदिन ग्राम्य बोलियो के शब्दो एवं निपातो का प्रवेश होने लगा, जिससे भाषा मे विकल्पो (रूप-भेदो) की अधिकता बढ़ती गई और (व्याकरण-सम्मत) नियमो की शिथिलता घर करती गई।

पाणिनियुग-

पाणिनि (ई. पू. ४००) के समय तक आते-आते समाज मे चिन्तन-धारा भी काफी विकसित हो चुकी थी। लोकायतिक, नास्तिक-आस्तिक, नियतिवाद आदि दृष्टियां (दर्शन) चर्चा की विषय थी। (बृहदारण्यकादिक रूप मे) औपनिषदिक विचारधारा भी अस्तित्व मे आ चुकी थी। साहित्यिक संस्कृत पहले की अपेक्षा अधिक व्यापक व प्रतिष्ठित हो गई थी। जन-भाषा के दो रूप बन गए थे-(१) उदक् (उदीच्य), और (२) प्राक् (प्राच्य)।[25] प्राच्य भाषा मे तत्कालीन-द्रविड़ व मुण्डा भाषा का प्रभुत्व था।

---

२३. अदुरुक्तं वाक्यं दुरुक्तमाहुः, अदिक्षिताः दीक्षितवाचं वदन्ति। (ताण्डयब्राह्मण १७।४)

२४. तस्माद् उदीच्यां दिशि प्रज्ञाततरा वाग् उद्यत, उन्च उ एव यन्ति वाचं शिक्षितुं, यो वा तत आगच्छति, तस्य वा शुश्रूषन्त इति (कौषीतकिब्राह्मण, ७।६, एवं शांखायनब्राह्मण)।

२५. इरावती (शरावती) के पश्चिमोत्तर की भाषा उदक् थी, और दक्षिण-पूर्वी प्रदेश की भाषा

(Continued on next page)

अभिजात वर्ग मे जो भाषा प्रचलित थी या समादृत था, वह 'उदीच्य' थी। यही उस समय की परिनिष्ठित व शुद्ध भाषा मानी जाती थी। इस भाषा की शुद्धता की कीर्ति सर्वत्र व्याप्त थी प्राय. समाज के सभी लोग इसे बोलते-समझते थे। यही भाषा आगे 'चलकर, लौकिक सस्कृत' पद पर प्रतिष्ठित हुई। इसी भाषा को लक्ष्य कर यह कहा जाता है कि पाणिनि के समय मे 'संस्कृत' लोकप्रचलित भाषा थी।[26] वास्तविकता यह है कि इसका व्यवहार प्रमुख रूप से ब्राह्मण-वर्ग मे अधिक था। क्षत्रियादि मे इसका प्रयोग कुछ कम था, किन्तु वे अधिकांशतः इस भाषा को अच्छी तरह समझते थे, कुछ-कुछ बोल भी लेते थे। शूद्र वर्ग बोलने मे सक्षम न भी हो, पर वह प्रायः टूटा-फूटा अर्थ समझ लेते थे। निचले (शूद्र-) वर्ग मे अपेक्षाकृत जनभाषा (प्राकृत) का व्यवहार प्रचलित था।[27] सामान्य जनता मे जो भाषा प्रचलित थी, वह 'प्राकृत' कहलाई। इस भाषा मे भी प्रादेशिक स्तर पर विविधता आने लगी थी।

प्राच्य प्रदेश के लोगो ने अपनी देशी भाषा के आधार पर, कालान्तर मे, जिस साहित्यिक भाषा (रूप) का निर्माण किया, वह 'मागधी प्राकृत' के नाम से विशिष्ट स्थान बना सकी। ये प्राच्य-भाषा (मागधी)-भाषा लोक (तथाकथित अनार्य या म्लेच्छ। असुर) छान्दस भाषा के 'र' के स्थान पर 'ल' का उच्चारण करते थे, और इस प्रवृत्ति के प्रति उदीच्य वालो का घोर आक्रोश था (यद्यपि बाद मे 'रलया' : डलयोरभेद : कहकर अनार्य-प्रवृत्ति से समन्वय हुआ है)। महाभाष्यकार पतंजलि ने लिखा है कि 'असुर' लोग 'अरयः' के स्थान पर 'अलयः' बोलते हैं। अतः ब्राह्मण लोग इस प्रकार का अशुद्ध उच्चारण कर म्लेच्छत्व के भागी न बने।[28] यास्क (वि. पू. ८००) के समय तक छान्दस भाषा इतनी अधिक विकसित हो चुकी थी कि वैदिक मन्त्रो का अर्थ समझना दुरुह हो गया था। भगवान महावीर और बुद्ध (ई. पू. छठी शती) के समय तक उक्त प्राच्य-भाषा छान्दस तथा ब्राह्मण-ग्रन्थो की भाषा से इतनी दूर चली गई कि उदीच्य प्रदेश से आने आने वाले व्यक्ति के लिए इसे समझना कठिण हो गया था। इसी

(Continued from previous page)

प्राक्। प्रागुदंची विभजते हसः क्षीरोदके यथा। विदुषा शब्दसिद्धयर्थम्, सा नः पातु इरावती (काशिका—१।१।७५)॥ व्याकरण-शास्त्र मे शब्द-रूपो के भेद को व्यक्त करने के लिए प्राच्य-उदीच्य का विचार इरावती (शरावती) नदी से किया जाता था। देशोऽय भारतं वर्षं शरावत्यास्तु योऽवधेः। देशः प्राग्दक्षिणः प्राच्यः उदीच्यः पश्चिमोत्तरः (अमरकोश २।१।६—७)॥ शरावती सम्भवतः अम्बाला जिले की घग्घर नदी है।

२६. दूर से पुकारने (दूराद्धूते च—८।२।८४), अभिवादन का उत्तर देने (प्रत्यभिवादेऽशूद्रे ८।२।८३); प्रश्नोत्तर (पृष्टप्रतिवचने ८।२।९३), अथवा डांट-फटकार (भर्त्सने (८।२।९५) आदि व्यवहार के लिए पाणिनि व्याकरण के सूत्रो मे नियम निर्धारित है, जिनसे यह सिद्ध होता है कि उस समय सस्कृत, सामान्यतः, लोग-भाषा थी।

२७. द्रष्टव्य, पाणिनि-सूत्र-अशूद्रस्त्र्यसूयकेषु, भो राजन्यविशां च। (८।२।८३)

२८. तेऽसुरा हेलयो हेलय इति कुर्वन्तः परावभूवुः। तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै, नापभाषितवै। म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः (महाभाष्य, पस्पशाह्निक)। शतपथब्राह्मण मे भी कहा है- तेऽसुरा आत्तवचसो हे अलयो हे अलय इति वदन्तः परावभूवुः तस्मान्न ब्राह्मणो म्लेच्छेत्। असुर्या हि एषा वाक्।

दृष्टि से, भगवान महावीर और भगवान बुद्ध, दोनो ने ही अपने उपदेश लोक भाषा प्राकृत-पाली मे ही दिए। इस प्रकार, जैन और बौद्ध धर्मो के प्रवर्तन से भी प्राकृत को बल मिल रहा था। जो भाषाए अब तक प्राकृत जनो मे व्यवहृत थी, वे अब संस्कृत समाज मे भी छा जाने का उपक्रम करने लगी। संस्कृताभिमानी लोगों पर इसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। फलस्वरूप शिष्ट भाषा को अपभ्रंश से सुरक्षित करने हेतु सीमा-बन्ध के रूप मे 'व्याकरण'-निर्माण की अनिवार्यता उत्पन्न हुई, और इसकी पूर्णता पाणिनि की 'अष्टाध्यायी' की रचना के रूप मे हुई।[29]

आ) पाणिनि ने प्रत्येक प्रत्येक प्रान्त व प्रदेश मे प्रचलित संस्कृत के विशिष्ट रूपो को यथा सम्भव, स्वीकृत करने का यत्न किया।[30] उन्हे योग-प्रमाण व संज्ञा-प्रमाण दोनो पक्ष स्वीकार थे और उन्होने लोक मे प्रचलित रूढ सज्ञा को भी प्रमाण माना।[31] इस प्रकार पाणिनि ने संस्कृत का एक देशव्यापी रूप उपस्थापित किया।

इस समय नए-नए ग्रन्थ, अध्ययन के विषय, एवं शब्द जन्म ले रहे थे। गद्य और पद्य की एक नूतन भाषा-शैली उद्भूत हो रही थी। संस्कृत भाषा के विस्तार का क्षेत्र उत्तर मे कम्बोज-प्रकण्व (पामीर परगना) से लेकर पश्चिम कच्छ-काठियावाड, दक्षिण मे अश्मक (गोदावरी-तट का प्रदेश), और पूर्व मे कलिंग एवं सूरमस (असम की सूरमा नदी का पर्वतीय प्रदेश) तक विस्तृत था, ऐसा अष्टाध्यायी के भौगोलिक उल्लेखो से ज्ञात होता है। (इसके अतिरिक्त स्थानीय बोलियां तो थी ही।)

कहने की आवश्यकता नही कि उक्त व्याकरण की रचना करते समय आ-पाणिनि ने (जो स्वयं उत्तरी भाग मे तक्षशिला के पास स्थित 'शालातुर'[32] नामक स्थान के थे) उदीच्य प्रदेश की भाषा को मौलिक आधार बनाया। जैसे कि उदिच्य भाषा की शुद्धता की चर्चा पहले की जा चुकी है, पाणिनि का ऐसा करना उपयुक्त भी था। स्वच्छन्दता से बिगड़ती जा रही भाषा को आ-पाणिनि ने परिष्कृतता के सांचे मे स्थीर कर दिया, इसलिए इस भाषा को संस्कृत कहा जाने लगा। पाणिनि से पूर्व भी, शब्दविद्या के अन्य आचार्यो ने इस भाषा को नियमबद्ध

---

२९. द्र.-समवायांग सूत्र, ९८, आदिपुराण-२८।२५०, चुल्लवग्ग-५।३३।११, धर्मबिन्दु-प्रकरण-३३

३०. संस्कृत के प्राच्य व उदीच्य रूपो मे थोड़ा-बहुत भेद यास्क के समय से चला आ रहा था। बह्वर्थक वैदिक धातुओ के किसी अर्थ का प्रचार एक प्रदेश मे था और किसी अर्थ का दूसरे प्रदेश मे। यास्क ने भी कहा है कि 'शव' धातु गति अर्थ मे केवल कम्बोजो मे प्रचलित थी, आर्य जनपदो मे वह विकार अर्थ मे प्रयुक्त होती थी। 'दा' धातु काटने अर्थ मे प्राच्य देश मे व्यवहृत थी। उदीच्य जनपदो मे संज्ञा शब्द 'दात्र' काही प्रयोग प्रचलित था। शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाष्यते। विकारमस्यार्येषु भाषन्ते शव इति। दातिर्लवनार्थे प्राच्येषु दात्रमुदीच्येषु (निरुक्त-२।२।८) महाभाष्य पस्पशाह्निक, पृ. ६२

३१. अनिर्दिष्टस्यापि गुणस्य भवति लोके सम्प्रत्ययः (महाभाष्य २।१।५५ पर तथा–द्रष्टव्य म. भा. २।१।५३)।

३२. यह स्थान सिन्धु-कुभा सगम के कोने मे ओहिन्द से चार मील पश्चिम मे था। वर्तमान मे यह 'लहुर' है।

करने के प्रयत्न किये थे, पर वे एकांगी थे। उन सबमे पाणिनि व्याकरण विस्तार व गाम्भीर्य की दृष्टि से सर्वोत्तम (सीरमौर) सिद्ध हुआ। डॉ. सुनितिकुमार चटर्जी के शब्दो मे वैदिक भाषा और ब्राह्मण ग्रन्थो की साहित्यिक भाषा के पश्चात भारतीय आर्यभाषा का तिसरा रूप-साहित्यिक-संस्कृत-प्रतिष्ठित हुआ। फलतः यह उदिच्य बोलियो पर आधारित था, और मध्यदेश पूर्व तथा दक्षिण के भी अखिल ब्राह्मण जगत् ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया।[33]

रामायण-काल–

पाणिनि के उक्त महनीय प्रयत्न के बावजूद, प्राकृत (जनभाषा) का प्रवाह अवरुद्ध नही हुआ। रामायण-काल (ई पू. २००) तक आते-आते संस्कृत केवल द्विजाति-ब्राह्मण-वर्ग की भाषा बनकर रह गई।[34] सस्कृत की शुद्ध प्रयोग के प्रति व्याकरण की उपयोगिता अब भी मान्य थी।[35] व्याकरण के नौ सम्प्रदाय उस समय तक प्रसिद्ध थे।[36]

पतंजलि - काल–

आचार्य पतजलि (१५० ई. पू) के समय तक संस्कृत का प्रचार पाणिनि के समय की अपेक्षा कम हो गया। स्त्रियो मे संस्कृत का व्यवहार प्रायः उठ गया था।[37] क्षत्रियों व वैश्यों मे भी सस्कृत का व्यवहार कम हो गया था, यद्यपि वे सस्कृत को पूर्णतया समझ लेते थे। इन सबके बावजूद, संस्कृत शिष्ट[38] समाज को परस्पर बाधने वाली एकमात्र 'सम्पर्क-भाषा' थी। इसका शब्दकोष भी पूर्वापेक्षया अधिक समृद्ध हो गया था। कल्पसूत्र, धर्मशास्त्र आदि की रचना हो चुकी थी। वेदागसाहित्य उन्नति पर था। महाभारत का भी बृहित संस्करण अस्तित्व मे था। यज्ञीय सस्कृति के पुनरुत्थान का युग प्रारम्भ हो रहा था। यह सब था, किन्तु जनभाषा (प्राकृत) के विकास की गति अवरुद्ध नही थी, और हो भी कैसे सकती थी, क्योकि भाषा का विकास सर्वशक्तिशालिनी 'प्राकृत' के अधीन है। पतजलि के समय मे एक-एक शब्द के कई-कई जनभाषाई (अपभ्रश) रूप प्रचलित थे। जैसे, 'गो' शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका आदि प्राकृत रूप व्यवहार मे थे।[39]

---

३३. द्र-भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ. ७७

३४. यदि वाच प्रदास्यासी द्विजातिरिव संस्कृताम्। रावण मन्यमाना मां सीता भीता भविष्यति (वा. रामा. सुन्दरकाण्ड, ५।१४)। हनूमान् की उक्ति-यदि मै संस्कृत में बोलूगा तो सीता मुझे रावण (ब्राह्मण) समझ कर डर जाएगी।

३५. नून व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्। बहु व्याहरताऽ नेन न किञ्चिदपभाषितम् (वा. रामा किष्किन्धा, ३।२९)॥

३६. हनूमान् को 'नवव्याकरणार्थवेत्ता' (वा. रामा निष्किन्धा, २।२९) कहा गया है।

३७. अभिवादे स्त्रीवन्मा भूमेत्यध्येय व्याकरणम् (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, प्रयोजनाधिकरण)। प्राकृतम्-बालमहिलादिसुबोधं .. वचनमुच्यते (रुद्रट काव्यालकार २।१२ पर नमि-साधु)।

३८. अस्मिन्नार्यावर्ते निवासे ये ब्राह्मणाः कुम्भीधान्याः अलोलुपाः अगृह्यमाणकारणाः-तत्र भवन्तः शिष्टाः। शिष्टाः शब्देषु प्रमाणम्। (महाभाष्य, ६।३।१०९)

३९. एकैकस्य शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका-इत्यादयो बहवोऽपभ्रंशाः (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, वा. ६)।

पतंजलि द्वारा निर्दिष्ट गावी, गोणी आदि रूप तत्कालीन प्राकृत (जनभाषा) के ही हैं। गावी, गोणी शब्दों का प्राकृत मे प्रयोग विशेषावश्यक भाष्य' (ई. ६ठी-७वीं शती), तथा उस पर रचित कोटयाचार्यकृत वृत्ति (वि. ८वीं शती) में प्राप्त होता है।[40]

प्राकृत भाषाएं भी साहित्य-रचना मे प्रयुक्त होने लगी थीं। साहित्य मे प्रयुक्त प्राकृत शब्द संस्कृत भाषा मे भी प्रविष्ठ होने लगे थे, जिससे संस्कृत की अशुद्धता का भय वैयाकरणों को होने लगा था। शिष्ट जन भी व्यवहार मे व्याकरण के नियमो के प्रतिकूल प्रयोग कर जाते थे।[41] प्राचीनकाल मे भी, वैदिक भाषा मे अनेक देशी रूप घुल-मिल गए थे। जैसे, वैदिक भाषा के विकृत, किकृत, निकृत, दन्द्र - इनके जनभाषाई विकट, कीकट, निकट, दण्ड आदि रूप वैदिक भाषा में (शुद्ध रूप मे) मान्य हो ही गए थे। 'ट' आदि मूर्धन्य ध्वनिया भारत-जर्मनिक परिवार की किसी भाषा के सम्पर्क से संस्कृत मे समाविष्ट हुई-ऐसा भाषाविदों का मत है। यही कारण था कि लौकिक संस्कृत मे कथाममय शब्द-भण्डार बढता गया। उदाहरणार्थ, भद्रं ते, गोपेन्द्र - आदि शब्दो के प्राकृत रूप भदन्त व गोविन्द भी लौकिक संस्कृत मे प्रतिष्ठित हो गए। नूतन और नूत्न ये दोनों शब्द लौकिक संस्कृत मे प्रचलित है। निश्चय ही इन दोनो मे एक दूसरे का प्राकृत रूप है। विदेशियों के आक्रमण के समय अरबी व तुर्की आदि के शब्द भी संस्कृत मे समाविष्ट हो गए। अनेक संस्कृत शब्दों का प्रचलन समाप्त होकर, उनके तत्सदृश शब्दो का प्रचलन प्रारम्भ हो गया था।[42]

'जाने' के अर्थ मे सुराष्ट्र मे 'हम्म धातु का, मगध मे 'रंह' धातु का, और आर्य जनपदो मे 'गम' धातु का प्रयोग होता था।[43]

गति अर्थ मे 'शव' धातु का व्यवहार कम्बोजो मे ही सीमित हो गया, किन्तु आर्य लोग 'विकार' अर्थ में ही इसका प्रयोग करते थे। प्राच्यों मे काटने के अर्थ मे 'दाति' शब्द का प्रचार था, तो उदीच्य देशो मे 'दात्र' का।

---

४०. भग्गनिविट्ठं गोणि (विशेषावश्यक भाष्य, १४३८)।
शिष्याचार्ययोर्गोण्युदाहरणम्। एगस्स धुत्तस्स सव्वावयवसुंदरा गावी कहिंचि भग्गा (विशेषावश्यक भाष्य - १४३७ पर कोटयाचार्यकृत वृत्ति)।

४१. उदाहरणार्थ, 'सारथि' अर्थ मे व्याकरण-सम्मत प्रयोग था - प्रवेता। किन्तु लोक में 'प्राजिता' का प्रयोग ही प्रचलित था। आजकल भी अनेक व्याकरण - विरुद्ध प्रयोग प्रचलित हैं - जैसे अन्तर्राष्ट्रीय आदि। (द्र. - महाभाष्य - २।४।५६)

४२. 'ऊप' के अर्थ मे उषित, 'तेर' के अर्थ मे तीर्ण, 'चक्र' के अर्थ मे कृतवत् और 'पेच' के अर्थ मे पक्ववत् शब्द चल पडे थे। (यदेषा शब्दानामर्थेऽन्यान् शब्दान् प्रयुञ्जते। तद्यथा ऊपेत्यस्य शब्दस्यार्थे 'क्व यूयमुषिताः'। तेरेत्यस्यार्थे 'क्व यूयं तीर्णाः'। चक्रेत्यस्यार्थे 'क्व यूयं कृतवन्तः'। पेचेत्यस्यार्थे 'क्व यूयं पक्ववन्त' इति (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, पृ. ६०)

४३. शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाषितो भवति। विकार एनमार्याः भाषन्ते शव इति। हम्मतिः सुराष्ट्रेषु, रंहतिः प्राच्यमध्येषु, गमिमेव त्वार्याः प्रयुञ्जते। दातिर्लवनार्थे प्राच्येषु, दात्रमुदीच्येषु। (म. भा. पस्पशाह्निक, पृ. ६२)

संस्कृताग्रही ब्राह्मण एवं प्राकृत-समर्थक श्रमण-परम्परा मे विरोध के बीज का वपन होता जा रहा था।[44] ऐसी स्थिति में भाष्यकार पतजलि ने महाभाष्य की रचना कर भाषा की अशुद्धता से वेद की रक्षा के लिए ब्राह्मणों के लिए निष्काम भाव से व्याकरण के अध्ययन की प्रेरणा दी। उन्होने साधु शब्दों के प्रयोग से धर्म व अभ्युदया, तथा अशुद्ध प्रयोग से अधर्म व विनाश का भय भी प्रतिपादित किया।[45] उन्होंने शुष्क व्याकरण-सिद्धान्तो को लोक-व्यवहार के आधार पर सर्वजनग्राह्य बनाया। उसके प्रयत्न से प्राकृतो के बढ़ते प्रवाव पर कुछ अवरोध उत्पन्न हुआ। किन्तु व्याकरण की तुलना मे लोक-प्रयाग की प्रभुसत्ता, एव जनभाषा की नैसर्गिक स्वच्छन्दता का मान उन्हे भी था। (यहा तक कि पाणिनिकृत तथाकथित पातालविजय (या जाम्ववतीविजय) मे भी ११वी शती के नमि साधु (रुद्रटकृत काव्यालंकार के टीकाकार ने 'सन्ध्यावधू गृह्य करेण भानुः' इस पद्य को उद्धृत कर व्याकरण-विरुद्ध 'गृह्य' पद के प्रयोग पर ध्यान आकृष्ट किया है।) उक्त दृष्टि से आचार्य पतजलि ने शास्त्र की रचना करते हुए भी यही कहा कि शास्त्र तो व्यवस्था करनेवाला है,[46] वह तो साधु शब्दो के निर्माण से परिचित करा कर, लोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।[47] लिंगादि के प्रयोग का अधिकार तो लोकाश्रित ही है।[48]

महाभाष्यकार पतंजलि ने पाणिनि-व्याकरण की जो महत्ता स्थापित की, वह चिरस्थायी हो गई। यही कारण था कि कालान्तर में, जबकि अष्टाध्यायी (पाणिनि) के पठन-पाठन की परम्परा ह्रास-शील हो गई थी,[49] बौद्धो व जैनो ने भी सस्कृत व्याकरणों की रचना की। बौद्धाचार्य चन्द्रगोमी (ई. ५वी शती) ने 'चान्द्र व्याकरण'[50] लिखा। जैन विद्वान पूज्यपाद देवनन्दी (ई- ५वी शती) ने भी जैनेन्द्र व्याकरण के अतिरिक्त पाणिनि व्याकरण पर 'शब्दावतार' नामक न्यास (अनुपलब्ध)[51] की रचना की। शाकटायन ने (शक सं. ७३६–८५) शाकटायन (सस्कृत) व्याकरण की, तथा आचार्य हेमचन्द्र (१२वी शती ई.) ने सिद्धहैमशब्दानुशासन (संस्कृत व्याकरण की रचना की। इन सबके पीछे उद्देश्य स्वपरम्परा के लोगो के लिए

---

४४. येषां च विरोधः शाश्वतिकः इत्यस्यावकाशः-श्रमणब्राह्मणम्। (महाभाष्य-२।४।९)

४५. दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह। स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् (महाभाष्य, पस्पशाह्निक, प्रयोजनाधिकरण)।

४६. शास्त्रेण नाम व्यवस्थाकारिणा भवितव्यम् (महाभाष्य-३।१९१)। साधुत्व-ज्ञानविषया सैषा व्याकरण-स्मृतिः (वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड, १४२)।

४७. संस्कृत्य संस्कृत्य पदान्युत्सृज्यन्ते (महाभाष्य-१।१।१)।

४८ लिङ्गमशिष्य लोकाश्रयत्वात् लिंगस्य (महाभाष्य-२।१।३६)।

४९. देशान्तरादागमय्य व्याचक्षाणान् क्षमापतिः। प्रावर्तयत विच्छिन्न महाभाष्यं स्वमण्डले (राजतरंगिणी-४।४८८) ॥ नष्टो व्याकरणागमः। काले स दाक्षिणात्येषु ग्रन्थमात्रे व्यवस्थितः (वाक्यपदीय-२।४८९)।

५०. चन्द्राचार्यादिभिर्लब्ध्वा देशं तस्मात्तदागमम्। प्रवर्तितं महाभाष्यं स्वं च व्याकरणं स्मृतम् (राजतरंगिणी, तरंग-१, श्लो. १७६)।

५१. जैनेन्द्र निजशब्दभोगमतुलं... आख्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीना गणै (श्रवणबेल्गोल शिलालेख, क्रम स ४०, शक सं. १०८५)।

सरल व संक्षिप्त पध्दति का प्रस्तुतीकरण तथा भारतीय चिन्तन-धारा से जुडे रहने की प्रवृत्ति प्रतीत होती है।

(ड) प्राकृत भाषाओं का स्वर्णयुग :

इस प्रकार, संस्कृत व्याकरणकारो ने भाषा को 'असूर्यंपश्या राजदारा' की तरह जब मर्यादित कर दिया, वह (संस्कृत-भाषा) जनसामान्य से धीरे-धीरे सिमटती गई। दूसरी ओर, प्राकृत भाषाएं साहित्यिक रूप ग्रहण करने लगी थी। देखा जाय तो सब भाषाओं की मूल 'प्राकृत' (जन-भाषा) ही है। भाषा का मूल-स्रोत तो जन-सामान्य ही होता है, और वही भाषा को समर्थ रूप प्रदान करता है। प्रत्येक भाषा की प्रारम्भिक अवस्था 'देशी' कही जाती है, क्योंकि उसका मुख्य प्रवाह देश, लोग, समाज मे रहता है। पुनः वह विशिष्ट जनों द्वारा संवरती हुई, परिनिष्ठित व साहित्यिक बनकर, समाज मे विशिष्ट भाषा का स्थान ग्रहण करती है। राजशेखर (ई ९वी शती) नें उक्त दृष्टि से ही प्राकृत को संस्कृत का मूल कहा है।[52] वाक्पतिराज (ई ७६०) ने भी प्राकृत को भाषा-रूपी नदियों का उद्गम-स्रोत बताया है।[53] नमि साधु (११वी शती ई.) ने इसे 'सकलभाषानिबन्धनभूतवचन' कहा है।[54] यही कारण है कि परवर्ती विद्वान ने 'प्राकृत' को नाटकों मे अप्रबुद्ध जनसमुदाय व महिला-वर्ग की भाषा के रूप मे ही निरूपित किया है।[55]

वैदिक युग मे कोई जन-भाषा थी, जिससे 'छान्दस' (वैदिक) भाषा विकसित हुई। इस छान्दस को भी अनुशासित, तथा इसमे से विभाषा के तत्व को निष्कासित कर देने पर 'संस्कृत' भाषा अस्तित्व में आई। किन्तु संस्कृत व्याकरण के दुरूह नियमो से अपरिचित जन-सामान्य भाषा के स्वतन्त्र रूपो का निर्माण करता रहा। इस विकसित अर्वाचीन भाषा को जब साहित्यिक रूपता प्राप्त हुई तो वह प्राकृत (पालि, अर्द्धमागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री आदि) के रूप मे अस्तित्व मे आई। प्राकृत नामकरण से इसकी 'स्वाभाविक रूप से विकसित होने की स्वतन्त्र प्रवृत्ति' द्योतित होती है।[56]

---

५२. यद् योनिः किल संस्कृतस्य (बालरामायण, ४८)।

५३. सयलाओ इमं वाया विसंति, एत्तोय णेति वायाओ। एंति समुद्दं चिय णेति सायराओ च्चिय जलाइ (गउडवहो - ९३)।

५४. क) बालानपि सद्बोधकारिणी कर्णपेशला। तथापि प्राकृता भाषा (सिद्धर्षिकृत उपमिति-भवप्रपञ्चकथा, ई १०वी शती)। प्राकृतं बालमहिलादिसुबोधं (काव्यालंकार २।१२ पर नमिसाधु)। बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः (हरिभद्रसूरिकृत धर्मबिन्दुप्रकरण, ३३, ई. ८वी शती, तथा दशवैकालिवृत्ति-२०३)।

ख) द्र.- भरतनाटयशास्त्र १८।३०-३३, दशरूपक - २।६४-६६

५५. स्त्रीषु नाप्राकृतं वदेत्। संकीर्णं नाभिजातेषु नाप्रबुद्धेषु संस्कृतम् (सरस्वतीकण्ठाभरण, २।८, ई. ११वी शती)। द्र.- भरतनाटयशास्त्र - १८।३०-३३; दशरूपक - २।६४-६६

५६. प्रकृति यानी सहज भाषा-व्यवहार। उससे उत्पन्न भाषा को 'प्राकृत' नाम दिया है। अथवा, प्राक्+कृत, अर्थात् संस्कृत की अपेक्षा पूर्ववर्ती भाषा - प्राकृतेति सकलजगज्जन्तूनां

(Continued on next page)

भ. महावीर और भ. बुद्ध इसी भाषा मे उपदेश देते थे।[57] जैन मे लोकभाषा के प्रति इतना प्रेम था कि साधु के लिए विभिन्न देशों की भाषा (बोलियों) का ज्ञान होना अपेक्षित कहा गया।[58] मलधारी हेमचन्द्रसूरी (ई ११वी शती) ने कहा है कि जो देश-भाषाओ को नही जानता, वह धूर्तों द्वारा पद-पद पर वंचित हो जाता है।[59] अस्तु, प्राकृत रचना का श्रीगणेश ई. पू. ५०० के लगभग प्रारम्भ हो गया, भले ही उसका लिखित रूप बाद मे आया हो। प्रारम्भ मे प्राकृत के दो ही मुख्य रुप थे - पूर्वी (मागधी) और पश्चिमी (शौरसेनी)।

पूर्व की बोलियो मे साहित्य का नया जीवन प्रस्फुटित हुआ। पश्चिम की बोलियों मे साहित्य का श्रीगणेश कुछ बाद मे हुआ। मध्यदेश मे संस्कृत का प्रभाव बना रहा। प्राचीन और उदीच्य (संस्कृत) के मध्य भी एक ऐसी बोली थी जो न तो पश्चिमोत्तर उदीच्य की भांति रुढ़िबद्ध रही होगी, और न पूर्व की प्राच्या की तरह शिथिल व स्खलित ही। मध्यदेशीय इस बोली से अन्य प्राकृत - पाली - का उद्‌भव हुआ। इस पाली का परवर्ती रूप 'शौरसेनी' प्राकृत के रूप मे सामने आया। कुछ भाषावैज्ञानिक महाराष्ट्री को इस शौरसेनी का ही पश्चाद्वर्ती रुप मानते है। उक्त दोनो प्रदेशों के मध्य जन-साधारण मे एक अन्य बोली का भी प्रचलन था जिसमे मध्यदेशीय प्राच्या के तत्त्व मिश्रित थे। इस बोली का साहित्यिक रुप 'अर्धमागधी' नाम से पुकारा गया। बाद मे महाराष्ट्री का जन्म हुआ जो काफी समय तक एक परिनिष्ठित उच्च-स्तरीय साहित्यिक ललित भाषा के रूप मे प्रतिष्ठित रही।

लोकाश्रय के साथ-साथ, राज्याश्रय के भी प्राप्त होने से, प्राकृत को और भी बल मिला। सम्राट अशोक ने प्राकृत में ही राज्यादेश उत्कीर्ण कराये। कलिंग के राजाओ के शासन मे भी प्राकृत को प्रतिष्ठा मिली, सम्राट खारवेल (ई पूर्व १६६–१५२) ने हाथीगुम्फा (उडीसा प्रदेश के भुवनेश्वर से कुछ दूर उदयगिरि पर्वत पर बने एक गुफा मन्दिर) मे इतिहासप्रसिद्ध √ शिलालेख उत्कीर्ण कराया, जो प्राकृत मे ही है। खारवेल के युग मे ही लेखन कला का प्रचार हुआ, और जैन आगमो को लिपिबद्ध करने का सूत्रपात हुआ (जैन आगमो मे ब्राह्मी लिपी को श्रद्धा से नमस्कार किया गया है)[60]।

यही नही, वैदिक धर्मावलम्बी आन्ध्र-वंशी राजाओ ने भी प्राकृत को पूर्ण संरक्षण व संवर्धन प्रदान किया, और प्राकृत के अनेक कवियों को आश्रय दिया। सामान्य-जन मे भी प्राकृत भाषा रसिक चर्चा का माध्यम थी, जिसका निदर्शन 'गाथासप्तशती' (संग्रहकार आन्ध्रवंशी

(Continued from previous page)

व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। ... प्राक् पूर्व कृतं प्राक्कृतं बालमहिलादिसुबोध सकलभाषानिबन्धनभूत वचनमुच्यते (रुद्रटकृत काव्यालंकार - २।१२ पर नमिसाधु, ११वी शती)।

५७. समवायाग - ३४।१११, औपपातिकसूत्र ३३, भगवतीसूत्र - ५।१।९०, प्रज्ञापना सूत्र - १।७१

५८. बृहत्कल्पभाष्य (द्र. प्राकृत सा. का. इतिहास - जगदीशचन्द्र जैन, पृ. २२२)

५९. न मुणेइ देसभासा देसायार न नीइ- विन्नाणं। ततो धुत्तहि पए पए य वचिज्जए अबुहो (भवभावना - आ. हेमचन्द्र, ई. १२वी शती)।

६०. णमो बम्भीए लिविए (द्र.-भगवतीसूत्र, अनगारधर्मामृत=४।१५१

राजा शातवाहन-'हाल', ई. प्रथम शती) और 'वज्जालग्गं' (संकलनकार श्वेताम्बरमुनि जयवल्लभ, ई. ४थी शती व परवर्ती) मे देखा जा सकता हैं। आन्ध्रवंशी राजा गातवाहन (ई. २०-२४) के अन्तःपुर मे प्राकृत ही बोली जाती थी।[61]

शातवाहन राजा 'हाल' की विद्वत्-सभा के कवि पादलिप्तसूरि (विक्रम सम्वत १५१-२१९) ने 'तरंगवती' जैसी श्रेष्ठ प्राकृत कथा-कृति (अनुपलब्ध) की रचना कर परवर्ती साहित्यकारों के लिए मार्ग-निर्देशन प्रस्तुत किया (इस कृति का संक्षिप्त रूप नेमिचन्द्र गणि (१५वीं शती) कृत 'तरंगलोला' प्राप्य है)। आन्ध्रवंशीय शिलालेखों के अलावा, लंका, नेपाल, कांगडा, मथुरा आदि स्थानों मे प्राचीन शिलालेख प्राप्त हुए हैं जिनसे प्राकृत की जन-भाषा के रूप मे स्थिति प्रमाणित होती है। अजमेर (राजस्थान) से चालीस किलोमीटर दूर बारली ग्राम से एक प्राकृत अभिलेख प्राप्त हुआ है जो ई. पूर्व ४४३ का है। इसी के समकालीन दूसरा बौद्ध-शिलालेख बस्ती जिले (उत्तरप्रदेश) के पिपरहवा ग्राम से प्राप्त हुआ है। ई. पूर्व तीसरी शती का भी (राजा धर्मपाल का) एक सिक्का मिला है जो प्राकृत लेख से सयुक्त है। भारत के बाहर भी चीनी, तुर्किस्तान आदि मे, ब्राह्मी व खरोष्ठी लिपियो में प्राकृत लेख प्राप्त होते है जो तीसरी शती ई. के हैं।

आचार्य विमलसूरि (ई. १-२ शती) ने 'पउमचरियं' नामक जैन रामायण की रचना कर, प्राकृत भाषा को साहित्यिक काव्य-विधा के क्षेत्र मे जो सन्मान दिया वह उल्लेखनीय है। ई. चौथी शती मे संघदास गणी एवं धर्मदास गणी ने 'वसुदेवहिंडी' जेसी प्राकृत कथा की रचना प्रस्तुत कर, विश्वकथासाहित्य को समृद्ध किया है।

वाकाटकवंशी नरेश प्रवरसेन (ई. ४४०) तो स्वयं ही एक श्रेष्ट प्राकृत कवि थे। अनेक प्राकृत कवियों ने उनके यहां सम्मानित पद पाया था। कन्नौज के राजा यशोवर्मन (ई. आठवीं शती) के आश्रित 'वाक्पतिराज' कविने प्रसिद्ध 'गउडवहो' महाकाव्य की रचना की। इसी राज्य ने प्राकृत-सट्टक 'कर्पूरमंजरी' आदि के निर्माता राजशेखर जैसे विद्वान (ई. ९-१० शती) को प्रश्रय दिया था।

इस प्रकार, साहित्यिक क्षेत्र मे सस्कृत व प्राकृत भाषाए समान रूप से प्रतिष्ठित हो गयी। दोनो मिलकर समाज के सभी वर्गों को अनुरंजित करने लगी। यही कारण है कि महा-कवि कालिदास ने कुमारसम्भव में सरस्वती के मुख से संस्कृत व प्राकृत-दोनों भाषाओ द्वारा क्रम-क्रम से, 'वागर्थ-साहित्य' रूप शिव-पार्वती की स्तुति करायी है।[62] भरत कृत नाटयशास्त्र (ई. पूर्व ३ री शती से तीसरी शती ई. तक) में भी प्राकृत व संस्कृत दोनो के लोकमान्य होने का सकेत किया है।[63]

---

६१. श्रूयते च कुन्तलेषु सातवाहनो नाम राजा, तेन प्राकृतभाषात्मकमन्तःपुर एवेति समानं पूर्वेण (राजशेखर का काव्य-मीमांसा, पृ. ५०)।

६२. द्विधा प्रयुक्तेन च वाङ्मयेन सरस्वती तन्मिथुन नुनाव। संस्कारपूतेन वरं वरेण्यं वधू-मुखग्राह्यनिवन्धनेन ॥ (कुमारसम्भव-७।४०)

६३. प्राकृतं संस्कृतं चैव चातुर्वर्ण्य-समाश्रमम् (नाटयशास्त्र-१८।२८)।

'पाणिनि-शिक्षा' मे भी, सस्कृत-प्राकृत दोनो के वर्णों को ब्रह्मवाणी के रूप मे निरूपित किया गया है।[64] इसी कथन में स्वर से स्वर मिलाकर, जैन शास्त्रो मे भी प्राकृत व संस्कृत को ऋषिभाषित कहकर दोनो को समान आदर दिया गया है।[65]

प्राकृत भाषा की सहज सरसता व शृंगाररसोचितता के कारण, प्राकृत काव्यरचनाएं समाज के शिक्षित-अशिक्षित दोनों वर्गों मे लोकप्रिय हो गयी। कवि व विद्वान मुक्तकण्ठ से प्राकृत के गुणगान करने लगे।

(च) प्राकृत का यशोगान

गाथा सप्तशती (ई. १।४ शती) के अनुसार अमृतसम माधुर्यसम्पन्न प्राकृत भाषा को छोड़कर, अन्य किसी भाषा के माध्यम से, प्रणय व सौन्दर्य चित्रण आदि कामचर्चा मे प्रवृत्त होने वाले को स्वयं पर लज्जित होना चाहिए।[66]

जयवल्लभ (ई. ४थी शती) के मत मे, मधुर व ललित वर्णो वाली शृगारोचित प्राकृत भाषा में रचित काव्यो के रहते हुए, सस्कृत काव्य को कौन पढ़ना चाहेगा?[67] आठवी शती के वाक्पतिराज के अनुसार, सृष्टि के प्रारम्भ से ही नूतन-नूतन अर्थों से युक्त सुन्दर कृतियां यदि कहीं है तो प्राकृत मे ही।[68] राजशेखर (ई. ९वी. शती) ने कहा कि प्राकृत के सामने संस्कृत भाषा कटु (कड़ुवी) प्रतीत होती है,[69] तथा जितना अन्तर स्त्रियो व पुरुषो की वाणियों मे मधुरता की दृष्टि से होता है, उतना ही अन्तर प्राकृत व संस्कृत मे स्पष्ट है।[70]

आर्यासप्तशती-कार (१५वी शती) गोवर्द्धनाचार्य की दृष्टि में प्राकृत ही शृंगार-रस की रचना के लिए उपयुक्त है, संस्कृत के साथ शृगार-रस को जोड़ना एक तरह से बल-प्रयोग ही है।[71]

---

६४. प्राकृते संस्कृते चापि स्वयम्प्रोक्ताः स्वयम्भुवा (पाणिनि शिक्षा, ३)।

६५. सक्कया पायया चेव भणिईत्यो होंति दोण्णिया। एरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिया (अनुयोगद्वार सूत्र, वि. दूसरी शती, सूत्र-१२६, गाथा-११, द्रष्टव्य-सुत्तागमो भा २, पृ. १११७; तथा स्थानांग सूत्र-७।४८।१०-ब्यावर प्रकाशन, पृ ५८७)

६६. अमिअं पाइअकव्व पढिउ सोउ अ जे ण जाणति। कामस्स तत्ततत्ति कुणंति ते कहं ण लज्जंति (गाथा-सप्तशती-१।२)॥

६७. ललिए महुरक्खरए जुवईजणवल्लहे ससिंगारे। सते पाइयकव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं (वज्जालग्गं)

६८. णवमत्थदंसण-सनिवेससिसिराओ बंधरिद्धीओ। अविरलमिणमो आभुवनबंधमिह णवर-पययम्मि (गउडवहो-९२)॥

६९. यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन् मोदते। यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः। (बालरामायण-४८-४९)॥

७०. परुसा सक्कयबंधा, पाउअबंधो वि होइ सुउमारो। पुरिसमहिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं (कर्पूरमंजरी-१।८)॥

७१. वाणी प्राकृतसमुचितरसा बलेनैव संस्कृतं नीता (आर्यासप्तशती, १।५२)।

दार्शनिक व धार्मिक क्षेत्र मे भी स्वतन्त्र ग्रन्थों का प्रणयन हुआ, जिसमें आचार्य गुणधर कृत 'कसायपाहुड़' (ई. ४७–१०१), पुष्पदन्त व भूतबलि कृत षट्-खण्डागम (६६–१५६ ई.) आचार्य कुन्दकुन्द (ई.१–२ शती) कृत प्रवचनसार, समयसार, पंचास्तिकाय, अष्टपाहुड आदि ग्रन्थ शिवार्यकृत भगवती आराधना (ई. प्रथम शती), तथा जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण (ई. ६ठी शती) कृत विशेषावश्यक भाष्य आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस प्रकार, क्रमशः प्राकृत का भी उन्नयन हुआ, और उसे भी साहित्यिक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। आचार्य भरत ने नाटकों मे भी पात्रों के अनुरूप, प्राकृत आदि भाषा के प्रयोग की प्रेरणा दी है।[72]

महाकवि कालिदास (ई प्रथम शती) अश्वघोष (ई. १–२ शती), भास (ई. ३री शती) शूद्रक (ई. ५वी शती), तथा विशाखदत्त (६ठी शती उत्त.) आदि कृत नाटकों में प्राकृतों का प्रयोग जन-सामान्य मे प्राकृत के व्यवहार को पुष्ट करने हेतु पर्याप्त है।

भरत (ई. पू. ३री शती से ३री शती ई.) के अनुसार नायक आदि उच्च वर्ग की भाषा संस्कृत होनी चाहिए, किन्तु वे ऐश्वर्य से च्युत हों, या प्रमत्त हो, तो उनकी भाषा प्राकृत होनी चाहिए। भरत ने श्रमण, भिक्षु, स्त्री, बालक की भाषा 'प्राकृत' निर्धारित की है।[73] अन्तःपुर मे मागधी, राजपुत्रों द्वारा अर्धमागधी, विदुषकादि द्वारा प्राच्या, नायिका-आदि द्वारा शौरसेनी (आवन्ती) का प्रयोग नाटक-शास्त्रोचित है।[74] दशरूपक (ई ९९४–१०१८) के कर्ता धनंजय के अनुसार, उच्च वर्गो (कुछ जगह महारानी व वेश्या भी) की भाषा संस्कृत, स्त्रियों की सामान्यतः प्राकृत, सामान्य (अवर) वर्ग की भाषा शौरसेनी, तथा अत्यन्त नीच व्यक्तियों की भाषा पैशाची होती है।[75]

(छ) अपभ्रंशादि भाषाएं और जैन साहित्य

संस्कृत की भांति प्राकृत की शुद्धता बनाए रखने हेतु व्याकरण का निर्माण प्रारम्भ हुआ। भरत-कृत नाटयशास्त्र में प्राकृत-व्याकरण के नियम निरूपित किये गए मिलते हैं।[76] चन्द्रकृत (ई. ३–४ शती) 'प्राकृत लक्षण', आचार्य वररुचि कृत (ई ४–६ठी शती) 'प्राकृत-प्रकाश' आदि स्वतन्त्र प्राकृत व्याकरण लिखे गये। काल-क्रम से, संस्कृत की तरह, प्राकृत भी

---

७२. नाटके सम्प्रयोक्तव्या वेशभाषाक्रियान्वितः (नाटयशास्त्र - २४।८०)। यद्देश नीचपात्रं स्यात् तद्देशं तस्य भाषितम्। कार्यतश्चोत्तमादीनां कार्यो भाषाव्यतिक्रमः (दशरूपक २।६६)।

७३. नाटयशास्त्र - १८।३०–३३

७४. नाटयशास्त्र - १८।३७–४०

७५. देशभाषाक्रियावेशलक्षणाः स्युः प्रवृत्तयः। लोकादेवावगम्यैताः यथौचित्यं प्रयोजयेत्॥ पाठ्यं तु संस्कृत नृणामनीचाना कृतात्मनाम्। लिंगिनीनां महादेव्या मंत्रिजा-वेश्ययोः क्वचित्॥ स्त्रीणा तु प्राकृतं प्रायः शौरसेन्याधमेषु च। पिशाचात्यन्तनीचादौ पैशाचं मागधं तथा॥ (दशरूपक २।६३–६६)॥

७६. द्र. नाटयशास्त्र - १८।५–२३

जन-भाषा से दूर हटती चली गई। जन-भाषा का विकास जारी रहा। वह जन-भाषा 'अपभ्रंश' रूप में साहित्यिक जगत मे प्रतिष्ठित हुई।[77]

ई. छठी शती मे अपभ्रंश भाषा के रूप मे लोक-जीवन को आकर्षित करने लगी थी। भामह (ई. छठी शती) ने काव्यालकार मे अपभ्रश का उल्लेख संकृत व प्राकृत के समकक्ष साहित्यिक भाषा के रूप मे किया है।[78] इसके वाद दण्डी (९वी शती) ने काव्यादर्श में सस्कृत प्राकृत, अपभ्रंश के साथ मिश्र भाषा इस प्रकार चार भाषाओं का निरूपण किया है। उद्योतनसूरि (८वी शती) ने कुवलयमाला में, आचार्य रुद्रट (९वी शती) ने काव्यालंकार मे भी साहित्यिक प्राकृतो मे अपभ्रंष के प्रति सम्मानपूर्ण भाव व्यक्त किया है। राजशेखर (१०वी शती) (काव्य-मीमासाकार) के समय तक अपभ्रष राजसभा व विद्वत्परिषदो में समादृत हो गई थी। सरस्वतीकण्ठाभरण (११वी शती) मे अपभ्रंष को सुकव्य-अर्थात काव्योपयोगी वताया गया है।[79]

विद्यापति (ई. १४वी शती) के समय तक आते-आते अपभ्रश की तुलनामें प्राकृत काव्य भी विद्वज्जन-वोध्य हो गए थे और देशी भाषाए लोकप्रिय हो गई थी।[80] काश्यपगोत्रीय ब्राह्मण पुष्पदन्त कवि (ई. १०वी शती) ने राष्ट्रकुट-शासन मे 'महापुराण' जैसी सरस काव्य की रचना कर, अपभ्रश को पूर्ण रूप से साहित्यिक क्षेत्र मे प्रतिष्ठित कर दिया। कालान्तर में इसका प्रभाव वढ़ता ही गया। स्वयं संस्कृत के विद्वान मनीषी-जिनके पूर्वजों ने कभी इसे 'अपभ्रंश' कहकर तिरस्कृत किया था-इस अंगीकार करने लगे। इस भाषा ने राष्ट्रव्यापि रूप पाया। अपभ्रंष को राष्ट्रव्यापी महत्व दिलाने मे मान्यखेट के जैनधर्मावलम्वी राष्ट्रकूट (७-१०वी शती), वंगाल के वौद्ध-धर्मानुयायी पाल शासक, तथा गुजरात के सोलकी चालुक्य राजाओं (ई. ११-१२वी शती) का प्रमुख हाथ रहा है।

आचार्य पुष्पदन्त (ई. १०-११वी शती) का यह वर्णन कि भगवान ऋषभदेव ने संस्कृत प्राकृत व अपभ्रंश में रचना कर काव्य का सृजन करना सिखाया[81] इस तथ्य को पुष्ट करता है कि इस काल तक जैन समाज मे उक्त सभी भाषाएं समादृत हो गई थी।

समग्र रूप में यह भाषा अपने युग की जातीय भवोन्मेष चेतना का वाहक वनी थी। जव संस्कृत, पालि, प्राकृत मे तर्कजाल, दार्शनिक दुरूहता, पिष्ट पेंषणता, पाण्डित्य-प्रदर्शन, अलंकारिक वोझिलता, अर्थ की कठिनता, चरित्रों की एकरसता का साम्राज्य था तव जनजीवन

---

७७. प्राकृतमेवापभ्रंशः (रुद्रटकृत काव्यालंकार की नमिसाधुकृत टीका, ११वी शती)।

७८. काव्यालंकार-१।१६ (काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा। संस्कृतं प्राकृतं चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा)। छठी शती के एक ताम्रपत्र (राजा धारसेन द्वितीय से सम्वद्ध) में भी तीन भाषओं की चर्चा है (संस्कृत-प्राकृत-अपभ्रंशभाषात्रय-प्रतिवद्धप्रवन्धरचनानिपुणान्तः-करणः)।

७९. सरस्वतीकण्ठाभरण-२।१६

८०. सक्कउ वाणी वहुअ न भावइ। पाउव रस को मम्म न पावइ। देसिल-वअना सव जन-मिट्ठा। तैं तैसन जम्पअ अवहट्ठा (विद्यापति)॥

८१ द्र. महापुराण-५।१८

के लिए अपभ्रंश एक नई आशा-किरण बनकर आई। उसमे सहजता और सरलता थी। जीवन का नया उत्साह और आवेग था। लोक जीवन का सस्पर्श था। लोक कथा और ग्राम्य गीतों की मधुरता थी। आभीर, गुर्जर आदि लोक-जातियों की स्वच्छन्दता और उन्मुक्तता थी। धार्मिक जीवन की उदात्तता के साथ जीवन के सरस प्रवाह की एकतानता थी। चरित्रों में वास्तविक जीवन का यथार्थ था।

अपभ्रंश जब साहित्य में जडीभूत और अवरुद्ध हो गई तो उसमे स्थानिय लोकतत्त्वों का समावेश अनिवार्य हो गया। परिणामस्वरूप स्थानीय भेद से विभिन्न नव्य भारतीय आर्य-भाषाओं - हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगाली, उड़िया, असमिया आदि का उदय हुआ। इस प्रकार अपभ्रश का विकार या विकास ही हिन्दी अथवा अन्य भाषाएं है।

इस प्रकार, भारतवर्ष में जन-भाषा के विविध रूप अंकुरित, पुष्पित व परिवर्धित होते रहे हैं। तत्कालीन आचार्य यथासमय उनका आकलन व मूल्यांकन करते रहे हैं। सस्कृत प्राकृत अपभ्रंश आदि प्रमुख साहित्यिक भाषाओं के अतिरिक्त, उनके समानान्तर कई देशी भाषाए भी अस्तित्व में रही हैं। ये सभी भाषाएं मिलकर वाङ्मयात्मक के काव्यपुरुष के विविध अगो का निर्माण करती है, अर्थात प्रत्येक भाषा का, शरीर में अगो की तरह, अपना-अपना वैशिष्ट्य है। इसीलिए आचार्य राजशेखर (ई नौवी शती) ने शब्दार्थात्मक, रसात्मक 'काव्यपुरुष' का मुख संस्कृत को बताते हुए, प्राकृत को बाहु, अपभ्रंश को जघन, पैशाची को पाद, मिश्र भाषा को जघन बताया है।[82]

भरतमुनि (ई. पू. ३री शती से ३री शती ई. प तक) कृत नाटयशास्त्र मे शौरसेनी, अर्धमागधी, वाल्हीका, दाक्षिणात्या - इन सात भाषाओं का उल्लेख है। वररुची कृत प्राकृत प्रकाश (ई. ४–६ शती) में प्राकृत, पैशाची, मागधी, शौरसेनी, रुद्रट (ई ६वी शती से पूर्व) कृत 'काव्यालंकार'[83] मे प्राकृत, सस्कृत, मागधी, पैशाची, शौरसेनी, अपभ्रंश और राजशेखर (ई. १०वी शती) कृत काव्यमीमासा में संस्कृत, प्राकृत अपभ्रश, पैशाची - इन भाषाओं का नामोल्लेख प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त, आचार्य यतिवृषभ (ई. ५४०–६०९) कृत तिलोयपण्णत्ति मे,[84] तथा निशीथचूर्णी मे, और कुवलयमाला (ई. ८वी शती) मे १८ देशी भाषाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।

उक्त सभी जन-भाषाओं मे जैन मनीषियो ने भारतीय वाङमय के विविध विषयो - जैसे धर्म, दर्शन, न्याय, आचार, नीति, कथा, काव्य, तन्त्र-मन्त्र आदि - पर अपनी लेखनी चलायी है, और भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है।

आचार्य हेमचन्द्र और महापराक्रमी गुर्जरेश्वर जयसिंह सिद्धराज की प्रतिभासम्मिश्रण से गुजरात की सांस्कृतिक उन्नति चरम सीमा पर पहुची। सिद्धराज युद्धविजेता थे, तो हेमचन्द्र वैराग्य व अध्यात्मचिन्तन के धनी थे। इन दोनों का सगम गुजरात के लिए अकृतपूर्व सांस्कृ-

---

८२. शब्दार्थौ ते शरीरम्, संस्कृत मुखम्, प्राकृतं बाहुः, जघनमपभ्रंशः, ... पैशाचं पादौ उरो मिश्रम् .. रस आत्मा (काव्यमीमासा, अ. ३, पृ ६)

८३. काव्यालंकार २।१२

८४. तिलोय-पण्णत्ति ४।२२६७

तिक अभ्युदय का कारण माना जाता है। कुमारपाल जैसे सातों व्यसनों के सेवक एवं ऐश्वर्य के विलासमय जीवन में डूबे राजा को आचार्य हेमचन्द्र ने परमधार्मिक बनाकर अहिंसा की सीमा विस्तीर्ण की, और लोगों में उज्वल आचार-भूमिका का निर्माण किया। संक्षेप में गुजरात की प्रसुप्त सांस्कृतिक चेतना को जगने वाले आचार्य हेमचन्द्र ने गुजरात में एक नये युग का निर्माण किया।

इसी तरह, मराठी वाङमय में जैन विद्वानों की कृतियों का ढेर है। जैन आचार्यों ने मराठी भाषा में मौलिक ग्रन्थों का तो निर्णय किया ही, साथ ही संस्कृत के ग्रन्थों का अनुवाद भी किया।

आचार्य हेमचन्द्र ने संस्कृत और जैन संस्कृति का प्रचार गुजरात में किया, उसी तरह सुप्रसिद्ध दार्शनिक आचार्य विद्यानन्द के साहित्यिक कार्यों और जैन शासन का प्रचार-क्षेत्र मैसूर राज्य रहा है। आ. विद्यानन्द (ई. ७७५–८४०) गगनरेग शिवमार द्वितीय, और राचमल्ल सत्यवाक्य प्रथम के समकालीन थे। आचार्य विद्यानन्द की प्रतिमा दर्शनजात में सर्वविदित है। उन्होंने (तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक में) घोषणा की कि ब्राह्मणत्व आदि जातियां सम्यग्दर्शनादि गुणों तथा मिथ्यात्वादि दोषों से व्यवस्थित है, न कि जन्मगत अधिकार से। कोई भी जाति नित्य और अनादि नहीं है। इस तरह के उदार विचार देश के सांस्कृतिक एकता की स्थापना के लिए महत्त्वपूर्ण है।

दक्षिण भारत में जैन आचार्यों ने सांस्कृतिक एकता का प्रसार किया। मि. फ्रेर ने 'भारत के साहित्यिक इतिहास' नामक ग्रन्थ में लिखा है कि यह जैनों के ही प्रयत्नों का फल था कि दक्षिण में नये आदर्शों; नये साहित्य और नये भाव का संचार हुआ। रामस्वामि अय्यगार के मत में तमिल भाषा में संस्कृत शब्दों का उपयोग पहले-पहले सबसे अधिक जैनों ने ही किया। संस्कृत शब्दों को उच्चारण की सुगमता की दृष्टि से यथेष्ट रूप में परिवर्तित किया। तमिल साहित्य भी जैनों के संरक्षण में ही विकास की चरम सीमा पर पहुंचा।

कन्नड साहित्य का ई. ६वीं शती से लेकर १२वीं शती तक का इतिहास जैनों के ग्रन्थों से ही पूर्ण है। इस काल में सभी प्राचीन व श्रेष्ठ कृतियां जैन कवियों की ही हैं। महाकवि अग्गल (ई. ११८९) जैसे कवियों ने सर्वप्रथम संस्कृत भाषा के बहुमूल्य सुन्दर भूषणों को पहना कर कन्नड सरस्वती को सजाया। यह सब जैन आचार्यों और विद्वानों के इस क्षेत्र में विचरण और उनकी जन सम्पर्कवृत्ति का प्रभाव है।

ऊपर के विवेचन से स्पष्ट है कि लोकभाषा के प्रति लगाव और उसकी सुरक्षा जैनधर्म का बहुत बड़ा प्रदेय (योगादान) है, दूसरे, उसने प्रत्येक युग के भाषा-साहित्य को पुरी प्रामाणिकता के साथ सुरक्षित रखा, जो भारतीय भाषा और साहित्य की निरन्तरता और विकास को समझने में बहुत सहायक है; तीसरे, लोकभाषा को धर्म का माध्यम बनाने पर बल देकर उसने धर्म चेतना और जनता के बीच जीवित सम्पर्क रखा। इसका फल यह हुआ कि मध्ययुग में राजनैतिक रूप से पराजित होने पर भी, भारत सांस्कृतिक दृष्टि से अपराजेय रहा। इतना ही नहीं, इस चेतना से उसने पुनः राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की प्रेरणा ली; जैन धर्म भी इस लोक-चेतना की उपेक्षा नहीं कर सका।

(ज) देववाणी प्राकृत

जैन धर्म एक सर्वोदय धर्म है ।[85] सामान्य जनता से लेकर उच्चवर्ग तक, वह सुख व शान्ति का उपदेश प्रदान करता है ।[86] इसलिए, जैन साहित्य की रचना बहुमान्य लोकभाषा में ही हुई । भगवान् महावीर ने अपने विहार-क्षेत्र की लोकभाषा 'अर्धमागधी' प्राकृत में ही अपने उपदेश दिये ।[87]

जिस प्रकार वैदिक संस्कृति मे संस्कृत को देववाणी का दर्जा प्राप्त था,[88] उसी तरह जैन संस्कृति मे प्राकृत को परमेष्ठी देव की वाणी होने के कारण, 'देववाणी' की संज्ञा प्राप्त हुई ।[89]

अर्धमागधी-प्राकृत व ब्राह्मी लिपि व्यवहार करने वालो को जैन शास्त्रों मे 'भाषार्य' की संज्ञा दी गयी ।[90]

(झ) जैनोंद्वारा संस्कृत व संस्कृति की सेवा

भारतीय इतिहास मे ई. पू. १८४ में शुंग वंश के पुष्यमित्र ने मौर्य वंश का अन्त कर मगध का शासन स्वायत्त किया । यह पुष्यमित्र ब्राह्मण धर्म का अनुयायी और श्रमण धर्म का विरोधी था । अतः इसके राज्यकाल मे प्राकृत की अवहेलना और संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान हुआ । इसी समय, पतंजलि ने महाभाष्य की रचना की । गृह्य-धर्म-श्रौतसूत्रोंका रचना काल भी यही है । महाभारत का संस्करण भी तभी हुआ माना जाता है । धीरे-धीरे, संस्कृत भाषा तार्किकों के लिए एक अमोघ अस्त्र बन गई । इस स्थिति मे जैन आचार्यों को भी अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए संस्कृत भाषा का आश्रय लेना पड़ा ।

---

८५. सर्वापदामन्तकरं निरन्तं सर्वोदयं तीर्थमिदं तवैव (युक्त्यनुशासन, ६१) ।

८६. उच्चावचजनप्रायः समयोयं जिनेशिनाम् । नैकस्मिन्पुरुषे तिष्ठेत् एकस्तम्भ इवालयः (यशस्तिलक-आ. ८) ।। चतुर्वर्णफला सार्था चतुर्वर्गसमाश्रया (हरिवंश पुराण-जैन ५८।३) । सर्वार्धमागधीया भाषा मैत्री च सर्वजनताविषया (नन्दीश्वरभक्ति-४२) ।

८७. उद्गमागहा भाषा-तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाण अप्पणो समासाए परिणामेण परिणमइ (औपपातिक सूत्र-३३, सुत्तागमो-१, भाग, पृ. ३४५-४६) । समवायांग ३४, सुत्तागमो-१ भाग, पृ. ३४६

८८. संस्कृतं नाम दैवी वाग्, अन्वाख्याता महर्षिभिः (दण्डीकृत काव्यादर्श-१।३३) । संस्कृतं स्वर्गिणां भाषा शब्दशास्त्रेषु निश्चिता (वाग्भटकृत काव्यालंकार-२।२) । विन्देम देवतां वाचम् अमृतामात्मनः कलाम् (उत्तररामचरित) । देवाद्याः संस्कृतं प्राहुः, प्राकृतं किन्नरादयः (सरस्वतीकण्ठाभरण, २।९, ११वी शती) ।।

८९. दिव्यभाषा तवाशेषभाषाभेदानुकारिणी (आदि पुराण-३३।४८) । त्वन्मुखात् प्रसृता वाणी दिव्या (वही-१।१८९) । नानाभाषात्मिकां दिव्यभाषामेकात्मिकामपि (वही, ३३।१२०) । आरिसवयणे सिद्धे देवाणं अद्धमागहा वाणी (रुद्रटकृत काव्यालंकार-२।१२) । त्वद्-दिव्यवाक् (आदि पु. २३।१५४) ।

९०. भासारिया जे ण अद्धमागहीए भासाए भासंति । जत्थ वि यं बंभी लिवि पवत्तई (पन्नवणा सुत्त-५९) ।

जैन व बौद्ध-दोनो ने प्रारम्भ मे, लोक भाषा की तुलना मे संस्कृत को कम आदर दिया। भ. बुद्ध ने अपने शिष्यो को अपनी-अपनी भाषाओ में ही उपदेश प्रसारित करने की अनुज्ञा दी थी।[91] जब संस्कृत भाषा का प्रभाव देश मे बढ़ा और शुंग वंश के शासन मे राज्याश्रय भी प्राप्त हो गया, ऐसी स्थिति मे जैनों ने भी प्राकृत के साथ-साथ संस्कृत में भी स्वतन्त्र ग्रन्थ रचने का सूत्रपात किया।

जैन आचार्यो मे संस्कृत मे स्वतन्त्र ग्रथों की रचना का श्रेय आचार्य उमास्वाती को है। ये सम्भवतः (१–२ शती) पहले विद्वान है जिन्होंने विविध आगम ग्रन्थो मे बिखरे हुए जैन तत्वज्ञान को योग, वैशेषिक आदि दर्शन ग्रन्थो के समान सूत्रबद्ध किया और उसे तत्त्वार्थाधिगम या अर्हत्प्रवचन के रूप मे सामने रखा। इन्होंने सर्वप्रथम यह अनुभव किया कि विद्वत्समाज की भाषा संस्कृत बन रही है, इसलिए जैन दर्शन, संस्कृत में लिखे जाने पर ही, विद्वानों का ग्राह्य विषय बन सकेगा। चुंकि ये ब्राह्मण कुल मे उत्पन्न हुए थे, इसलिए संस्कृत का अभ्यास होने के कारण इस भाषा मे ग्रन्थनिर्माण करना उनके लिए सहज था। वाचक उमास्वाती आगमिक विद्वान् थे। अत: उनकी सभी रचनाएं आगम-परिपाटी को लिए हुए हैं। उमास्वाती का तत्त्वार्थसूत्र जहां जैन तत्वज्ञान का आदिम संस्कृत ग्रन्थ है, वहा जैन धर्म व आचार का निरूपण करने वाला उनका 'प्रशमरतिप्रकरण' ग्रन्थ भी अपनी श्रेणी का एक विशिष्ट ग्रन्थ है।

The universe is real because it is protected by the Lord.[36] And also being protected by the Lord the universe is not created by perception alone.[37] Thus, has the Lord a direct knowledge of the falsity of universe or not ? If He has a direct knowledge of the falsity of the universe, then why should He have any inclination to protect it, and if He has not, then He cannot be held to be omniscient, and, the text : "who is omniscient, all-knowing",[38] would be contradicted.[39]

If it be objected : just as a magician protects false objects, so the Lord protects the false universe, To this, it could be said that the example quoted is not correct,[40] because the magician simply shows real objects, which are past or in some other places through the power of gems, mantras etc., but never knows

34. *Ibid.*
35. *Śrutyanta-kalpavallī*, p. 110.
36. (A) *Śrutyanta-suradruma*, p. 218.
    (B) *Śrutyanta-kalpavallī*, p. 110.
37. *Śrutyanta-suradrum*, p. 218.
38. *Mundakopaniṣad*, 1. 1. 9, 2. 2 7.
39. *Śrutyanta-kalpavallī*, p. 110
40. *Śrutyanta-suradruma*, p. 218.

them directly nor protects them. But the Lord being omniscient cannot wish to protect what is false (*mithyā*).[41] Hence, it is concluded that the entire universe is real, because it is created and protected by the Lord, and serves the practical ends, but is never created by perception alone.[42]

To sum up, it can be said that the doctrine of *Dṛṣṭi-sṛṣṭi-vāda* is evidently absurd. This doctrine denies the permanence of the universe and contradicts the Śrutis which assert its permanence. On this view, the effect being of the form of perception only, cannot be said to be due to its own particular cause. Objects like pots etc., have no existence beyond the particular perceptions of particular individuals, and this makes ordinary activity impossible. Illusion itself becomes impossible. Liberation itself being created by perception only becomes false like dream-liberation. This doctrine also fails to explain the fact of recognition (*pratyabhijñā*), such as 'this is that pot'. At least, on this view, the entire universe, being created by perception only, becomes false (*mithyā*).

---

41. *Śrutyanta-kalpavallī*, p. 110.
42. (A) *Śrutyanta-kalpavallī*, p. 110.
(B) *Śrutyanta-suradruma*, p. 218.

ŚRUTI PASSAGES AND VALLABHA

By

S. S. AMONKAR

Prasthānatrayī consists of *Upaniṣads*, *Brahmasūtras* and *Bhagavadgītā*. This *Prasthānatrayī* was commentated upon by Śaṅkarācārya, Rāmānujācārya, Madhvacārya and Vallabhācārya. Each one of these Ācāryas propagated his own philosophy through the medium of his commentary on *Prasthānatrayī*.

Vallabhācārya, (1500 A. D.) one of these Ācāryas, propagated *Śuddhādvaita* philosophy through all his works. शुद्धयो. मायासंबंधरहितयोः जगद्ब्रह्मणोः अद्वैतम् According to Vallabhācārya, everything is pure. Brahman is pure, the world is pure. Māyā which plays an important role in Śaṅkara's philosophy is nullified in Vallabha's system. Pure Brahman is identified with pure world. Every philosophical system introduced by the Ācāryas, recommended a definite means for liberation. Accordingly Vallabhācārya laid down *Puṣṭi-Mārga* as the path towards liberation. Although the idea of devotion-cum-grace was present in earlier works starting with the *Upaniṣads* down to the thinkers like Rāmānujācārya, it is at the hands of Vallabha that it reached a state of complete systematisation and enjoyed the status of a cardinal doctrince in the *Śudhādvaita* School of Vedānta. In *Puṣṭi-Mārga* what is most important is 'choice' through his wish and is explained as the 'the acceptance of an individual by God as one's own' [स्वामित्वेन अङ्गीकारः]. Again this choice does not take place in strict accordance with his fitness or antecedent merits. This grace is such that even in the absence of any means, the fruit may arise e. g. in spite of being most unfit; while the full paraphernalia of means may not yield any result at all. [स्वीयत्वेन अङ्गीकृतो जीवकर्तृकसाधनानां यत्र न कारणता स शुद्धपुष्टिमार्गः]. This *Puṣṭi-Mārga* of Vallabha impressed the masses and brought the exodus of devotees under its fold.

For Vallabha God's grace is to be achieved through devotion of pure love-type. Important points according to Vallabha for this love-type of devotion are as follows: (1) It does not require any means like knowledge. (2) It imparts a sense of security and absolute fearlessness. A devotee regards God as his protector in all concerns and situations of life. (3) It is open to all classes Even women and down-trodden Śūdras are qualified for admission to it. (4) Its goal is only enjoyment of God's l[illegible] with him. (5) It does not require the devotee to give up life of a h[illegible] urn a recluse. He may stay in

the world and experience God through service and love, even as a householder. (6) It is not obligatory for a devotional life that desires should be suppressed. It stresses the need that our desires should be sublimated and turned to God. (7) It is absolute trust in God, so a devotee preserves his composure of mind in the midst of any cares or anxieties or worldly troubles. (8) In devotion, we transcend oneself. In whatever we do, we do not think in terms of our own self, but with reference to God. We love God for his own sake ; and our world and ourself for the sake of God. (9) In devotion, the entity of the individual soul is preserved intact. The soul participates in full glory. Thus it is clear that the path of *Śuddhādvaita* philosophy was thouroughly based on faith.

Like other Ācāryas, Vallabha too had to take resort to *pramāṇas* or means of knowledge to support his teachings. The purpose of this paper is to find out the *pramāṇas* accepted by Vallabhācārya and to study the relative importance be attaches to these *pramānas*, especially Śrutis.

Pramāṇas and Vallabhācārya :

With Vallabha, Vedas, the *Brahmasūtras* and the *Gītā*, are the canons of authority. To this, he adds *Bhāgavata* as the fourth canon of authority, superior to the previous three. Generally, the Vedas, Brāhmaṇas and *Upaniṣads* constitute what is known as Śruti. What Vallabha thinks of Śruti and how much he utilises them for the interpretation of *Brahmasūtras* is to be recorded.

Śrutis and Vallabhācārya :

Of all the *pramāṇas*, Vallabhācārya relies upon the word proof only. For him शब्द is authoritative. This शब्द is not the word of wordly men. It is defined as आप्तवाक्य. आप्त is the one in whose words we place implicit and unshakable faith as in the oracles of superhuman beings. Such a word-proof, worthy of great trust is none but the Veda. Vallabhācārya at the beginning of *Anubhāsya* says ' The meaning of Vedas is extraordinary ; it is difficult to understand with the help of ordinary reasoning. One can grasp it only with the help of penance reasoning based on Vedas and grace of God. [अलौकिको हि वेदार्थो न युक्त्या प्रतिपद्यते । तपसा वेदयुक्त्या तु प्रसादात्परमात्मनः]. In *Anubhāsya* 1. 1. 4, while discussing the question namely what should serve as a proof in the matter of Brahman, Vallabha answers that Vedas alone can supply reliable proof in the case of Brahman, Vedas are the breath of the lord. अतो निरपेक्षा एव भगवद्भिः श्वासरूपवेदा एव प्रमाणम्. In 1. 3. 29 अत एव च नित्यत्वम्, अ. भा. Vallabha explains, the Veda is quite different from प्रपञ्च. It is not only eternal but also similar to ब्रह्म. This similarity with ब्रह्म is implied by च in the Sūtra (तस्मादाधिदैविक प्रतिपादकत्वाद्वेदस्य नित्यत्वम्). In the commetory upon 2. 1. 27 in *Aṇubhāsya,* Vallabha maintains that the Śūtrakāra bases all his evidence upon the authority furnished

from Śrutis. He refuses to believe in evidence other than that of Śruti. The Śrutis declare repeatedly that Brahman is the doer (कर्तृ). If it be so, we must admit it, inspite of our logical reasoning forcing us to draw opposite kind of conclusion. Vallabha's admiration of Śruti is expressed in these words. In the case of unfathomable greatness of Brahman, Śruti alone is to be regarded as proof and not any other verbal clue. [अनवगाह्यमाहात्म्ये श्रुतिरेव शरणं नान्या वाचोयुक्तिः].

The above quotations make it very clear that Śruti is the highest canon of authority for Vallabha. Accordingly, he interprets many Sūtras of Bādarāyaṇa on the basis of Śrutis. On 1. 2. 26 of अणुभाष्य there is a controversy regarding the possible meaning of the word वैश्वानर. While winding up the topic Bhāṣyakāra says. "For whatever views expressed, strong authority must be given" (तस्मात्प्रमाणमेवानुसर्तव्यम्। न युक्तिः। शब्दबलविचार एव मुख्यः। अ. भा). Similarly, there is a Sūtra of Bādarāyaṇa, शब्द इति चेन्नातः प्रभवात्प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् 1.3.28. In context of this Sūtra, it can be said that the theory of the performance of Vedic rites with respect to gods is mostly accepted. But some perceive discrepancy arising from the शब्द. They are of the opinion that the performance of action will follow the knowledge of sense (अर्थ). And the knowledge of sense results from the Vedas. The Vedas in their turn declare the performance of action of the साध्य etc. Hence at the time of acquiring the knowledge of the sense of the Vedas, as the performance of action does not exist, this part of the Vedas that makes declaration of such performance also will not exist. This will further lead us to suppose the non-permanent character of the Vedas. Thus there is a great contrast in the words, if not in the sense. While removing this objection, the Sūtrakāra says that as all the objects stated above make their manifestation independently from the words, the objection does not stand. All objects, mentioned in the Vedas are supremely divine. Not only that, but they constitute the limbs of the पुरुष i. e. ब्रह्म. This is supported by the proofs of perception and inference. Both these kinds of proof leave no room for doubt that all objects have their origin in the Vedas. The Bhāṣyakāra, in conclusion of his comments on the Sūtras, rightly observes, on the position of the Sūtrakāra in these words : तस्मात्प्रत्यक्षानुमानाभ्यामिदानीन्तनभौतिकयज्ञपदार्थेषु भगवदवयवावेशस्तथामुत्रापि देवादिलोके तस्माद्वैदिक पदार्थः सर्वोप्याधिदैविको भिन्नो इति सिद्धम्। Bhāṣyakāra emphasizes here the divinity of Vedas. In the Sūtra 3. 4. 8 अ. भा. अधिकोपदेशात्तु बादरायणस्यैव तद्दर्शनात्, Jaimini's theory regarding the superiority of कर्म is controverted and Bādarāyaṇa's belief is given, namely Brahman is superior to कर्म. This is declared even by a श्रुति passages स वा अयमात्मा सर्वस्य वशी सर्वस्येशान सर्वस्याधिपतिः etc. (बृ. 44. 22). Not only Brahman's superiority over कर्म is asserted here, but even over ज्ञान etc. As Bhakti is connected with Brahman directly, it is the most reliable means for the attainment of Brahman. Before भक्ति, ज्ञान and

कर्म have no power. Vallabhācārya then comments upon this attitude of Bādarāyana as follows : एवं कर्मज्ञानाभ्यामधिको भक्तिमार्गस्तत्प्राप्यः पुरुषोत्तमश्च श्रुतावुपदिश्यत इति तदेकप्रमाणवादिनो बादरायणस्य मतमप्येव जैमिनिमतादधिकमित्यर्थः । अ. भा. श्रुति seems to be the highest *pramāna* for Vallabha.

So far we have observed how Vallabha glorifies Śruti on different occasions in specific words. It is also interesting now to note how he upholds the views given by other scholars only on the criteria whether these views follow the Śruti or not. In the concluding portion of his comments on the Sūtra जन्माद्यस्य यतः I, 1, 2 अ. भा. the Bhāṣyakāra refers to the views of Naiyāyikas and Vijñānabhikṣu. He states their views by referring to them as केचित् and अन्ये. In केचिदत्र जन्मादिसूत्रं लक्षणत्वादनुमानमिति he refers to the views of Naiyāyikas. They hold that Sūtra being the *laksana* of Brahman (ईश्वर according to their system) is inference. There are two kinds of inferences here; one describes जगत् as a कार्य and the other states its cause. The first can be briefly stated as : " The world is an effect; because it has parts like a jar ". The other can be put as : " The world must have some intelligent cause, because it is an effect like a jar ". In अन्ये पुनः श्रुत्यनुवादकमाहुः, the attitude of Vijñānabhikṣu is referred to. He thinks here there is an अनुवाद of the Śrutis. Our Bhāṣyakāra refuses to accept both these views. He, disregards them, because they are not in accordance with Śruti. He briefly puts his own views in तत्तु तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि इति केवलोपनिषद्वेद्यत्वादुपेक्ष्यम्. Similarly in the context of the Sūtra, तत्तु समन्वयात् I, 1. 3. four principal वादs prevalent among the various schools of philosophical thought viz. आरंभवाद, प्रकृतिवाद, विवर्तवाद and अविकृतपरिणामवाद are being introduced. आरंभवाद is resorted to by Naiyāyikas, the प्रकृतिवाद by Sāṁkhyas, the विवर्तवाद by Māyāvādins and the last one by Śuddhādvaitins. Vallabhācārya tries to refute the विवर्तवाद. He points out the flaw in this theory, that if जगत् is considered a विवर्त (delusion) in ब्रह्म, then those favouring this theory shall have to be known as Asuras, in accordance with the words of *Gītā*, असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम् । अपरस्परसंभूतं किमन्यत्कामहैतुकम्. Śankarācārya, the follower of विवर्तवाद explains that, it is through the instrumentality of Māyā that Brahman, destitute of attributes and form appears as जगत्. This is often illustrated by the popular simile of the rope which is mistaken for a snake. Śankara says that here the cognition of a snake in a rope is due to some error. Really it is not the snake but a rope; and yet the beholder sees that it is a snake. The cognition of a snake in this illustration is ertoneous, because it is created by some illusion (विवर्त). In the same way, seeing jagat only in Brahman is also due to error (विवर्त) which is caused by nescience. Against this Vallabhācārya says that all this sounds inconsistent with the teaching of Śruti. The *Vivartavāda* has perforce to suppose the existence of Māyā, which is beginningless. But in reality there does not exist any entity as Māyā other than Brahman. Should be however accept

both the entities, then the doctrine of Advaita at once falls down to the ground. Therefore the theory of *vivarta* cannot hold good.

Smṛtis and Vallabhācārya :

Like Śruti, Vallabha also shows leaning towards Smrtis. In तत्वार्थदीपनिबन्ध he declares that only scripture is the *Gītā*, sung by the son of Devakī, the only God is Kṛṣna, the chant consists of his names alone, and the one and only activity is the service of that Deity.

" एकं शास्त्र देवकीपुत्रगीतमेको देवो देवकीपुत्र एव ।
मन्त्रोऽप्येकः तस्य नामानि यानि कर्माप्येकं तस्य देवस्य सेवा "
(T. D. N. I. 4)

In addition to *Gītā*, another Smrti work chosen by Vallabha is *Bhāgavata*. Vallabha has chosen this work as representing the highest truth and added it to the normally accepted *prasthānatrayī* as the fourth, endowed with the maximum authority (T. D. N. 7–8)

Befitting his reliance on Smrti in 1–2–25 'स्मयमाणमनुमानं स्यादिति' अ. भा. Vallabhācārya points out that the word वैश्वानर in the Sūtra must be taken in the sense of Brahman. He says Smrti also furnishes us with a proof of inference that does enable us to take वैश्वानर in the sense of Brahman. The Bhāgavata has this verse :

केचित्स्वदेहे हृदयावकाशे प्रादेशमात्रं पुरुषं वसन्तम् ।
चतुर्भुजं कञ्जरथाङ्गशङ्खगदाधरं धारणया स्मरन्ति (भागवत 2. 2. 8)

Here also प्रादेशमात्र occurs. This describes वैश्वानर that is identified with Brahman. Vallabhācārya adds that what is heard in Smṛtis is repeated here, after remembrance and meditation. So the Śrutis describing वैश्वानर are expressive of Brahman only. In the same manner, having explained in the Sūtra अनुकृतेस्तस्य च 1. 3. 22 अ. भा. that all objects imitate or follow Brahman as the rays follow the sun and shadow, the body of a man, Vallabha furnishes the testimony from Smrti in corroboration of what has been said earlier " न तद् भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः " भ. गी. 15. 16).

यदादित्यगतं तेजो जगद् भासयतेऽखिलम् ।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम् ।। (भ. गी. 15/12)

and the conclusion arrived at is expressed by him in words that " तस्माद् भगवानेव सर्वभासकः । तमेव सर्वमनुकरोति इति सिद्धम् " अ. भा.

Sometimes to drive home a certain point Bhāṣyakāra brings in both Śruti as well as Smrti. The Sūtra अन्तरा चापि तु तद्दृष्टेः 3. 4. 35 अ. भा. declares that the duties of castes and stages of life interfere with the fruit in the

case of a devotee (भक्त). In his commentary on this Sūtra, Vallabha writes "भगवद्धर्मेभ्यआश्रमधर्मा हीना इत्यल्पमुच्यते । अपि तु तस्मिन्पुरुषोत्तमे धर्मिण्येव दृष्टितात्पर्यं यस्य पुंसस्तस्याश्रमधर्मा अन्तरा च फलसिद्धौ व्यवधानरूपाश्चेति श्रुतिर्दर्शयति"। अ॰ भा. He then quotee the following Śruti "एतद्ध स्म वै तत्पूर्वे ब्राह्मणा अनूचाना विद्वांसः प्रजां न कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नायमात्मायं लोकः" ... ... बृ. (4. 4. 22). The Smṛti also does support this (Cf. न ज्ञानं न च वैराग्यं प्रायः श्रेयो भवेदिह । (भागवत, 11. 20, 39, 6. 14. 6) & अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतंत्र इव द्विज (भागवत 9. 4. 63).

Some discrepancies :

It is noteworthy that even in his adherence to Śrutis, Vallabhācārya prefers one set of Śruti to the other. In the context of discussion on I. i. 3 तत्तु समन्वयात् अ॰ भा. he lays down that the nature of human objective as well as the meaning of the scriptures should be understood only as it is laid down in the scriptures, and should not be fancied to one's own taste. It may be pointed out here that the same charge could be brought against Vallabha himself, since the contradiction between the two sets of scriptural passages has to be explained, that is what each commentator has, surely tried to do, though each one in consonance with reason – considered as fundamental and paramount (rightly or wrongly) underlying the entire set-up of his philosophical system. But this necessarily implies the subordination of one set to the other; and the question then boils down so whether it is the *Saguṇa* or the *Nirguṇa* set that is upheld as principal. Any contradiction, whether pertaining to earthly entities or to revelation so-called has to be explained in rational terms If the staunch followers of the word of the Śruti profess to be faithful to it, they should accept both the sets of texts – and hence the inherent contradiction also – as they are offered and should not try to attribute greater importance to either. This would result in blind faith and that may be acceptable to religion or dogma, but not to philosophy. Thus Vallabha's statement that "those having imagined, the scriptural meaning according to their own fancy, seek to explain the Vedas in that light, are indeed too daring and deserve to be condemned by the god" can easily be applicable to Vallabha too.

Vallabhācārya sometimes keeps aside Śrutis and substantiates his statement with the help of Smṛtis only. In III, 3, 9 "व्याप्तेश्च समञ्जसम्" Bhāṣyakāra explains how the different forms of meditation such as of a child, a youth etc. do not go against his being of the nature of Saccidānanda. *Vyāpteḥ* in the Sūtra is interpreted to stand for *Sākāratva* on the basis of the *Gītā* statement, viz. 'सर्वतःपाणिपादं तत्' etc. This strikes us unnatural and the lines that follow, which declare the lord to be *rasa-rūpa* etc. make it obvious that this interpretation of the Sūtra under consideration as of the whole section is sectarian, since such discussions as the one pertaining to the "experience of the deliciousness of

the divine sport " etc. can hardly claim to be based on the authoritative and acknowledged *Upaniṣad* texts, nor can they be deducted from the text of *BS*. It is in itself remarkably out of place and unhistorical that the Sūtras should be deemed to postulate what a very modern work (comparatively speaking) like the *Bhā*. preaches and the Sūtras should be interpreted in the light of the same. It can be said in Vallabha's defence that he did not pay much, attention to historical sequel, since for him, all were sources of the one revelation whose words contained one consistent, timeless body of truth for whose validity mere historical succession was of scanty value except that the later works could contain clearer statements of the older truth.

To conclude it can be said that for Vallabhācārya words of the Lord were divine. It is equally true that Indians do not differentiate in general between the statements coming from Vedas, Vyāsa or Lord Kṛṣṇā. Their words become our mandates. Faith does have this power and this faith rules over the minds of devotees. Yet this is not expected from Vallabhācārya. Though in his case too, faith supercedes reasoning, he as the Ācārya should have measured the ancient works like Śrutis and Smṛtis in proper spirit. As it is rightly said in *Bhagavad-gītā* that great people should never behave in such a way that it leaves a certain doubt in the minds of commoners. For Vallabha, the Lord from *Bhāgavata* appealed to his heart most, the fact which can be marked in his works.

काश्मीर शैवदर्शन में चतुर्विध मोक्षोपाय

लेखिका : कमला द्विवेदी

काश्मीर शैवदर्शन की सभी शाखाओं में सामान्यतः मुक्ति के चार उपायों को स्वीकार किया गया है — अनुपाय, शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय एवं आणवोपाय। इन चतुर्विध उपायों को ही तत्तत् गुणों के प्राधान्य के कारण क्रमश आनन्दोपाय, इच्छोपाय, ज्ञानोपाय, एवं क्रियोपाय भी कहा जाता है। इनमें से शाम्भवोपाय अभेददृष्टिप्रधान, शाक्तोपाय भेदाभेददृष्टि-प्रधान तथा आणवोपाय भेददृष्टिप्रधान है।

त्रिकदर्शन एक अनुभूति-सिद्ध दृष्टि है। इसके दार्शनिकों ने अपनी मान्यताओं का आधार एवं लक्ष्य साधारण जन को बनाया है। शास्त्राभ्यासी विद्वानों अथवा मूर्खों को नहीं[1]। यही कारण है कि वे दुर्लभ एवं जटिल मुक्ति का अथवा मुक्ति के उपायों का उपदेश नहीं देते। उनकी दृष्टि दुःख में सुख, विष में अमृत एवं संसार में मोक्ष की अनुभूति कराने की है[2]। इस दर्शन में वही उपाय सहज एवं सर्वोत्कृष्ट है जो बिना किसी प्रयत्न के सामान्य जन को आत्मस्वरूप का साक्षात्कार करा सके[3]। अनुपाय का विचार इसी दृष्टि का परिचायक एवं प्रमाण है।

अभिनवगुप्त ने इसी उपाय को सर्वाधिक महत्त्व प्रदान करते हुए तन्त्रालोक के द्वितीय आह्निक में इसका विस्तृत विवेचन किया है। इस उपाय का संबंध प्रमुखतः प्रत्यभिज्ञा शाखा से है। इसके नाम में 'नञ्' का प्रयोग निषेध अथवा अभाव के लिए न होकर 'ईषत्' अर्थ में किया गया है। दूसरे शब्दों में अनुपाय का अर्थ उपायों का निषेधमात्र[4] नहीं है अपि तु इसका वास्तविक अर्थ उपायों की अत्यल्पता है। इसमें उपायों की गन्धमात्र भी नहीं होती[5]। इसमें मुमुक्षु शिष्य गुरूपदेशों के द्वारा यह समझता है कि सभी उपाय परमेश्वर से और स्वयं उसके स्वरूप से मलिन हैं, निम्न हैं। उसके आत्मस्वरूप को ये प्रकाशित नहीं कर सकते। स्वरूप के प्रत्यभिज्ञान के लिए उसे किसी भी उपाय की आवश्यकता नहीं है[6]।

---

1. (अ) तत्त्वनिरूपणमुपदेश्यजनापेक्षया ...। प. सा. वि., १४
   (ब) जयरथ भी इस बात का समर्थन करते हैं कि इस दर्शन में अत्यन्त ज्ञानी एवं मूर्ख दोनों का अधिकार नहीं है। ज्ञानी के लिए शास्त्र तृणवत् है [तत्त्वज्ञस्य तृण शास्त्रम्] और मूर्ख के लिए व्यर्थ। फलस्वरूप मध्यम-जन ही शास्त्र का लक्ष्य है —
   संसाराम्बुनिधिं य· स्तात्तितीर्षु· कश्चिदुत्तमः।
   नात्यन्ततज्ज्ञो नो मूर्खः सोऽस्मिन्छास्त्रेऽधिकारवान्॥ विवेक २. ३.
2. दुःखान्यपि सुखायन्ते विषमप्यमृतायते।
   मोक्षायते च संसारो यत्र मार्गः स शाङ्करः॥ शिवस्तोत्रावली, 20. 12.
3. जनस्यायत्नसिद्ध्यर्थम् ... · ...। ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, 4. 1. 18:
4. अनुपायः इति नोपायनिषेधमात्रम्। विवेक, १ १४२.
5. नात्र उपायगन्धोऽस्ति! विवेक, १. २४२.
6. (अ) उपायैर्न शिवो भाति भान्ति ते तत्प्रसादतः।
   स एवाहं स्वप्रकाशो भासे विश्वस्वरूपकः॥

(*Continued on the next page*)

इस उपदेश के फलस्वरूप वह अपने भीतर शिवत्व का विमर्श करने लगता है। शिवैक्य का यह परामर्श उसे बिना किसी योगाभ्यासादि के हो जाता है। जैसे— गुरु के अनुग्रहमात्र से, उसके दृष्टिपात से, उसके स्पर्श से, उसके द्वारा दिए गए किसी भोज्य पदार्थ को खाने से अथवा किसी अन्य ही प्रकार से[7]। जब यह अनुभव-परामर्श प्रतिदिन के अभ्यास द्वारा दृढ हो जाता है। तब मुमुक्षु शरीर धारण करते हुए तथा देहधर्मों का निर्वाह करते हुए भी मुक्त रहता है।

शाम्भवोपाय में मुक्ति की प्रबल इच्छा के अभ्यास के द्वारा ही साधक को शरीर, मन, बुद्धि एवं प्राणादि के द्वारा किसी भी प्रकार की साधना नहीं करनी पडती। इसलिए इस उपाय में मन्त्र मुद्रा आदि क्रियाओं की अपेक्षा नहीं है[8]। साधक शरीरादि की क्रियाओं से निवृत्त होकर मुक्ति-विषयक इच्छाशक्ति को तीव्रता एवं दृढता का अभ्यास करता रहता है। वह शरीरादि के द्वारा न किसी वस्तु का ग्रहण करता है और न ही परित्याग। वह हेयोपादेयता से परे रहकर अपनी इच्छा को आत्म-स्वरूप में ही केन्द्रित किए रहता है। स्वस्थिति अथवा स्वात्म-विश्रान्ति का यही अभ्यास शाम्भवोपाय है। यही मुक्ति का साक्षात् उपाय माना गया है[9]। अनुपाय इसी की पराकाष्ठा है[10]।

शाम्भवोपाय में अभेददृष्टि का विशेष महत्त्व है। इस उपाय का साधक विकल्पों से परे रहते हुए[11] दर्पणनगरन्याय से प्रतिबिम्बित इस विश्व को स्वयं से अभिन्न समझता है[12]। विश्व शिवेच्छा का मूर्त रूप है एवं तद्रूप है। अतः शाम्भवोपाय का स्वरूप भी स्वात्म-परामर्श का है[13]।

त्रिक दर्शनानुसार अज्ञान अर्थात् अपूर्ण ज्ञान की निवृत्ति ही मुक्ति है। पारिमित्य बन्ध का पर्याय है एवं अपरिमितता की अनुभूति मोक्ष का। अशुद्ध विकल्पों अथवा अज्ञान के कारण प्रमाता स्वयं को अल्पज्ञ, अल्पशक्ति तथा अनीश्वर समझने लगता है। यही अशुद्ध विकल्प है। अतः जब मुमुक्षु सर्वज्ञाता, सर्वशक्तिमत्ता, पूर्णाहन्ता एवं पूर्ण ऐश्वर्य की अनुभूति

(*Continued from the last page*)

इत्याकर्ण्य गुरोर्वाक्यं सकृत् केचन निश्चिताः।
विना भूयोऽनुसन्धान भान्ति संविन्मयाः स्थिताः॥ विवेक, २.२.

(ब) उपायजाल न शिव प्रकाशयेद् घटेन किं भाति सहस्रदीधितिः।
विवेचयन्नित्थमुदारदर्शनः स्वयंप्रकाशं शिवमाविशेत्क्षणात्॥

7. सिद्धानां योगिनीनां च दर्शनं चरुभोजनम्।
कथन संक्रमः शास्त्र साधन गुरूसेवनम्।
इत्याद्यो निरुपायस्य संक्षेपोऽय वरानने॥ विवेक, २.२.

8. मन्त्रमुद्राक्रियोपासास्तदन्या नात्र काश्चन। तन्त्रा., 3 270

9. साक्षादुपायेनेति शाम्भवेन। विवेक, १.१५२.

10. स (शाम्भव) एव परां काष्ठां प्राप्तश्चानुपाय इत्युच्यते। विवेक, 1.142.

11. (अ) निराधार मनः कृत्वा विकल्पान्न विकल्पयेत्। विज्ञानभैरव, 108.
(ब) अविकल्पस्वरूपपरिशीलनात्मा शाम्भवावेश। विज्ञानभैरवविवृति, 24.

12. मत्त एवोदितमिद मय्येव प्रतिबिम्बितम्।
मदभिन्नमिद चेति त्रिधोपायः स शाम्भवः॥ तन्त्रालोक, 3 280.

13. परामर्शमात्राद्विश्वस्य संविन्मात्ररूपत्वमित्येव परामर्श एव चास्य शाम्भवोपायस्य स्वरूपम्।
विवेक, 3.280.

के शुद्ध विकल्पों द्वारा इदन्ता के स्पर्श से कलुषित अशुद्ध विकल्पों को समाप्त कर लेता है तभी उसको अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान होता है। इस दृष्टि से अपूर्ण ज्ञान की निवृत्ति के लिए शुद्ध विकल्पात्मक ज्ञान का अभ्यास ही शाक्तोपाय है[14]। यही इसके ज्ञानोपाय नाम की सार्थकता है। इसमें उच्चारादि का पूर्ण अभाव होता है। जप, ध्यानादि अनेक उपायों के समावेश के कारण इसे 'उपायमण्डल' भी कहा गया है। इस उपाय की तुलना वेदान्त के ज्ञानोपाय से की जा सकती है। जिसमें आत्मज्ञान को ही मुक्ति का प्रधान एवं प्रत्यक्ष उपाय माना गया है।

त्रिकदर्शन में स्वीकृत चतुर्विध उपायों में सर्वाधिक स्थूल (बाह्य) अथवा मूर्त उपाय आणवोपाय है। क्रिया के प्राधान्य के कारण इसे क्रियोपाय कहा जाता है। इस उपाय में कतिपय कल्पित मन्त्रों का उच्चार होता है। मन्त्रोच्चारण में शारीरिक क्रियाओं का भी विशिष्ट स्थान है। मन्त्रोच्चारणादि संवित् के सन्निकृष्ट उपाय हैं तथा ध्यानादि विप्रकृष्ट, जो क्रमशः बुद्धि एवं मन से साध्य हैं। दीक्षा का इसी उपाय में अन्तर्भाव किया गया है। इस उपाय को भेदोपाय कहने का औचित्य यह है कि इसमें साधक इदन्ता तथा अहन्ता को समान महत्त्व देता है। मुमुक्षु का अपने से भिन्न वस्तुओं पर चित्त को स्थिर करने का अभ्यास ही आणवोपाय है।

शैव दार्शनिकों ने अपने ग्रन्थों में अनेकत्र यह मत प्रस्तुत किया है कि अन्य दर्शनों द्वारा प्रदर्शित मुक्ति का स्वरूप एवं उसके उपाय अपूर्ण हैं। ये दर्शन पूर्ण मोक्ष के जिज्ञासुओं को सही मार्ग दिखाने के स्थानपर द्वैत के पङ्क में गिरा देते हैं। उसकी बुद्धि को भ्रमित कर देते हैं। परन्तु स्वयं त्रिकदर्शन में उपायों के इस विस्तार को देखकर सहज शंका उठती है कि क्या इनसे अद्वयतत्त्व का जिज्ञासु भ्रमित नहीं होता है? उपायों का यह नानात्व मुक्ति के स्वरूप में भी नानात्व को उत्पन्न नहीं करेगा? सभी प्रकार के मायीय तत्त्वों से परे रहनेवाले परम तत्त्व का इन मायीय उपायों के द्वारा कैसे साक्षात्कार किया जा सकता है? इस तरह की अनेकानेक शंकाओं को स्वयं शैव दार्शनिकों ने प्रस्तुत करते हुए उनका तर्कसंगत एवं आगम-सम्मत समाधान प्रस्तुत किया है।

उपर्युक्त चतुर्विध उपाय एवं उनके अन्तर्गत स्वीकृत अनेकानेक अन्य उपाय मुक्ति के जिज्ञासु को भ्रमित नहीं करते हैं। इसका कारण यह है कि उपायों का यह विभाजन अधि-कारि-भेद से किया गया है। सभी प्रमाता एवं स्वरूप-ज्ञान के जिज्ञासु, परमार्थदृशा एक होते हुए भी, विविध मलों[15] से आवृत्त होने के कारण, अलग-अलग उपायों का विवेचन किया गया है। इसके साथ ही इन उपायों के विषय में दार्शनिकों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी उपाय परमार्थतः उत्कृष्ट अथवा निकृष्ट नहीं है। जिज्ञासु का मन जिस किसी उपाय में विश्वास रखे, जिस उपाय से आश्वस्त हो तथा जिस उपाय को वह अपने अनुकूल समझे वही उसके लिए वास्तविक उपाय है। उपायों के नानात्व में जिज्ञासु भ्रमित न हो, इसलिए त्रिक दर्शन में यह मान्यता प्रस्तुत की गई है कि उपायों का यह वैचित्र्य फल-भेद उत्पन्न नहीं करता है। अर्थात् यद्यपि स्थूल दृष्टि से यह कहा जाता है कि साधक विविध उपायों के

---

14. सर्वाहंभावभावनात्मकशुद्धविकल्पनावमर्शरूपः शाक्त । विज्ञानभैरवविवृति, 24.

15. मल त्रिविध हैं— आणव, मायीय एव कार्म। इनके विस्तृत विवेचन के लिए द्रष्टव्य— तन्त्रालोक, १३.१०३, ११०, तन्त्रालोकविवेक, १.४, ८.६५-८८; शिवदृष्टिवि, १.४२-४३; ई.प्र.वि., ३.२.४, ५, १०; म.सा.वि., २४.

द्वारा अद्वयतत्त्व की विविध भूमिकाओं एवं स्तरों का साक्षात्कार करता है तथापि फलों का यह भेद कल्पित है, व्यवहारमात्र है। वास्तव में तो आत्मज्ञान ही मुक्ति का उपाय है और वही उसका फल है। उपाय एवं उसके फल की चर्चा का परमार्थ स्तर पर कोई महत्त्व नहीं[16]। उपायों को व्यावहारिक चर्चा का औचित्य यह है कि ये मुमुक्षु के द्वैत अथवा भेद-ज्ञान की निवृत्ति करके स्वरूप-ज्ञान में सहायक बनते हैं।

पारमार्थिक दृष्टि से उपायों की निष्प्रयोजनता का एक कारण और है। उपाय अज्ञात अर्थ के ज्ञापक माने गए हैं[17]। त्रिकदर्शन में आत्म-स्वरूप को सर्वथा अज्ञात नहीं माना गया है। आत्म-स्वरूप को संकुचित समझना व्यवहारदशा बन्ध कहा जाता है। यह संकोच, स्वरूप का ज्ञानाभाव न होकर अपूर्ण एवं संकुचित ज्ञान ही है। इसके साथ ही मुक्ति अथवा स्वरूप का प्रत्यभिज्ञान कोई नूतन उपलब्धि नहीं है। इस प्रकार अवास्तविक बन्ध एवं मोक्ष के प्रसंग में अन्ततो गत्वा उपाय भी अवास्तविक अर्थात् निष्प्रयोजन ही सिद्ध होते हैं। उपाय का स्वरूप या लक्षण ही यह है कि जिन्हे ग्रहण करके भी छोड दिया जाय[18]।

अधिकारि-भेद से बताये गए विविध उपायों से जो फल प्राप्त होता है वह एक ही है जिसे मुक्ति, आत्मज्ञान अथवा आत्मस्वरूप का साक्षात्कार कहा जाता है[19]। मुक्ति को आत्मज्ञान अथवा स्वरूप की प्राप्ति कहने का यह आशय कदापि नहीं कि मोक्ष कार्य है और आत्मज्ञान उसका कारण। यहाँ उपाय एवं उपेय में यदि कार्यकारणभाव माना जायेगा तो अनेक असंगतियाँ उत्पन्न होगी[20]। मोक्ष कोई नूतन उपलब्धि नहीं है[21]। अपि तु ज्ञात का ही ज्ञान है। यह अनुत्तर तत्त्व से तन्मय हो जाना है। यही पूर्णता है। इसमें सभी प्रकार के संकोचाभिमान गल जाते हैं। इस महान फल की प्राप्ति होने पर किसी भी प्रकार के अन्य फल की आकाङ्क्षा शेष नहीं रहती[22]। इस पूर्णता में पारतन्त्र्य का लेशमात्र भी नहीं होता। यह तुर्यातीत अवस्था है जिसे शिव के शक्तिपात से पवित्र कोई भी मुमुक्षु योगी अनुभूत करता है[23]। जिस योगी को आत्मस्वरूप का प्रत्यभिज्ञान हो चुका है वह समस्त विश्व से स्वयं को अभिन्न

16. ... एक एव ज्ञानात्मा मोक्षावाप्तावुपाय इति न उपायनानात्वम्, अत एव तत्फलभूते मोक्षेऽपि न कश्चिद्भेदः ... काल्पनिकेऽपि हेतुफलयोर्भेदे ज्ञानात्मा एक एव उपायोऽभ्युपगतः इति उपायनानात्वस्यैव अभावात् को नाम फलभूतेऽपि मोक्षे भेदः स्यात्। —तन्त्रालोकविवेक, 9.165.

17. वस्तुतो हि परप्रकाशात्मा शिव एव उपेयः। स च सर्वत एवावभासते तस्य क्वचिदपि अनपायात्। अत एव नात्र उपायानां किंचित्प्रयोजनम् अज्ञातज्ञापकत्वात् तेषाम्। —तन्त्रालोकविवेक, 1.145. और भी द्रष्टव्य— विवेक, 1.166; शिवदृष्टिवृत्ति, 3 26–29.

18. उपादायापि ये हेयास्तानुपायान् प्रचक्षते। —तन्त्रालोकविवेक 4.41 में उद्धृत वाक्यपदीय.

19. सन्निदेव सर्वम् इति को नाम हेतुफलभेदः। —तन्त्रालोकविवेक, 1.165.

20. इह आत्मज्ञानमेव मोक्षः इति ज्ञानमोक्षयोः कार्यकारणभाव एव वस्तुतो नास्ति— इति नावश्यं कारणानि कार्यवन्ति भवन्ति इति न्यायेन ज्ञानिनां सत्यपि ज्ञानाख्ये कारणे कार्यात्मा मोक्षो न स्यात् इत्यनिष्टापादनात्मायं प्रसंगो नाशङ्कनीयः। —तन्त्रालोकविवेक, 1.161.

21. अभिमानमात्रसारां परिमितप्रमात्रपेक्षया बन्धमोक्षौ, न पुनः परमार्थे संवित्तत्त्वे एव किंचित् सम्भवति। तस्मात् मुक्तौ नूतनं न किंचित् साध्यते, निजमेव स्वरूपं प्रथते। परमार्थसारविवेक, 60.

22. द्रष्टव्य। —तन्त्रालोक, 209–10.

23. केतकीकुसुमसौरभे भृशं भृंग एव रसिको न मक्षिका।
भैरवीयपरमाद्वयार्चने कोऽपि रज्यति महेशचोदितः॥ —तन्त्रालोक, 4.276.

समझता है तथा सभी वस्तुओं में शिवता को देखता है। उसका जगत् के प्रति वही दृष्टिकोन एवं अनुभव हो जाता है। जो वस्तुत: शिव का जगत् के प्रति है। अर्थात् मुक्त पुरुष इस जगत् को त्याज्य, मिथ्या अथवा हेय न मानकर इसे शिवरूप अथवा अपने से अभिन्न समझता है। वह लौकिक देह को धारण करते हुए तथा उस देह के द्वारा लौकिक विषयों का उपभोग करते हुए भी तत्संबंधी दोषों से उसी प्रकार अप्रभावित रहता है जैसे मन्त्रादि से सम्पन्न व्यक्ति विष से प्रभावित नहीं होती है। अतः सर्वशिवात्मकता की अनुभूति ही परम एवं पूर्ण मुक्ति है। बद्ध एवं मुक्त पुरुष में भी व्यवहारदृशा यही भेद है कि मुक्त पुरुष सांसारिक वस्तुओं को स्वात्मा से अभिन्न मानकर उनका उपभोग करता है तथा बद्ध पुरुष उनमें भेद-बुद्धि रखते हुए एवं उन्हें अपने से भिन्न समझते हुए उनका उपभोग करता है[24]। यही इस दर्शन के अनुसार बन्ध और मोक्ष का स्वरूप है। इसीलिए इस दर्शन मे जीवन्मुक्ति का दृढता से समर्थन करते हुए उसे भोगमोक्षरूपा माना गया है[25]।

मुक्ति के बारे में त्रिकदर्शन का उपर्युक्त मत शाङ्करमत से तुलनीय है। दोनों ही मतों में जीवात्मा के परमतत्व से ऐक्य को मुक्ति माना गया है। दोनों ही मत मुक्ति को नित्य, उपायों से परे, असंस्कार्य मानते हैं। परन्तु जहाँ शंकर जीवनन्मुक्तिका अर्थ जीव में सांसारिकता अथवा द्वैत प्रपंच का अभाव मानते हैं क्योंकि उनके मत में जगत् हेय है वहाँ त्रिकदर्शन जगत् को सत्य, शिव का सत्य आभास मानता है। इसलिए उसकी मुक्ति में जगत् के प्रति आत्मीयता का अनुभव स्वीकार किया है। शाङ्करमत में जगत् के नानात्व को मिथ्या मानकर उसके प्रति भेदबुद्धि का परित्याग करने की बात कही गई है। किन्तु त्रिकदर्शन में नानात्व को शिव के स्वातन्त्र्य का विस्फार तथा शिवरूप मानकर उसके प्रति भेद-व्यवहार को समाप्त किया जाता है[26]।

त्रिकदर्शन के अद्वयवादी होने के कारण द्वैतवादी दर्शन-विचारों से इसका अत्यन्त भेद होना स्वाभाविक है। यह शिवाद्वयवाद द्वैतवादी दार्शनिकों द्वारा प्रदर्शित मुक्ति एवं उसके उपायों की समालोचना करता है तथा उन्हें हेय बताता है क्योंकि वे मुमुक्षु को परमाद्वयतत्त्व की ओर ले जाने तथा विषयों के प्रति उनके दृष्टिकोण को यथार्थ बताने के स्थानपर विपरीत मार्ग का उपदेश देते हैं[27]। इस विपरीत मार्ग में उनकी प्रवृत्ति का कारण रागतत्त्व है। इसी के कारण वे सुलभ शैवज्ञान की महत्ता को जानते हुए भी तदनुकूल आचरण करने से पराङ्-मुख रहते हैं[28]। इसका साथ ही वैष्णवादि अन्य दर्शनों के द्वारा अपूर्ण मोक्ष का उपदेश देना तथा उसके अनुयायियों के द्वारा तदनुसार आचरण करना शिव की इच्छा का परिणाम है।

---

24. (अ) अयमेव हि समानेऽपि व्यवहारे बद्धमुक्तयोर्विशेषो यन्मुक्तस्य स्वाङ्गरूपतया भावा अवभासन्ते, बद्धस्य तु स्वरूपतः परस्परतश्चात्यन्तं भेदेनेति। तन्त्रालोकविवेक, 4. 212.
   (ब) मेयं साधारणं मुक्तः स्वात्माभेदेन मन्यते।
   महेश्वरो यथा बद्धः पुनरत्यन्तभेदवत्॥ —ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका, 4. 1. 13.
   (स) गीता भी इसी का समर्थन करती है:
   यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति। 6. 30.
   सर्वभूतस्थमात्मान सर्वभूतानि चात्मनि। 6. 29.
25. भोगमोक्षसाक्षात्कारलक्षणो जीवन्मोक्षः। —महार्थमञ्जरी-परिमलटीका, 52.
26. भेदा अपि तदात्मकाः। —शिवदृष्टिविवेक, 1. 41.
27. द्रष्टव्य —तन्त्रालोक, 4. 17.
28. द्रष्टव्य —तन्त्रालोक, 4. 20-21.

शिव स्वयं अपनी स्वातन्त्र्य इच्छाशक्ति के द्वारा उन्हें उसी रूप में मोक्षलिप्सा में भ्रमित करना चाहता है[29]। अतः वेद, साङ्ख्य,[30] पुराण आदि शास्त्रों को जानने वाले पाञ्चरात्र में श्रद्धा रखने वाले, बौद्ध, आर्हत अथवा अन्य किन्हीं भी शास्त्रों के मत मायापाश से बद्ध माने गए हैं। ये शैवों की पूर्णमोक्ष की दीक्षा को प्राप्त करने में असमर्थ हैं[31]। दूसरे शब्दों में वेद एवं अन्य दर्शनों का ज्ञान मायीय है और शैवज्ञान माया से ऊर्ध्ववर्ती है। अतः शैवेतर दर्शनानुयायियों का मायाग्रस्त रहना स्वाभाविक है[32]। त्रिकदर्शन ने अपनी आलोचना में साङ्ख्यादि मतों को हेय कहा है। परन्तु इस आलोचना में यह असंगति प्रतीत होती है कि जब से सभी वस्तुयें शिवात्मक है तथा इस दर्शन का दृष्टिकोन भी हेयोपादेयता के विभाजन से सर्वथा परे रहने का हैं तब साङ्ख्यादि मतों को हेय कैसे कहा जा सकता है। वस्तुतः असंगति की यह प्रतीति आभासमात्र है। इस दर्शन का वास्तविक दृष्टिकोन समन्वय का है। यह मत व्यावहारिक रूप से अन्य मतों की आलोचना करते हुए भी अन्त में उन्हें निश्चित स्तर पर रखता है। अतः अन्य दर्शनों द्वारा प्रदर्शित मोक्षावस्था का भी इस अद्वयज्ञान के क्रम में निश्चित स्थान है[33]। जिसके अनुसार उनका मोक्ष प्रलयाकलता की स्थिति तक पहुँचना मात्र है[34]।

---

29. देखिये —तन्त्रालोक, 4.21, 22, 33, 38.
30. (अ) तेनेह वैष्णवादीनां नाधिकारः कथञ्चन ।
    ते हि भेदकवृत्तित्वादभेदे दूरवर्जिताः ॥ —तन्त्रालोक, 13.28–8.
    (व) वैष्णवाः सौगताः श्रौतास्तथा श्रुत्यन्तवादिनः ।
    इत्यादयो नाधिकृता जातुचित्पतिशासने ॥ —तन्त्रालोकविवेक, 13.315–16.
31. द्रष्टव्य —शिवदृष्टि, अध्याय 6.
32. वेदादिशास्त्रनिष्ठा मायान्तःपातात् तदुत्तीर्णं शैवं ज्ञानं न लभन्ते । —तन्त्रा. विवेक, 4.27.
33. (अ) नैरात्म्यदृष्टेश्चात्मदृष्टिर्विशिष्यते, इति साङ्ख्यानां बौद्धेभ्यः पूर्णप्रथात्मकं ज्ञानम् इत्येषां बुद्धितत्त्वोर्ध्ववर्तिपुंस्तत्त्वप्राप्तिः ... ... पातंञ्जलानां पुंस्तत्त्वोर्ध्ववर्तिनियतितत्त्वप्राप्तिः ।
    (व) और भी द्रष्टव्य —भास्करी, 1.1.1, पृष्ठ 101; तन्त्रालोकविवेक, 1.33.
34. द्रष्टव्य —तन्त्रालोक 4.29–32.

तन्त्र एवं हठयोग में मुद्रा

लेखक : पीताम्बर झा

अनादिकाल से गुरु-शिष्य परम्परा द्वारा आगत ग्रन्थ सन्दर्भ आगमशास्त्र है। आगमशास्त्र से ही तन्त्रशास्त्र की उत्पत्ति हुई है। गुरुमुख से शिष्यों द्वारा सुने जाने के कारण जिस प्रकार वेदों को श्रुति कहा जाता है, उसी प्रकार श्रवण-द्वारा उपलब्ध होने के कारण 'आगम' भी श्रुति कहलाती है। हारीत धर्मशास्त्र में कहा गया है कि धर्म को श्रुतियाँ प्रमाणित करती हैं, और श्रुतियाँ वैदिकी और तान्त्रिकी भेद से दो प्रकार की हैं[1]। यही कारण है कि तन्त्र को भी श्रुति कहा जाता है।

कणाद ने धर्म की परिभाषा करते हुए कहा है कि जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि होती है, वह धर्म है[2]। तान्त्रिक शैवागम में प्रवृत्तिपरक और निवृत्तिपरक धर्म को पशुधर्म और पतिधर्म कहा गया है। ये ही दोनों प्रकार के धर्म अभ्युदय और निःश्रेयस के लिए भुक्ति और मुक्ति नामान्तर से तन्त्रशास्त्र में व्यवहृत हुए हैं। वस्तुतः शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध और जैन आदि भेद से आगम भिन्न-भिन्न हैं, और उनके भी अनेकानेक भेद-प्रभेद हैं। किन्तु हमें यहाँ आगम या तन्त्र के विस्तृत विवेचना में न जाकर मात्र 'मुद्रा' के ऊपर विचार करना है।

'मुदं आनन्दं राति लाति इति मुद्रा', इस व्युत्पत्ति के अनुसार जिससे आनन्द की प्राप्ति हो, उसे 'मुद्रा' कहते हैं। विजयतन्त्र में कहा गया है कि-सत्सङ्ग के द्वारा मुक्ति प्राप्त होती है तथा असत्सङ्ग के द्वारा बन्धन। अतः असत्सङ्ग को जो दूर करे, वह 'मुद्रा' है[3]। मुद्राओं से देवताओं को प्रसन्नता होती है एवं पापराशि भाग खडी होती है। इसलिए मुद्रा सर्वकर्मसाधिका कही गई है। पूजा, जप, ध्यान, आवाहन, नैवेद्यनिवेदन आदि मे मुद्रा आवश्यक है। इस प्रकार की मुद्रा की निरुक्ति 'मुद्राप्रकरण' नामक हस्तलिखित अप्रकाशित ग्रन्थ में की गई है[4]। वैसे मुद्रा का जो सर्वसामान्य अर्थ है, वह है आकृति या आकारविशेष। मुद्रा या आकृति का मूलस्रोत पृथ्वी पर सृष्टिरचना के आरम्भ से ही दिखाई पडता है। जब भी मनुष्य या पशु-पक्षी किसी खास आकृति में होते होंगे, तभी यह अमुक मुद्रा में है, ऐसा प्रयोग होता होगा। आदि वैदिक-काल में इसका स्वरूप अङ्गुलियों से अवगुण्ठित उन आकृतियों से होता था, जो कि अपने मन की पृष्ठभूमि में विशेष भावोद्दीपन के लिए धारण किये जाते थे। उपनिषदों में कहा भी गया है— 'देवताविशेषप्रीतिजनिका अङ्गुलिरचना मुद्रा' ईस्वीपूर्व पाँचवी शती से तीसरी ईस्वी तक

---

1. अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः। श्रुतिप्रमाणको धर्मः। श्रुतिश्च द्विविधा वैदिकी तान्त्रिकी च।
2. यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।
3. सत्सङ्गेन भवेन्मुक्तिरसत्सङ्गेषु बन्धनम्।
   असत्सङ्गमुद्रण यत्स्यात्तन्मुद्रा परिकीर्तितम्।
4. मोदनात् सर्वदेवानां द्रावणात्पापसन्ततेः।
   तस्मान्मुद्रेति सा ख्याता सर्वकर्मार्थसाधिनी॥ —तान्त्रिक साहित्य, p. 526.

तान्त्रिक वाङ्मय में मुद्रा का वर्णन इसी भावना को प्रधान मानकर दिया गया है। किन्तु यह शब्द भी काल के साथ अपने स्वरूप को परिवर्तित करता आ रहा है।

बाद में (चतुर्थ शती के बाद) मुद्रा शब्द का सामान्य अर्थों के साथ-साथ गम्भीर अर्थ में भी प्रयोग होने लगा। खासकर साधनाकाल में शरीर की या किसी अङ्गविशेष की कुछ विशिष्ट आकृति को मुद्रा कहा जाने लगा। जैसे– अङ्कुशमुद्रा[5], अभयमुद्रा[6], कुम्भमुद्रा[7], वरमुद्रा[8], शङ्खमुद्रा[9] आदि। इस प्रकार के अनेकानेक आकृतिविशेषजन्य मुद्राओं के नामकरण के बाद तन्त्रसाधकों का ध्यान इन मुद्राओं के अभ्यास से प्राप्त लाभों को देखकर, बाद में इनको कुछ खास अभ्यास से भी संयुक्त कर विशिष्ट स्थिति में विशिष्ट मुद्रा का ही अभ्यास हो, ऐसा नियमन कर दिया गया। तान्त्रिकपद्धति में मुद्रा का उपयोग यहाँ तक हुआ।

वैसे बीच में एक ऐसा भी समय आया, जब तन्त्र की विकृतियों के साथ मुद्राओं में भी विकृतियाँ आयी। एक समय जो मुद्रा सम्मान का स्थान प्राप्त किये थी वही असम्मानजनक लगने लगी। उनमें वज्रोली, सहजोली आदि मुद्राओं का समावेश है। यद्यपि असंग द्वारा वर्णित 'गुह्यसमाजतन्त्र' में (तीसरी शती) हठयोग से समन्वय की बात हमें मिलती है[10]। किन्तु इसके बहुत बाद में लगभग आठवीं शती के अन्त से बारहवीं शती तक के काल में बौद्धों के महायान का परिवर्तित रूप 'मन्त्रयान' और फिर 'वज्रयान' के रूप में उभरा। इस परिवर्तन में वज्रयान में मन्त्र और योग के साथ मद्य और मैथुन भी सम्मिलित हो गया। इस प्रकार वज्रयान सम्प्रदाय लगभग चार सौ वर्षों तक अपने दिन देखकर पतनोन्मुख हुआ। वज्रयानियों में प्रायः सभी वर्ण के साधक थे। इस कारण इसमें वर्ण और वर्ग की भावना थी। प्रत्येक वज्रयानी साधक एक महामुद्रा के सम्पर्क में अवश्य रहता था। वह किसी नीच जाति की रूपवती स्त्री को अपने लिये चुन लेता था और फिर गुरु के आदेश से उसे अपनी महामुद्रा बना लेता था। उसके सहवास में रहकर ही उस साधक की हर प्रकार की साधना चला करती थी। उन दोनों की वृत्तियों में साम्य लाने के प्रयत्न सहवास के द्वारा ही किये जाते थे। इन सिद्धान्तों के कारण साधना कामप्रधान बन गयी। इसका दुष्प्रभाव समाज में बड़ी तीव्रता से फैलने लगा। आगे चलकर यह वज्रयानी सम्प्रदाय ही सहजयान सम्प्रदाय के रूप में परिवर्तित हो गया। और तब सहजयानियों ने वज्रयान में प्रचलित मन्त्र आदि बाह्यसाधनों की उपेक्षा करके मानसिक शक्तियों के विकास पर ही विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अपने पूर्वजों के मूल पारिभाषिक शब्दों को

---

5. दक्षमुष्टिगृहीतस्य वाममुष्टेस्तु मध्यमाम्।
   प्रसार्य तर्जन्याकुञ्चेत्सेयमङ्कुशमुद्रिका॥
6. अर्धीकृतो दक्षहस्तः प्रसृतोऽभयमुद्रिका। —शा. ति. 73.
7. दक्षाङ्गुष्ठे पराङ्गुष्ठ क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन तु।
   सावकाशात्मकं मुष्टिं कुर्यात्कुम्भस्य मुद्रिका॥
8. अधोमुखो वामहस्तः प्रसृतो वरमुद्रिका। —शा. ति. 73.
9. वामाङ्गुष्ठं तु संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना।
   कृत्वोत्तानं तथा मुष्टिमङ्गुष्ठन्तु प्रसारयेत्॥
   वामाङ्गुल्यस्तथा शिष्टाः संयुक्ताः सुप्रसारिताः।
   दक्षिणाङ्गुष्ठसंस्पृष्टा मुद्रा शङ्खस्य चोदिता॥ —शा. ति.
10. यदा न सिद्ध्यते बोधिर्हठयोगेन साधयेत्॥ —गु. स. त. 18/162.

स्वीकार करते हुए भी उनको अपनी व्याख्या से विभूषित किया। इस प्रकार वज्रयान में जो वज्र शब्द पुंसेन्द्रिय का प्रतीक था, वह सहजयान में उस प्रज्ञा का बोधक बना लिया गया, जो 'बोधिचित्त का सार है'[11]।

तन्त्र अपने आप में एक पूर्ण योग है। तान्त्रिक सिद्धियों के लिए योगाभ्यास अनिवार्य है। तन्त्रशास्त्र एक वस्तु को दूसरे वस्तु से मिलाने को योग मानता है[12]। अभिनवगुप्त ने कहा है कि— यदि मनुष्य गार्हस्थ्य जीवन बिताते हुए, लौकिक सुखों का अनुभव करते हुए, शास्त्र-विधि से भोगवासनाओं को तृप्त करते हुए माहेश्वरआगम द्वारा बताये गये योग का अभ्यास करे तो वह आत्मानन्दकला का रसास्वादन करता है[13]। इस प्रकार के अभ्यास से सभी सांसारिक भोगों से विरक्ति हो जाति है। और मन में यह विचार पैदा होता है कि— 'किमेतैःक्षणिकैर्भोगैः?' इन क्षणिक भोगों में क्या धरा है? इस प्रकार का निरादर भाव उत्पन्न होने पर साधक इन्द्रियों के कार्यव्यापार विषयभोगों की तृष्णा से विरत हो जाता है।

नाट्य-नाटकों में भी अधिकांश रूप में बाह्यशरीराकृतिपरक अर्थ लेकर मुद्रा का उप-योग पर्याप्त रूप में होता है। अभिनयकाल में कलाकार अपने शरीर की विभिन्न आकृतियों के द्वारा अपनी भावना को अभिव्यक्त करता है। किन्तु यहाँ पर इस आकृति का सम्बन्ध शारीरिक या भावनिक स्तर तक ही अधिकांशतः रहता है। साधना की दृष्टि से आध्यात्मिक मार्ग में प्रगति के लिए यह अधिक उपयोगी नहीं होता है।

मुद्राओं का तीसरा परिवर्तन नाथपन्थियों के समय में प्रारम्भ हुआ, जिसमें हठयोग का प्राधान्य था। यहाँ मुद्राएँ अङ्गुलियों के अवगुण्ठन में न रहकर शरीर के आन्तरिक धरातल पर कुछ विशिष्ट प्रक्रियाएँ बन गयीं। तब इस मुद्रा को हठयोग का एक अङ्ग मानकर इसका विधिवत् अभ्यास किया जाने लगा। और इसके परिणाम बडे ही विलक्षण तथा आध्यात्मिक मार्ग में प्रगति के लिए उपयोगी प्रमाणित होने लगे।

नाथों के योग की विशेषता यह थी कि उसमें संयम के कायिक पक्ष पर बल दिया गया था। इसका सम्बन्ध शारीरिक-नाडी विषयक तथा प्राणसञ्चार सम्बन्धी ज्ञान से विशेष है। नाथों का सामान्य सिद्धान्त उन भौतिकतत्त्वों का ज्ञान है, जिनको हम जाग्रत् अवस्था में स्थूलतम रूप में पाते हैं और सम्प्रज्ञात या तथाकथित सस्मिता समाधि में सूक्ष्मतम रूप में अनुभव करते हैं।

आनन्द ज्ञान से प्राप्त होता है और योग की सहज अभिव्यक्ति ही ज्ञान है। यह ज्ञान पुस्तक-ज्ञान से भिन्न होता है। पुस्तकों से प्राप्त सैद्धान्तिक-ज्ञान को नाथों ने हेय माना है। इसीसे यह कहा गया है कि— 'योग से रहित ज्ञान मोक्ष के लिए नहीं होता'[14]। नाथों की यह स्पष्ट धारणा है कि योग के बिना सिद्धि प्राप्त करना असम्भव है[15]।

---

11. कबीर एक विवेचन (ले डॉ सरनामसिंह शर्मा), p 123.
12 योगमेकत्वमिच्छन्ति वस्तुनोऽन्येन वस्तुना॥ —त. शा
13. अनादरविरक्त्यैव गलन्तीन्द्रियवृत्तयः।
    यावत्तु विनियम्यन्ते तावत्तावद्विकुर्वते॥ —मालतीविजयवार्त्तिक
14 योगेन रहितं ज्ञानं मोक्षाय नो भवेत्।
15 सन्मार्गश्च योगमार्गः तदितरस्तु पाषण्डमार्गः॥ —सिद्धसिद्धान्तपद्धति

गोरक्षनाथ का कहना है कि हठयोग-साधना में मुद्रा के द्वारा कुण्डलिनीजागरण होने पर, ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँचने पर अनाहतनाद सुनाई पढता है, जो समस्त सारतत्त्वों का सार है और गम्भीर से भी गम्भीर है। इसीसे ब्रह्मानुभूति की स्थिति उपलब्ध होती है, जो स्वसंवेद्यता के कारण अनिर्वचनीय है[16]। इस प्रकार गोरक्षनाथ प्राणक्रिया तथा मुद्रा-प्रधान योग साधना को वेदाध्ययन से भी अधिक महत्त्व देते हैं[17]।

तान्त्रिक मान्यता के अनुसार योग को चार भागों में विभक्त कर इसे महायोग की संज्ञा दी गई है। "मन्त्रो हठो लयो राजयोगान्तः भूमकाः क्रमात्। एक एव चतुर्धायं महा-योगोऽभिधीयते"। इनमे पहला है– मन्त्रयोग। "मननात् त्रायते इति मन्त्रः" इस अर्थ के अनुसार इस योग में कुछ खास-खास तान्त्रिक मन्त्रों (बीजमन्त्रों) के जप आदि के द्वारा साधक को विशेष दैवी सहायता प्राप्त होती है, जिससे वह अपनी साधना में सफल होता है। इस क्रिया से बीज में निहित अन्तःशक्ति साधक के चित् व मन पर प्रभाव डालता है। और साधक के चित् अस्तित्व में एक विचित्र प्रकार की महाशक्ति उत्पन्न करती है[18]।

इसके बाद है हठयोग। हठयोग एक ऐसा विज्ञान है, जिसके द्वारा साधक शरीर की गहराई में सफलतापूर्वक उतर सकता है। इस योग में 'ह' और 'ठ' के मिलन के द्वारा साधक उस स्थिति में पहुँचता है, जिसे मुद्रा कहा जाता है। इडा-पिङ्गला के मिलन से अभीतक जो प्राणवायु इन नाडियों से आ-जा रहा था, उसका प्रवेश-सुषुम्ना में हो जाता है। जब सुषुम्ना में वह वायु प्रविष्ट होता है और धीरे-धीरे ऊपर की ओर चींटी जैसे सरकता है, तब उस अलौकिक आह्लाददायक संवेदनात्मक अनुभव को बडी ही सतर्कतापूर्वक पूर्ण एकाग्रता के साथ के साथ अनुभव करना या देखना मुद्रा है। इसके लिए प्रथम साधक को बाह्येन्द्रियों को भीतर की ओर उन्मुख करना होता है अर्थात् प्रत्याहार की स्थिति लानी होती है। इस प्रकार जब सभी इन्द्रियों अन्तर्मुख हो जाती है, तब अपने मन को उस आन्तरिक संवेदनात्मक अनुभव को ही देखने में लगाकर इस मुद्रा का अभ्यास किया जाता है। इसी स्थिति को कुण्डलिनीप्रबोध की संज्ञा दी जाती है[19]।

इस प्रकार कुण्डलिनीजागरण के लिए मोटे तौर पर मुद्राओं के दस विभाग किये गए है[20]। इन दस मुद्राओं के अभ्यास से आन्तरिक रूप में प्राण की कुछ खास आकृति का अनुभव

16. सारमसार गहरगभीर गगन उचलिया नादम्।
मानिक पायां फेरि लुकाया झूठा वादविवादम्॥ —गोरखवानी
17. कबीर' एक विवेचन (ले डॉ. सरनाम सिंह शर्मा), p 143.
18. तन्त्र सिद्धान्त और साधना (ले. देवदत्त शास्त्री), p. 108
19. येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थान निरामयम्।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वार प्रसुप्ता परमेश्वरी॥
उद्घाटयेत्कपाट तु यथा कुञ्चिकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वार विभेदयेत्॥
विविधैरासनैः कुम्भै' विचित्रै' करणैरपि।
प्रबुद्धायां महाशक्तौ प्राण' शून्ये विलीयते। —हठप्रदीपिका III 102–103, IV. 10.
20. महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी। उड्डीयान मूलबन्धस्ततो जालन्धराभिधः॥
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्॥ —हठप्रदीपिका III. 6.

लेने के लिए प्रथम शरीर को विशिष्ट आकृति में (आसन में) रखकर साथ ही प्राणका निरोध (कुम्भक) कर त्रिवन्धों[21] के साथ अभ्यास किया जाता है, जिससे कि शरीर के अन्तर्गत प्राण के उसी प्रकार की आकृति का अनुभव हो। पर्याप्त अभ्यास के बाद जब साधक इन मुद्राओं के शरीराकृति का अभ्यास प्राणनिरोध के साथ करने में समर्थ होता है, तब उसके अन्दर स्तम्भित प्राणवायु का संस्पर्श के उठने का अनुभव होना प्रारम्भ होता है। और तब इसे ही प्राणसंस्पर्श का उठना, अलौकिक संवेदना का अनुभव होना या कुण्डलिनी का जगना कहा जाता है। इस प्रकार इन दसों मुद्राओं के द्वारा कुण्डलिनी जागृत करना मुद्रा का मुख्य उद्देश्य होता है। घेरण्डसंहिता में भी इसी प्रकार का मिलता-जुलता मुद्रा का वर्णन मिलता है। किन्तु वहाँ पर मुद्रा की संख्या बढाकर पच्चीस कर दी गयी है[22]।

किन्तु मुद्रा का कार्य यहीं समाप्त नहीं हो जाता, अपि तु कुण्डलिनी जागृति के बाद उस अलौकिक आनन्द का सर्वतोभावेन अनुभव लेते रहना भी मुद्रा की स्थिति में ही होता है। अतः कहा जा सकता है कि मुद्रा हठयोग की वह स्थिति है, जिसमें हठयोगी का चित्, मन पूर्ण शान्त होकर मात्र आन्तरिक अनुभवों का ही आस्वाद लेता है। यही कारण है कि मुद्रा का हठयोग के अन्तिम अङ्ग नादानुसन्धान से ठीक पहले तीसरे अङ्ग के रूप में स्थान है[23]।

इसके बाद है लययोग। इस योग में हठयोग के मुद्राओं के पर्याप्त अभ्यास से प्राप्त कुण्डलिनीजागरण और उस जागरण से उत्पन्न नाद में ही मन को लय कर देने का अभ्यास किया जाता है। उस स्थिति में सभी विषयों की विस्मृति होकर वासनाओं का सर्वथा अभाव हो जाता है[24]। साथ ही सभी प्रकार की चेष्टाएँ भी समाप्त हो जाती है। तथा साधकों में एक प्रकार की अपूर्ण एवं अलौकिक लय की उत्पत्ति होती है, जिसे अनुभव तो किया जा सकता है किन्तु वर्णन नहीं किया जा सकता है[25]।

इसके बाद इस महायोग की अन्तिम कडी है राजयोग। यह राजयोग लय से उत्पन्न समाधि को ही कहा जाता है[26]। इस प्रकार हठ और लय की सभी प्रक्रियाएँ राजयोग की प्राप्ति के लिए ही होती है। राजयोग प्राप्त कर लेने वाला योगी मृत्यु को जीत लेता है[27]।

---

21. उड्डीयान, मूलवन्ध, जालन्धरवन्ध,
22. महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्। मूलवन्धो महावन्धो महावेधश्च खेचरी॥
विपरीतकरी योनिर्वज्रोली शक्तिचालिनी। ताडागी माण्डुकी मुद्रा शाम्भवी पञ्चधारणा॥
अश्विनी पाशिनी काकी मातङ्गी च भुजङ्गिनी।
पञ्चविंशतिमुद्राश्च सिद्धिदा इह योगिनाम्॥ —घेरण्डसंहिता III. 1-3
23. आसन कुम्भकं चित्रं मुद्राख्यं करण तथा।
अथ नादानुसन्धानमभ्यासानुक्रमो हठे॥ —हठप्रदीपिका I 56
24. लयो लय इति प्राहुः कीदृशं लय लक्षणम्।
अपुनर्वासनोत्थानाल्लयो विषयविस्मृतिः॥ —हठप्रदीपिका IV. 33.
25. उच्छिन्नसर्वसङ्कल्पो निःशेषाशेषचेष्टितः।
स्वावगम्यो लयः कोऽपि जायते वागगोचरः॥ —हठप्रदीपिका IV. 32
26. लयोद्भवमिदं सौख्यं राजयोगादवाप्यते॥ हठप्रदीपिका IV. 78.
27. सर्वे हठलयोपाया राजयोगस्य सिद्धये।
राजयोगसमारूढः पुरुषः कालवञ्चकः॥ —हठप्रदीपिका IV. 103.

शास्त्रानुसार चित्तनदी उभयतोवाहिनी है। वह संसार की ओर प्रकट रूप में निरन्तर बहिर्मुख अथवा अधोमुख होकर बह रही है। एवं वही पुनः कल्याण की ओर गुप्त रूप से अन्तर्मुख अथवा ऊर्ध्वमुख होकर बह रही है। यह जो ऊर्ध्वमुखी या अन्तर्मुखी धारा है, यह मानवशरीर के मेरुदण्ड के बीच में स्थित सुषुम्ना नाडी का अवलम्बन कर प्रवाहित होती है। और बहिर्मुखी या अधोमुखी धारा इडा और पिङ्गला एवं उनकी असंख्य शाखा-प्रशाखाओं का अवलम्बन कर प्रवाहित होती है।

बौद्धसाधना में श्वास-प्रश्वास पर ध्यान करने की जो प्रक्रिया प्रचलित है, उसे 'आनापान स्मृति' कहा जाता है। इस ध्यान के अभ्यास में न तो क्रियायोग है और न प्राणों का निरोध है। केवल प्राणों की गति पर मन को स्थिर किया जाता है। वस्तुतः आनापानस्मृति ध्यान एक प्रकार का मानसिक ध्यान या हठयौगिक मुद्रा है। इस मानसिक क्रिया के अभ्यास से सूक्ष्मता की वृद्धि होती है। इस ध्यान का अभ्यास करने के लिए स्मृति और प्रज्ञा का निर्मल होना आवश्यक बताया गया है। स्मृति की निर्मलता के अनुसार ही निरीक्षण की स्पष्टता बढती है। स्मृति जितनी दृढ होगी निरीक्षणता उतनी ही स्थायी बनती है। इस ध्यान या मुद्रा में अस्पष्टता या चञ्चलता बाधा मानी गई है। आनापानस्मृति ध्यान या मुद्रा के लिए एकान्त स्थान और पद्मासन या सिद्धासन को उपयोगी बताया गया है। किन्तु प्राथमिक अभ्यासकाल में शवासन को भी प्रधानता दी गयी है। रात में चित्त लेटकर निश्चेष्ट होकर इसका अभ्यास प्रारम्भ में किया जाता है। प्रारम्भ में श्वासों पर ध्यान जमाया जाता है। श्वास-प्रश्वास अपनी स्वाभाविक गति से चलते रहते हैं। साधक केवल उनका निरीक्षण करता है। श्वास कहाँ से उठा, किस प्रकार धीरे-धीरे बाहर निकला, फिर किस प्रकार लौटकर प्रवेश किया, इन सब बातों का निरीक्षण करता हुआ साधक अपने मन में अन्य और कोई वासना या भावना नहीं लाता है। इस प्रकार का अभ्यास बढते-बढते जब यही निरीक्षण कार्य मात्र आन्तरिक संवेदनात्मक प्रवाह के लिए होता है, तब वह मुद्रा कहा जाता है।

गोरक्षनाथविरचित ग्रन्थ 'अमरौघशासनम्' में मुद्रा को इन्होंने 'सारणा' कहते हुए इस प्रकार वर्णन किया है कि– शरीर के आन्तरिक शक्तियों में से ऊपरी शक्ति अर्थात् प्राण को नीचे की ओर लाना, नीचे की शक्ति अर्थात् अपान को मूलबन्ध के द्वारा ऊपर की ओर लाना तथा मध्यशक्ति अर्थात् सुषुम्ना को जगाने से परमाह्लादक आनन्द का अनुभव होता है[28]। सरण होना अर्थात् धीरे-धीरे प्राण का प्रसार होना या सरकना" इसी अर्थ को ध्यान में रखते हुए गोरक्षनाथ ने मुद्रा को सारणा कहा है। निम्नलिखित दो श्लोकों में भी मुद्रा के द्वारा यही कुण्डलिनीजागरण की प्रक्रिया का वर्णन विस्तार से किया गया है[29]।

---

28. ऊर्ध्वशक्तिनिपाताच्च तथाधःशक्तिकुञ्चनात्।
 मध्यशक्तिप्रबोधेन जायते परमं सुखम्॥ —अमरौघशासनम्, p. 1.

29. यच्चन्द्रप्रभव वराम्बरगतं यल्लिङ्गसंज्ञं जलम्।
 स प्राणस्तदधः स्थिर च कमल धत्ते मुखोर्ध्वं हृदि।
 बद्ध्वा कुम्भकमात्मगाढरचितं तद्ब्रह्मनाडीगतम्
 ह्यानेतु वदने षडध्वगकला सैवंविधा धारणा॥

(Continued on the next page)

शाम्भवीमुद्रा के वर्णनप्रसङ्ग में श्रीस्वात्माराम ने भी कहा है– लक्ष्य अन्दर की ओर और निर्निमेष दृष्टि बाहर की ओर रखना वेदशास्त्रों में गुप्त रूप से वर्णित शाम्भवी मुद्रा है[30]। खेचरीमुद्रा के वर्णनप्रसङ्ग में भी उन्होंने कहा है– शक्ति के बीच मन को तथा मन के बीच शक्ति को कर के मन से ही मन को देखते रहना खेचरीमुद्रा है[31]।

गोरक्षनाथ ने भी अपने अमरौघशासनम् में यही कहा है। वे कहते है— केचिद्वदन्ति शुभाशुभकर्मविच्छेदं मोक्षः। केचिद्वदन्ति वेदपाठाश्रितो मोक्षः। केचिद्वदन्ति निरालम्बनलक्षणो मोक्षः। केचिद्वदन्ति ध्यानकलाकरणसम्बद्धप्रयोगसम्भवेन रूपबिन्दुचैतन्यपिण्डाकाशलक्षणो मोक्षः। केचिद्वदन्ति पूजापूजकममद्यमांसादिसुरतप्रसङ्गमानन्दलक्षणो मोक्षः। केचिद्वदन्ति मूलकन्दोल्लासित कुण्डलिनीसञ्चारलक्षणो मोक्षः। केचिद्वदन्ति सुसमदृष्टिनिपातलक्षणो मोक्षः। इत्येवं विधभावनाश्रितलक्षणो मोक्षो न भवति। अथ मोक्षपदं कथ्यते– यत्र सहजसमाधिक्रमेण मनसा मनः समालोक्यते स एव मोक्षः[32]।

जैसे ही हम शरीर के भीतर होनेवाली क्रियाओं का अनुभव करने लगते है तथा मनन और चिन्तन की प्रवृत्तियों पर ध्यान देते हैं वैसे ही स्थूल से हटकर सूक्ष्म में प्रवेश कर जाते हैं। तब बाह्य स्थूलरूपता के अतिरिक्त कुछ अन्तः सूक्ष्म जगत् भी है ऐसा भासित होने लगता है। इसी के साथ ऐसा भी प्रतीत होने लगता है कि सूक्ष्म जगत् पर जो विचार कर रहा है, वह इस सूक्ष्म एवं स्थूल जगत् से भी भिन्न है। एक दृश्य है तो दूसरा द्रष्टा है। एक विचार्य है तो दूसरा विचारक है। एक अनुभवनीय है तो दूसरा अनुभवकर्ता है।

इस प्रकार प्राचीनकाल से लेकर आजतक मुद्रा में हुए परिवर्तन और तत्प्रयुक्त लाभालाभों को देखने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि हठयोग के तीसरे अङ्ग के रूप में आज जो मुद्रा का समावेश है वह वास्तव में आसन-प्राणायाम और बन्धों के साथ किए गए अभ्यास के समय उठनेवाले आन्तरिक एवं अलौकिक संवेदनात्मक संस्पर्श का अनुभव प्राप्त करनेवाली सम्पूर्णतः बाह्यरूप से निष्क्रिय एवं आन्तरिक रूप से पूर्णतः एकाग्रवृत्ति ही है। और मुद्रा का यही अर्थ यहाँ भी स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

(Continued from the last page)

आधाराम्बुजकोशकन्दभुजगी सम्भूयनाडीत्रयात्
चन्द्रार्कोद्भवनाडिकोर्ध्वयुगल चाद्वैतपथ्यागतम्।
तत्रैवाङ्गुलिभिर्निपीडय क्रमशः शान्ति मनोभासतम्
चन्द्रो याति रविं ततश्च भुवने तुल्ये महासारणा॥ —अमरौघशासनम्, pp. 1–2.

30. अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिः निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा सा शाम्भवी मुद्रा वेदशास्त्रेषु गोपिता॥

31. शक्तिमध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानसमध्यगाम्।
मनसा मन आलोक्य धारयेत्परमं पदम्॥ —हठप्रदीपिका IV. 36, 54.

32. अमरौघशासनम्, p. 9.

WEST - ASIAN STUDIES

MOSQUES OF ISTANBUL

By

N. AKMAL AYYUBI

The capital of the Republic of Turkey is Ankara but Istanbul it bridges Europe and Asia and is the largest city. Situated at the entrance of Bosphorus and linking the Sea of Marmara to the Black Sea it is rich in historical and artistic resources. It is also one of the most important social and intellectual centres as well as a commercial and an industrial place. The city was first founded on one hill in ancient times but had spread to seven hills in the medieval period and is still spreading rapidly along the shores on the other hills dominating the sea of Marmara, the Bosphorus and the Golden Horn. Encircled almost on all sides by seas, it is nature's exqucsite masterpiece and offers a beautiful diversity of the East and the West as well as of the past and the present. For 1600 years it was in turn the capital of the Roman, Byzantine and the Ottoman Turkish empires and is almost entirely covered by historical monuments. Proportionally to the rise of the Ottoman Turkish Empire, Istanbul grew and prospered and became the greatest centre of art, culture and commerce in the Islamic world. It is graced with numerous masterpieces of Turkish architecture and an elegant display of minarets and domes, dominates and creates impressively beautiful sky-line of the city.

Istanbul is a city of mosques. It has more than 500 mosques. Only Aya Sofya and Kariye were originally churches which were converted into mosques and minarets of Turkish style were added. Others, big or small, all were built during the Ottoman Turkish period. One of the oldest mosques of Istanbul built after the conquest of the city in 1453 is the Mosques of Mahmud Pasha. It was completed in 1462 for the vizir to the Sultan Mehmed Fatih (the conqueror) but the mosque constructed for Sultan Mehmed hisself is the Fatih mosque. First built in 1470, it was so badly destroyed in an earthquake of 1765 that it had to be razed to its foundation and the edifice took its present enlarged form in 1771, during the reign of Sultan Mustafa III (1757–1774).

An inscription on the magnificent marble entrance gate of the Fatih Mosque is in beautifully ordered *thuluth*. It is the work of ' Alī bin Yaḥyā Sūfi ' one of the best known calligraphers of the period of Mehmed Fatih and gives the date

of the construction of the original mosque as 1463–1470. The assertion that the former mosque was built by Byzantine architects, who were supposed to have taken Aya Sofya as a model, is not based on sound foundations since, toward the end of the Byzantine period, architects of Byzantium were no longer able to construct big domes, whereas the Turks had already proven their ability in this, field in the mosques they had built in the cities of Konya, Bursa, Edirne and in other places long before the conquest of Istanbul. It is, therefore, out of the question that the Fatih mosque was built by Byzantine architects and that the Ottoman Turks took Aya Sofya as their model. Several solutions to the problem of roofing a covered space were founded by the Turks. At the end of the 11th century an experiement of constructing a unified central dome was done by the Turks in the Mosque of Talkhatan Baba built near Merv. This mosque is rectangular in shape and has a central dome extended on each side by cross vaults. Various other developments in mosque building had also taken place before the establishment of the Ottoman Empire in West Asia in 1281. A balancing of the open and closed parts, a harmony between the interior and exterior, the addition of a courtyard to the main mosque with a portico and the addition of a narthex[1] to the mosque were already innovated during the period of the Principalities (*Beyliks*) in Anatolia. In the Ulu Mosque of Bursa (late 14th century) the Ottoman Turks had solved the problem of space by covering the flat ceiling with twenty small domes, placing five domes along each of the four aisless. The Uch Sherefli Mosque of Edirne (1437–1447) is also one of the best examples in which two domes are merged in a large single dome of 24 metres in diameter which is set on hexagonal piers and six arches and then extended at the sides by four small domes. These served as prototypes for later developments. Therefore, it is fallacious to suppose that the Turks had taken Aya Sofya as their model. However, the desire to construct buildings rivaling Aya Sofya had created great impetus to innovate new style. The most important of these domes in a large-scale building like the Fatih Mosque which had presented great difficulties and necessitated great architectural skill. A half-dome of the Fatih Mosque was in the side of *qible* and was attached to a larger central dome of 26 metres in diameter which was extended by three small domes on each side. This took its origin from the attempt to enlarge the dome of the Uch Sherefli Mosque and to achieve unprecedented interior volume The dome of the Fatih Mosque was collapsed in the earthquake of 1765 and the present-day mosque with its four half-domes was constructed between 1767 and 1771 by the architect named Tahir Agha[2] who was assisted by Kor Yani. Its inner decoration consists

1. Narthex in an enclosed passage.

2 Tahir Agha (1764–1764) was Royal architect. He was the first Turk to adopt the Baroque and Rocoeo styles to Turkish architecture.

of coloured stone in-lays and tile panels with white lettering of the quranic verses on a blue ground. There are two pencil-liked minarets each having only one balcony. On the southern face of the base of the minaret there is a covered sun-dial attributed to ʻAlī Kushju who was a great Turkish mathematician of the 15th century. The original mosque was built by the architect named Atik Sinan al-Din Yūsūf[3] and formed the centre of the Fatih complex (*Kulliye*) composed of the hundreds of domes of the 16 medrasas making up the university of that time, a guest house (*tabhane*), a hospital (*timarhane* or *shifahane*), a cara-vansari (*han*), baths (*hammam*), tombs and a public soup-kitchen (*imaret*). Mausoleum (*turbe*) of Sultan Mehmed Fatih and his wife Gulbahar Khatum is also there behind the mosque. Its courtyard survived the earthquake and is preserved unchanged. It is surrounded by arcades supported on columns and a conical roofed fountain (*shadirvan*) for ritual ablution in the centre.

The Mosque of Fatih had opened a new era with its great dome and with the addition of a half-dome connected to it. This had made it natural and even imperative to add another half dome on the other side of the mosque for symmetry and for much wider space. It was this idea that gave rise to the two half-domes of the Bayezid Mosque which is also one of the most beautiful and earliest of the large Ottoman mosques.

Situated on one of the seven hills of tee old Istanbul Bayezid Mosque stands on the square of the same name. It was built by order of Sultan Bayezid II (1481–1512) and Hayreddin[4] is said to have been its architect. According to the magnificent inscription on the main gate transcribed by a famous Turkish calligrapher named Shaykh Hamdullah (1430–1520) the mosque was built between 1501 and 1506. It is on a rectangular plan consisting of two squares of equal size, one square being for the courtyard and the other main portion for the prayer (*namāz*) which is covered by a central full dome and two half domes. The central dome which is 18 metres wide in diameter rests on four large pillars forming a square with flat pendentives and pointed arches. Half-domes and supports meet the outward pressure. On both sides of these domes there are side naves each with four domes. The arches supporting these domes and the pillars carrying the large dome rest on large columns of porphyry. The interior of the mosque is lit by means of round arched windows on the half-domes, and by the two rows of windows on the walls.

3. Atik Sinan al-Din Yūsūf was the Royal architect of period of Mehmed Fatih and is buried in the courtyard of the Kumruna Masjid which he himself built in 1471.

4. Architect of the Mosque of Bayezid was Heyreddin but Yakub Shah was the Royal Architect of Bayezid II.

The Mosque of Bayezid has also been linked to that of Aya Sofya but the two buildings have no resemblance to each other either in plan or in architecture. They are, in the words of Oktay Aslanapa,[5] as different as two separate worlds. The Mosque of Bayezid is a natural development of the early architecture of the Turks. It is a fact, however, that the Aya Sofya had aroused a great admiration of Ottoman architects but the ideas and inspirations they received from it were found in their own style of architecture.

The courtyard of the Mosque of Bayezid is surrounded by porticos with twenty-four domes which are an exquisite work of art especially for its proportionate dimensions as well as its rich decoration. It has an ablution-fountain in the middle and three gate-ways opening to the outside as well as an entrance leading to the main part where *namāz* is offered. Differing slightly these gates are impressive in their simplicity of design. The courtyard, in the words of Behchet Unsal,[6] has the effect of detaching a men's mind from the material world and preparing it for the spiritual atmosphere of the mosque' Stones of different kinds are used in differents parts of the Bayezid Mosque, but the portals, the royal gallery (*maqsure*[7]), the gallery of the *mueumine*, the ablution fountain, the capitals and the cornices are of marbles. Two pencil-like minarets each with a gallery are very skilfully built at the corners at an interval of 87 metres. Its two half-domes are also an improvement on the Fatih Mosque which had only one in the early. Later on this style of adding half-domes to the central dome was further experimented and was developed. The most remarkable example or this experiment is the Mihrimah Mosque built by master architect Sinan[8] in 1548 for Rustem Pasha[9] in memory of the wife. It has three half-domes and this style had reached its final stage in the Shehzade Mosque of Istanbul which has four half-domes. The Shehzade Mosque is one of the important works of Sinan who was a great master of Turkish architecture. This mosque was built for the Prince (Shehzade) Mehmed at the order of hir father Sultan Suleyman, the

5. *Turkish Art and Architecture*, London, 1971, p. 213.

6. *Turkish Islamic Architecture*, London, 1959, p. 103–4.

7. It is a place set apart in the mosque for the Caliph or his represeutative during prayer, serving as a way of protecting him against assassination. It is called in Turkish Maksure.

8. Sinan was a great architect of the reign of Sultan Suleyman and was a genius of world stature Only due to this fact he is known as Sinan, the great. He was born in 1490 at Agnirnas in Kayseri and died in 1538 at Istanbul. His grandfather named Doghan Yusuf Agha was also abuilder He had constructed about 364 monuments throughout the Ottoman Empire. His Shehzade Mosque and Suleymaniye Mosque of Istanbul and Selimieye of Edirae show main stages in development of his architectural genius. Sinan himself had said that his Shehzade Mosque was a work of his apprenticeship Su'eymaniye as the work of his maturity and Selimeye mosque of Edirne as his masterpiece

9. Rustem Pasha was son-in-law and grand Vizier of Sultan Suleyman,

Magnificent[10] to honour the memory of his son who was untimely put to death. Its construction work was started in 1544 and was completed in four years in 1548. The large central dome of the Shehzade Mosque is 37 metres high and 19 metres in diameter. This dome is added by four half-domes each of which is enlarged by two exedras on each side which give a stereometric effect. Few domes are placed on the blank spaces on the corners also. Its two pencil-like minarets each of 41.5 metres in height and with two galleries are multi-sided which are decorated with motifs in high relief. The other buildings attached to this mosque are the tomb (*turbe*) of the prince Mehmed, a madrase, a guest house (*tabhane*) and a soup-kitchen or restaurant (*imaret*). All in all, the special feature of the Shehzade Mosque, to the best of my knowledge, is a new style aimed at opening the entire edifice into one congregational hall so that every worshipper could see the prayer-niche (*miḥrāb*) as well as the wooden *mimbar* (pulpit). The occasional inorganic elements scattered here and there in the facade of this mosque may be attributed to the architect's feeling for the memory of this unhappy youth.

The Mosque of Suleymaniye is also towering like a diadem over the third of the seven hills on which old Istanbul is situated. Overlooking the Golden Horn and the Bosphorus, it is one of the symbols of the Ottoman Turkish Empire at the climax of its glory and gives a feeling of power combined with elegance. Its construction was started in 1550 and was completed in seven years in 1557 by Sinan, the Great for Sultan Suleyman, the Law-giver and the Magnificent. The Mosque of Suleymaniye is a tiger, colossal and sated, conscious of his strength but who designs not to use it. The superiority of this mosque resides in Sinan's success in introducing the beauty of symmetry on the exterior as well as in the interior. Its great central dome stands at the height of 53 metres with a diameter of 26.50 metres and is supported by four massive square pillars between which rise huge porphyry columns four metres in circumference and twenty metres high. The half domes which had a flattened appearance in the Bayezid Mosque has now acquired a more spherical character by the heightening of the central dome in the Suleymaniye Mosque. Its buttresses are also hidden by external porches. Two half-domes of this mosque are enlarged by two exedras and the sides of the building are covered by five domes larger than those between the corners of the centre. In Bayezid Mosque, thick columns placed in the middle of the space between the two pillars on both sides separate the side naves. In Suleymaniye Mosque, two thinner columns placed further back, join the side naves with the central nave, and thus ensure a larger and more unified spatial effect. There is also no echo, and voices are heared clear and strong.

10. He is known in Turkey as the Law-giver (*Kanuni*) i. e., (*Qānūnī*).

The inner courtyard of the Suleymaniye is marble-paved, and is surrounded with a portico covered with twenty eight domes. The altar *mimber* and the gallery of the *muzzins* are also of marble. On the south east corner is the royal gallery built on porphyry columns. Smoke of the candles is to go through small holes and is to accumulate in a small room called smoke room (*duman odasi*). A graceful fountain is also in the middle and four pencil-like minarets rise from the four corners of the courtyard. It is to be noted that the two minarets on the north side have two galleries each, while those two on the south, which are higher (63. 80 metres) have three each. These galleries are ten in number as a record that Sultan Śuleyman was the tenth of the house of Othman (Osman). The internal acoustics are exceptionally good and its inscriptions are the work of Hasan Chalebi.

The Suleymaniye is a monument created through the cooperation of town planning, architecture and engineering. Every part of the mosque reveals mathematical precision and care and every piece is used in the right place and in the right proportion. It is also considered one of the five noblest religious edifices in the world. No impression of vaingloriousness is given. The dimensions and the effect created by this monument are no less magnifirent than the Sultan Suleyman who caused it to be built but the Mosque of Sullan Ahmed is also one of the most prominents. It is situated near the Byzantine Hippodrome which is not far from the Aya Sofya. Being a masterpiece of Turkish architecture it is also one of the most beautiful mosque of Istanbul and is better known under the name of *mavi jami* which means ' blue mosque '. It is interesting to note that the adjective " blue " comes from the priceless blue coloured tilework that adorn the interior and give an atmosphere of peace and quiet. This mosque was built between 1609 and 1619 in the reign of Sultan Ahmed I (1603–1617) by the architeet Sedefkar Mehmet Agha[11] who had his training under Sinan, the Great.

The Mosque of Sultan Ahmed is also unique because it is the only one in the world with six minarets. It resembles the Shehzade Mosque in adopting the four half-dome plan scheme but the large, spacious, brilliantly illuminated interior has a most expressive effect. The brilliantly lit interior resembles a palace in the richness of its ornaments. Tiles of over fifty different designs cover the walls of the upper galleries and the royal gallery is richly decorated with tiles of Quranic inscriptions which are the works of a famous Turkish calligrapher named Ahmed Gubari. Every part of this mosque is covered by painted decoration. The main portion of the mosque is surrounded on three sides by a large outer

11. He was also appointed royal architect in 1606. He was well versed in music also.

courtyards and one of them has a fountain in the centre for ritual ablution. This mosque is also the largest complex in Istanbul which was consisted of tomb of Sultan Ahmad, a madrase, a soup-kitchen (*imaret*), a hospital, a market (*bedasten*) with a row of tradesmen's shop.

One of the most harmoniously proportioned structures of Istanbul is the Valide mosque better known as Yeni Jami which means New Mosque. Being most remarkable and the finest specimen of Turkish decorative art its construction began in 1597 by the master-architect, Davut Agva[12] and after his death was continued by his successors Dalgich Ahmed Chavush[13] and Mustafa Agva, who finished it in 1663 at the orders of the Queen Mother Turhan Sultan. The interior of this mosque including the quarters reserved for Sultans is adorned with magnificent tiles. The central dome of the mosque which is more pointed than others is also 17. 5 metres in radius and 36 metres in height. This dome is higher than the half-domes, therefore, it is more dominating in appearance. There are only two pencil-like minarets each with three balconies, The courtyard which is surrounded with 25 domes on 20 columns consists of a fountain (*shadīrvan*) with a dome set on arches. The interior of the mosque is well decorated with tiles and the dome and arches are painted beautifully. The Yeni Jami also comprised a complex which was surrounded by walls and included the tomb of Turhan Sultan, a school of Qurān, a primary school, 86 shops along with the Egyptian market, a fountain and a bath-house.

The Mosque of Nur-u Osmaniye is built on raised ground reached by eleven steps. Its construction was started in 1748 during the reign of Sultan Mahmud I (1730–1754) and was completed in 1756 during the reign of Sultan Osman III (1754–1757). It is said that the architect of this mosque was Mustafa Chelebi[14] who was assisted by his apprentice Simon Kalfa. The main portion of the mosque is built on a square plan which is covered with a large dome of 25 metres in diameter resting on four semicircular arches supported by the corners of the walls. The altar is projected outside in the form of a polygon which is covered with a half-dome. As in the other mosques of the period, well decorated royal gallery is reached by a staircase from outside. There are 174 windows closely arranged in five rows, and 32 windows on the drum of the dome, four of which are blind. The arches of these windows are segmented and semicircular but the oval medallious on the windows of the lowest rows and the dome are decorated with Quranic inscriptions transcribed by the most famous calligraphists of the period. The motifs of the drum and the decorations of the dome

12. He succeeded Sinan as royal architect in 1587 and died in 1599.

13. He was chief architect from 1599 to 1604 and died in 1607.

14. He was also chief architect in 1755.

are characteristic of the decorative style of the period but the plaster decorations of the windows above the altar are different from those of the classical style. The courtyard of this mosque has three entrances. It is on a polygonal plan and is surrounded with a portico having nine small domes and a narthex with five domes. There is no ablution-tank or fountain in the courtyard but the profiles of the doors are very richly adorned. It has two minarets of Turkish style with only two galleries. The mosque is completely faced with marble and its decorative elements have a dominant place. All in all, the special features of this mosque, to the best of my knowledge, is that the curves have replaced straight lines and the round arches take the place of pointed arches. The other buildings comprising the complex are an oval library, the tomb beside it, a medrase by the *qibla* wall, a soup-kitchen or restaurant and 192 shops.

Turks have distinguished themselves in every branch of knowledge and their contribution to fine arts especially the architecture is really remarkable. It is a fact that the Turks have an adaptive spirit but it helped them to imbibe the products of the others and to utilise them for their own purposes. Coming from Turkistan through Persia, Iraq and Syria the Turks carried their own as well as the Arabo-Persian ideals in Anatolia and Rumelia where local traditions further enriched their holdings. It is right that the development of the arts of the Turks had been influenced by a number of different arts deriving from various countries but they had not accumulated them blindly. Turks had created a new, typically Turkish architecture which has united as well as developed the beauty and elegance of the arts of others along with their ancient Turkish elements. Nearby all monuments of the Turks struck a characteristic style which clearly distinguished them from any other artistic productions.

The first architectural monuments of the Ottoman Turks are to be found in Iznik and Bursa which are in the Seljukian Turkish style. This elaborates the carving and the ornamentation of the doorways. The cold climate of Anatolia and Rumelia did not allow open courtyards to be used as praying-places, therefore, Turkish mosque has become a closed-in hall, and consequently doors came into prominence. The Persian fashion of decorating the walls with coloured tiles of high perfection was also followed by the Turks. Their arches are either round or pointed but always wide. The capitals of columns are worked out into stalactites. The inner walls are covered with Arabic inscription and the names of the four Caliphs in very bold letters. The shape of the minarets varies in Arabic and Persian style but the Turks simplified it by creating pencil-like minarets with their one, two or three balconies but the greatest achievement

of Ottoman architecture, in the words of Ernst J. Grube,[15] is the domed mosque plan. It is realistically to say that the Ottoman Turks had developed the monumental centralized mosque, covered by a dome and buttressed by semi-dome[16] and had brought to perfection the architectural form of the mosque.

15. *The world of Islam*, London, 1967, p. 137.

16 *Architecture of the Islamic World*, edited by George Michell, London, 1978, p. 18.

राजस्थानी का भविष्यत्काल द्योतक प्रत्यय -ल्-

लेखक : डॉ. गोविन्द शंकर शर्मा

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के समुचित तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से राजस्थानी में प्रयुक्त भविष्यत्कालिक परप्रत्यय-ल्- अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रस्तुत भविष्यत्कालिक परप्रत्यय ल्- राजस्थानी के क्रमिक विकास, अन्य भारतीय आर्यभाषाओं विशेषतः पहाडी भाषाओं से राजस्थानी के अन्तर्सम्बन्धों की सही पहचान करने तथा इस पर पडे मध्यदेशीय भाषा के प्रभाव का समुचित आकलन करने आदि विभिन्न प्रसंगो के संबंध में अत्यधिक सहायक सिद्ध हो सकता है। इन्हीं दृष्टिओं को ध्यान में रखकर प्रस्तुत शोध-पत्र में भविष्यत्कालिक परप्रत्यय-ल्- का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रस्तुत प्रसंग में सर्वप्रथम इस तथ्य का उल्लेख करना आवश्यक है कि राजस्थानी में प्रस्तुत परप्रत्यय का प्रयोग बहुत प्राचीन नहीं है। राजस्थानी की प्राचीन एवं प्रारंभिक रचनाओं में इस भविष्यत्कालिक प्रत्यय-ल्- के स्थान पर प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में प्रयुक्त भविष्यत्कालिक परप्रत्यय–स्य– का प्रयोग प्राप्त होता है। प्रसिद्ध इतालवी विद्वान डा. एल. पी. तेस्सितोरी ने अपने कार्य *Notes on the Grammar of the Old Rajasthani with special reference to Apabhraṁśa and Gujarati and Marwari* के लेखन के लिए जिन राजस्थानी रचनाओं का उपयोग किया है, उन रचनाओं में डा. तेस्सितोरी को केवल दो स्थानों पर ही भविष्यत्कालिक परप्रत्यय-ल्- का प्रयोग प्राप्त हुआ हैं। उन्हें ये दो रूप पंचतंत्र के पद्यानुवाद 'पंचाख्यान' एवं सोमसुन्दरसूरि कृत 'उपदेशमाला-बालावबोध' में मिले हैं। किन्तु यहाँ इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये दोनो रचनायें १६ वीं शताब्दी की कृतियाँ है। 'उपदेशमालाबालावबोध' का समय संवत् १५६९ है। जहाँ तक दुसरी कृति 'पंचाख्यान' का प्रश्न है इस पर कोई तिथि नहीं दी गई है किंतु स्वयं तेस्सितोरी ने इसको १५०० से १५५० ई. के मध्य की रचना माना है। इसी प्रकार राजस्थानी की प्रसिद्ध रचना 'अचलदास खींचो री वचनिका' में भी प्रस्तुत परप्रत्यय-ल्- से निर्मित भविष्यत्काल के रूप प्राप्त नहीं होते हैं। उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि भविष्यत्काल के निर्माण के लिए परप्रत्यय -ल्- का प्रयोग राजस्थानी की प्राचीन रचनाओं में प्राप्त नहीं होता है तथा हमें १६ वीं शताब्दी के आसपास ही इस परप्रत्यय का प्रयोग राजस्थानी की रचनाओं में प्राप्त होने लगता है।

इस प्रसंग में दूसरा ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि राजस्थानी की आधुनिक बोलियों में भी इस परप्रत्यय से निर्मित रूप मुख्यतः मारवाडी एवं ढूंढाडी (जयपुरी) में ही प्राप्त होते है। मारवाडी एवं ढूंढाडी के अतिरिक्त मेवाडी में भी प्रस्तुत परप्रत्यय प्रयुक्त होता है किन्तु यहाँ इसका प्रयोग दूसरे भविष्यत्कालिक परप्रत्यय -ग्- के साथ वैकल्पिक रूप से होता है। दूसरी समस्त राजस्थानी बोलियों–हाडौती, शेखावाटी, मालवी और मेवाडी–में भविष्यत्कालिक परप्रत्यय ल्- के स्थान पर भविष्यत्कालिक परप्रत्यय -ग्- प्रयुक्त होता हैं।

राजस्थानी के उपर्युक्त बोलियों (मारवाडी, मेवाडी एवं ढूंढाडी) में विवेच्य पर-प्रत्यय ल्- की सहायता से भविष्यत्काल के निम्नांकित रूप प्राप्त होते हैं।

मारवाडी
(दोनो लिंगों में समान)

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष —	खेलूंला	खेलांला
मध्यम पुरुष —	खेलेला	खेलोला
अन्य पुरुष —	खेलेला	खेलैला

मेवाडी
(दोनो लिंगों में समान)

	एकवचन	बहुवचत
उत्तम पुरुष —	खेलूंला / खेलूंगा	खेलांला / खेलांगा
मध्यम पुरुष —	खेलेला / खेलेगा	खेलोला / खेलोगा
अन्य पुरुष —	खेलेला / खेलेगा	खेलैला / खेलैगा

ढूंढाडी (जयपुरी)
पुल्लिंग रूप

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष —	खेलूंलो / खेलूंला	खेलोला
मध्यम पुरुष —	खेलेलो	खेलोला
अन्य पुरुष —	खेलेलो	खेलौला

स्त्रीलिंग रूप

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष —	खेलूंली	खेलांला
मध्यम पुरुष —	खेलैली	खेलोली
अन्य पुरुष —	खेलैली	खेलैली.

उपर्युक्त रूप तालिकाओं के विश्लेषण से स्पष्ट है कि भविष्यत्कालिक परप्रत्यय -ल्- की सहायता से निर्मित मारवाडी एवं मेवाडी के रूपो में तो पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग की दृष्टि से कोई अन्तर प्राप्त नहीं होता है और इन बोलियों मे दोनो लिंगो के लिए समान और एक ही रूप प्राप्त होते है। इसके विपरीत ढूंढाडी में पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग के लिए पृथक् पृथक् रूप प्रयुक्त होते हैं। एक ओर मारवाडी – मेवाडी एवं दूसरी ओर ढूंढाडी में प्राप्त होनेवाले इस अन्तर का कारण यह है कि मारवाडी-मेवाडी में भविष्यत्कालिक परप्रत्यय -ल्- के साथ लिंग-वचन निरपेक्ष विभक्तिप्रत्यय-आ संयुक्त होता है। किन्तु ढूंढाडी में इसके साथ लिंग वचन सूचक विविध विभक्तिप्रत्यय संयुक्त होते है। इस कारण ही मारवाडी-मेवाडी एवं ढूंढाडी में भविष्यत् निश्चयार्थ की संरचना का निम्नांकित क्रम प्राप्त होता है —

(क) मारवाडी-मेवाडी.

क्रियाधातु + पुरुषवचनसूचक प्रत्यय + भविष्यत् काल-द्योतक प्रत्यय-ल्- + लिंग वचन निरपेक्ष विभक्तिप्रत्यय-आ.

(ख) ढूंढाडी.

क्रियाधातु + पुरुषवचनसूचक प्रत्यय + भविष्यत्कालद्योतक प्रत्यय-ल्ं + लिंगवचन सूचक विभक्तिप्रत्यय.

विवेच्य तीनों बोलियो में भविष्यत् निश्चयार्थ की संरचना के लिए धातु एवं भविष्यत्कालिक प्रत्यय-ल्- के मध्य संयुक्त होनेवाले पुरुष-वचन सूचक विभक्ति प्रत्यय – निम्नांकित हैं —

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष —	–ऊं–	–आं–
मध्यम पुरुष —	–अे–	–ओ–
अन्य पुरुष —	–अे–	–अैं–

जहाँ तक भविष्यत्कालिक परप्रत्यय के साथ संयुक्त होने वाले विभक्ति-प्रत्ययो का प्रश्न है मारवाडी-मेवाडी में प्रस्तुत प्रत्यय के साथ लिंग वचन निरपेक्ष विभक्ति प्रत्यय –आ संयुक्त होता है। लिंग एवं वचन से प्रभावित न होने के कारण दोनो लिंगों एवं वचनों के साथ प्रस्तुत विभक्ति प्रत्यय के निम्नांकित समान रूप प्राप्त होते हैं —

	एकवचन	बहुवचन
पुल्लिंग —	–आ	–आ
स्त्रीलिंग —	–आ	–आ

ढूंढाडी में उपर्युक्त स्थिति नहीं है। मारवाडी-मेवाडी के लिंग-वचन निरपेक्ष विभक्ति-प्रत्यय –आ के विपरीत ढूंढाडी में प्रस्तुत भविष्यतकालिक परप्रत्यय के साथ सामान्यतः निम्नांकित लिंग-वचन सूचक विभक्ति प्रत्यय संयुक्त होते हैं —

	एकवचन	बहुवचन
पुल्लिंग —	–ओ	–आ
स्त्रीलिंग —	–ई	–ई

इसी कारण ढूंढाडी के भविष्यत् निश्चयार्थ के रूपों में सामान्यतः लिंग वचन से प्रभावित होने की स्पष्ट प्रवृत्ति प्राप्त होती है किन्तु उत्तमपुरुष एकवचन का पुल्लिंग रूप तथा उत्तमपुरुष बहुवचन का स्त्रीलिंग रूप इसके अपवाद हैं। राजस्थानी के विवेच्य प्रत्यय-ल् के मूलस्वरूप तक पहुँचने के लिए ढूंढाडी के इन रूपों पर विस्तारपूर्वक विचार करना आवश्यक है। ढूंढाडी में उत्तमपुरुष एकवचन के पुल्लिंग रूप खेलूंलो के साथ एक अन्य वैकल्पिक रूप खेलूंला भी प्राप्त होता है। उत्तमपुरुष बहुवचन का यही वैकल्पिक रूप खेलूंला उत्तमपुरुष बहुवचन में भी प्रयुक्त होता है। इस प्रकार यहाँ 'ला' परप्रत्यय एक वचन एवं बहुवचन दोनों ही वचनों को समान रूप से अभिव्यक्त कर रहा है। इसी प्रकार स्त्रीलिंग रूपों में उत्तमपुरुष बहुवचन में स्त्रीलिंग प्रत्यय ई से निर्मित खेलांली रुप प्राप्त न होकर पुल्लिंग बहुवचनवाचक प्रत्यय-आ से निर्मित खेलांला रूप मिलता है। यही खेलांला रूप उत्तमपुरुष बहुवचन के पुल्लिंग रूप मे भी प्रयुक्त होता है। स्पष्टतः ढूंढाडी में उत्तमपुरुष के

बहुवचनीय रूपों में लिंग के आधार पर कोई परिवर्तन न होकर पुंल्लिग एवं स्त्रीलिंग दोनों के लिए एक सामान्य रूप खेलांला प्राप्त होता है।

ऐतिहासिक भाषाशास्त्र की दृष्टि से ढूंढाडी के ये दोनों रूप अत्यधिक उपादेय एवं महत्त्वपूर्ण है। इन दोनो रूपों से ढूंढाडी के भविष्यत्काल के रूपों में प्राप्त लिंग वचन से निरपेक्ष अप्रभावित रहने वाली प्रवृत्ति की एक स्पष्ट झलक प्राप्त होती है। मारवाडी एवं मेवाडी के लिंग वचन से सर्वथा अप्रभावित रूपों एवं ढूंढाडी के पूर्व वर्णित लिंग वचन से अप्रभावित रूपों – खेलंला एवं खेलांला–से स्पष्ट रूप से विदित होता है कि राजस्थानी का यह भविष्यत्कालिक परप्रत्यय अपने प्रारंभिक मूलस्वरूप में लिंग वचन से अप्रभावित ही रहता था।

कालान्तर में मध्यदेशीय भाषा (जिसमें भविष्यत्कालिक प्रत्यय प्रारंभ से ही लिंग वचन के अनुरूप परिवर्तित होता रहा है) के प्रभाव के परिणामस्वरूप ढूंढाडी में भविष्यत्-काल के रूपों में लिंग वचन से प्रभावित होने की प्रवृत्ति विकसित होने लगी। भौगोलिक सामीप्य एवं अन्य सम्पर्कों के कारण मारवाडी मेवाडी की तुलना में ढूंढाडी मध्यदेशीय भाषा से अधिक संपर्कित रहा है। इस कारण मध्यदेशीय भाषा की लिंग-वचन से प्रभावित होने वाली प्रवृत्ति ने ढूंढाडी के भविष्यत्कालिकरूपों को तो प्रभावित कर दिया और ढूंढाडी में ये रूप लिंग वचन से प्रभावित होने लगे किन्तु मध्यदेशीय भाषा का यह प्रभाव मारवाडी-मेवाडी तक नही पहुँच सका। इस कारण पश्चिमी राजस्थानी की मारवाडी मेवाडी जैसी बोलियों में भविष्यत्कालिक परप्रत्यय-ल के लिंग वचन से अप्रभावित रूप अपने मूल स्वरूप को सुरक्षित रख सके। ढूंढाडी के पूर्ववर्णित लिंग वचन से अप्रभावित ये दोनों रूप भी इस तथ्य की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं कि प्रारंभ में ढूंढाडी में भी भविष्यत्कालिक परप्रत्यय -ल्- लिंग वचन से अप्रभावित था एवं मध्यदेशीय भाषा का प्रभाव के कारण ही बाद में इस बोली में भी भविष्यत्काल के लिंग वचन से प्रभावित रूप प्रयुक्त होने लगे हैं।

राजस्थानी साहित्य में प्रतिपादित जीवन-मूल्य

लेखक : डॉ. नरेन्द्र भानावत

औद्योगिक क्रान्ति, वैज्ञानिक प्रगति, द्रुतगामी तकनीकी विकास, पाश्चात्य सम्पर्क आदि के कारण जिस आधुनिकता का अविर्भाव हुआ उसने पारम्परिक साहित्य के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों से भिन्न अपने नये मूल्य और मान-दण्ड ही निर्धारित नहीं किये वरन् साहित्य-सृजन की सम्पूर्ण प्रक्रिया और चेतना को भी झकझोर दिया है। अब इतिहास-लेखक व्यक्ति-काल सापेक्ष इतिवृत्तात्मक इतिहास न लिख कर व्यक्तिकाल निरपेक्ष सांस्कृतिक इतिहास लिखने में गौरव समझता है। साहित्यकारों ने भी वैयक्तिक आश्रयदाताओं का स्थान राष्ट्रनायकों को दिया। युद्ध में जूझने वाले वीर ही अब वीर न रहे वरन् किसान और मजदूर भी वीर के धनी बने। इस वस्तुगत परिवर्तन के कारण कुछ लोगों को पारम्परिक साहित्य आधुनिक सन्दर्भों से कटा हुआ लगता है और वे उसकी प्रासंगिकता को प्रश्नाकुल दृष्टि से देखते हैं। राजस्थानी साहित्य की समृद्ध परम्परा पर भी इस दृष्टि से प्रश्न चिन्ह लगाया जा सकता है।

यह ठीक है कि पारम्परिक राजस्थानी साहित्य में सामन्तवादी संस्कृति और अभिजात संस्कारों का बहुलता से आलेखन है। उसमें सामूहिक संगठन व सामूहिक चेतना की कमी है, पर केवल इसीलिए उसे नकारा नहीं जा सकता। सच तो यह है कि वह युगीन परिस्थितियों से उत्पन्न संघर्ष का साहित्य है, वह प्रेरणा और शक्ति का साहित्य है, त्याग, बलिदान और जीवनोत्सर्गमयी उदात्त भावनाओं का साहित्य है। वीरता और प्रेम हाथ से हाथ मिलाकर चले हैं राजस्थान की इस रत्नगर्भा मारी में। गाँव-गाँव में बने हुए स्तूप, चबूतरे, देवरे ओर विभिन्न स्मारक यहाँ के वीरों और प्रेमियों की अमरगाथा मूक कंठ से गा रहे हैं।

आधुनिक युग का साहित्य परस्पर अविश्वास, आपाधापी, कुंठा, संत्रास, घुटन और व्यक्तित्व के टूटन का साहित्य है। उसमें मृत्यु की विभीषिका, स्वामी-सेवक की संघर्षशीलता अतृप्त भोग-वादी मनोवृत्ति और मूल्यहीनता का बहुलता से चित्रण है। इसे पढकर जीवन के प्रति आस्था नहीं जगती। मानवता के विराट स्वरूप से साक्षात्कार नहीं होता। अतः इस संकटापन्न स्थिति में राजस्थानी साहित्य की मूल्यवत्ता अधिक प्रासंगिक हो उठी है।

राजस्थानी वीर काव्य मातृ-भूमी-प्रेम, स्वतन्त्रता, स्वाभिमान, स्वामिभक्ति, स्वधर्म-निष्ठा, शरणागतवत्सलता और नारी के शील व सतीत्व के रक्षण लिए समर्पित है। यहाँ वीरता उन्माद नहीं है, उदात्त आदर्श है। उसके पीछे विलास नहीं, आत्मविसर्जन है। इसीलिए मृत्यु यहाँ दंशकारी नहीं, मांगलिक है। नारी के लिए जौहर करना आग में जलना नहीं, अनुराग में पलना है। धरती, धर्म और नारी के शील की रक्षा के लिए बडा से बडा संकट लेने की शक्ति पूंजीभूत है यहाँ के साधारण कहे जाने वाले मानवीय चरित्र में भी। यहाँ का वीर केवल युद्धवीर ही नहीं है, वह धर्मवीर, दयावीर ओर दानवीर भी है।

यहाँ का कवि केवल वाणी का धनी नहीं, वह तलवार का भी धनी है। वह निरा प्रशंसक नहीं, सचेतक है। कर्तव्य भ्रष्ट होने पर चरितनायक की निर्भर्त्सना करने में भी वह पीछे नहीं रहता। 'विरुद्द काव्य' इसका प्रतीक है।

राजस्थानी प्रेम काव्य शक्ति और शील से अनुप्राणित है। यहाँ का प्रेम वासनाजनित नहीं, वह वीरता और वलिदान से अनुगमित है। यहाँ के प्रेम पात्र सती ओर सूरमा है। यहाँ के दोला-मारू, जलाल, वूवना, जसमादे - ओढण, जेठवा ऊजली, सयणी बीजाणंद, बीझां सोरठ, मूमल-महेन्द्र, आभलदे, खींवजी, नागजी-नागमती, काछवियाराणा आदि लौकिक प्रेमाख्यान दाम्पत्यधर्म की पवित्रता ओर सतीत्व की रक्षा के लिए वलिदान के प्रतीक हैं। यहाँ का वातावरण रहस्यमय, अलौकिक और आध्यात्मिक गरिमा से मण्डित न होकर पारिवारिक और विशुद्ध मानवीय है। जाति-पाति और वर्ण-भेद का विरोध कर मानव-मन के रंध्रों को यहाँ विशुद्ध प्रेम के निर्मल प्रकाश से आलोकिता-पूरित किया है।

राजस्थानी भक्ति काव्य शक्ति का उत्प्रेरक और मानवीय चेतना के उन्नयन का काव्य है। यहाँ भक्ति के पीछे दीनता और विवशता का स्तर न होकर शक्ति, शील और सौंदर्य की समन्वित उपासना का वल है। यहाँ राम मुख्यतया अन्याय व अत्याचार के प्रतीक रावण के भंजक और राम-राज्य के संस्थापक के रूप में वर्णित हैं। यहाँ कृष्ण मुरलीमनोहर और नटवर नागर की अपेक्षा चक्रसुदर्शनधारक और शरणागतवत्सल हैं। उनका वासुदेवत्व रूप यहाँ सुरक्षित रखा गया है। यहाँ परकीया नायिका राधा की अपेक्षा स्वकीया नायिका रुक्मिणी अधिक चर्चित वर्णित है। अपने शील स्वभाव के कारण शिव और शक्ति की महिमा का भी यहाँ आख्यान किया गया है। शक्तिरूपा करणी माता, अम्बामाता आदि देवियों की स्तुति की गयी है। पौराणिक सन्दर्भों से अलग हटकर अपने ही वीच वचन-पालन और धर्म रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर देवत्व धारण करने वाले पावूजी, गोगाजी, रामदेवजी, तेजाजी जैसे लोक देवताओं के प्रति भी अपनी श्रद्धा-भक्ति समर्पित की गयी है। 'पर दुख ओदया वण्या देवता' यह सूक्ति आज हमारे लिए कितनी प्रेरक और प्रासंगिक है, यह कहने की आवश्यकता नहीं।

राजस्थानी सन्तकाव्य विशुद्ध मानवीय चेतना और मानवतावादी जीवन-मूल्यों का काव्य है। राजस्थान को इस वात का गौरव है कि यहाँ विश्नोई, जसनाथी, निरंजनी, दादू पंथी, लालदासी, रामस्नेही, चरणदासी, तेरापंथी, जैसे संत सम्प्रदाय आविर्भूत हुए, जिनसे सम्बद्ध साहित्य ने जात-पात, वाह्य आडम्वर व क्रियाकाण्ड का विरोध कर स्वतन्त्रता, समानता, विश्वबंधुत्व, धार्मिक-सहिष्णुता जैसे उदात्त सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिष्ठित किया और साधना के केन्द्र में देवी-देवताओं को न रखकर मानव की आत्म-चेतना को मुख्य रूप से स्थापित किया।

राजस्थानी लोकसाहित्य विशाल और विविध रूप में सुरक्षित है। इसे अतीत की वस्तु और आदिम मानत की अभिव्यक्ति के रूप में देखना उचित नहीं। सच तो यह हैं कि लोक साहित्य युगानुरूप परिस्थितियों से साँसे ग्रहण करता है और सम-सामयिकता का रंग उसे तारोताजा वनाता है। लोकसाहित्य के जितने भी रूप हैं, क्या लोकगीत, क्या लोककथा, क्या लोकगाथा, क्या लोकनाटय, कहावते, मुहावरे और पहेलियां, ये सब हमारे आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक संघर्ष - क्रम को पहचानने के विश्वस्त माध्यम है। जब पेशेवर साहित्यकार सामाजिक संघर्ष से भाग-खडा होता है तव भी लोक साहित्यकार जन साधारण की आशा-आकांक्षाओं को ख्यायित करता चलता हैं। यही कारण है कि डगजी जवारजी लोक गीतों में राष्ट्रवीर क्रान्तिकारी रूप में चित्रित किये गये है न कि डाकू रूप में। विभिन्न क्षेत्रों के लोक देवी-देवता केवल धार्मिक भावना के ही प्रतिफल नहीं है, उनके पीछे वचन-पालन, सत्य-रक्षण, संकटमोचन, रोग-मुक्ति जैसे लोकोपकारी कार्य जुडे हुए हैं। वे सेवा-

मूल्य के प्रतीक हैं। आज के सन्दर्भ में जब आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव के कारण व्यक्ति अन्दर से टूटने लगा है, तब लोक साहित्य उसे मानसिक सन्तुष्टि और आन्तरिक दृढता प्रदान करने में सहायक बनता है। तेजी से बदलते हुए मूल्यपरिवर्तन की प्रक्रिया में जीवन मूल्यों को स्थिर रखने में भी लोक साहित्य सांस्कृतिक आधार के रूप में अपनी प्रभावकारी भूमिका अदा करता है।

राजस्थानी का जो नया साहित्य लिखा जा रहा है, उसमें मानव-मन के संघर्ष के साथ-साथ उसके प्रेम भाव को भी व्यंजित किया गया है। यह प्रेमभाव अतीत की उज्ज्वल परम्पराओं से रस ग्रहण कर राष्ट्रीयता की जडों को सींचता है तो चिन्तन की ऊर्ध्व-मुखी दिशाओं में फैलकर आत्म चैतन्य को भी जागृत करता है।

PANDITA PARISHAD

व्याकरणविहित ईश्वरविमर्शः

लेखक : हृषीकेश भट्टाचार्यः

भगवता पतञ्जलिना स्वकृते महाभाष्ये उक्तं "लोकोऽर्थमर्थमादाय शब्दं प्रयुङ्क्ते" इति। अर्थात् लोक आदौ प्रयोजनानुरूपमर्थमादत्ते ततो व्यवहारसिद्धये तस्य अर्थस्य वाचकत्वेन तदर्थगतयावद्रूपगुणग्राहिणं शब्दं प्रयुङ्क्ते इति। प्रयोजनानुरूपस्य अर्थस्य उद्भावनमेव आदानम्। तत्रभवता इत्यपि उक्तं यच् "शास्त्रेण धर्मनियम" इति। अर्थात् लोकेन येन प्रकारेण शब्दा अर्थानुद्दिश्य प्रयुक्ता भवेयुस्तान् धर्मनियमान् व्याकरणं नाम शास्त्रं विदधाति। अत एव व्याकरणं धर्मनियमप्रणयनाय धातुरिति शब्दानां सूक्ष्मतमानंशान् अनन्तान्नादाय्युद्धृत्य तेषु तिङ्विभक्तीः प्रयुज्य यथाक्रियापदानि निर्माति तथैव तेषु एव धातुषु प्रयोजनानुरूपं पृथक् पृथगर्थ-वाच्य-कारकविहितान् कृत्प्रत्ययान् प्रयुज्य शब्दान् निर्माति। आवश्यकतावशात् ततोऽपि अर्थान्तरमाधातुं तेषु तेषु शब्देषु तद्धितया प्रयुज्यन्ते। एतेनापि वाक्यान्तःपदतप्रपंक्तौ अनर्हास्ते शब्दाः सामाजिकानां भोजनपंक्तौ अनर्हा जना प्रायश्चित्तादिभिरिव सुब्विभक्त्या संस्कृत्य पदत्वे उपनीयन्ते किन्तु प्रायश्चित्तेन कृतसंस्कारा अपि वर्णान्तरजना अन्यवर्णीयगोष्ठ्यामिव एवम्भूतानि पदानि पंक्तौ कृतासनानि अपि एकवाक्यांशत्वं नैव अर्हन्ति। यतस्तत्रापि वाक्यविदो निर्दिशन्ति यद् "वाक्यं स्याद् योग्यताकांक्षासत्तियुक्तः पदोच्चय" इति॥ अर्थात् तस्या पदसंहतेर्वाक्यत्वाय तदन्तर्गतेषु पदेषु आसत्त्याकांक्षाभ्यां सह योग्यतेतिनाम्ना गुणेनापि अवश्यमेव भाव्यम्। तत्र आसत्तिर्नाम "परस्य सन्निधानम्" तथा आकांक्षा नाम प्रतीतिपर्यवसानविरह "एतौ खलु पद-गुणौ वक्तुर्विवक्षातो वचनप्रयत्नतश्च पदेषु उत्पद्येते। किन्तु योग्यतेति अपरो गुण कुत उत्पद्यते शब्दे प्रयुक्तया सुब्विभक्त्या किमुत्पद्यते। न। तथा सति वह्निशब्दे करणविभक्तेर्योगमात्रेणैव तत्र सिञ्चनक्रियान्वयिनी योग्यता उत्पद्येत। वस्तुतस्तु शब्दान्तर्वर्तिनीं योग्यतामपेक्ष्यैव शब्दे सुब्विभक्ति प्रयुज्यते। अतो विज्ञेयं किंलक्षणा नाम सा योग्यतेति। तत्तु तर्ककौमुद्यामुक्तम् – एक-पदार्थस्य अपरपदार्थसंसर्गो योग्यतेति। अत्र लक्षणे सा पदार्थगता योग्यता निर्णीतस्वरूपा अवगम्यते न तु कुत उत्पन्नेति। अपि च वाक्यविद्भिः सा पुन पदे अपेक्षिता। नहि पदेषु च सा कुत आयातेति प्रश्नद्वयं समाधातुं भगवतो भाष्यकारस्य पूर्वोद्धृता उक्तिरेवास्माकं शरणम्। "लोकोऽर्थमर्थमादाय शब्दं प्रयुङ्क्ते" अर्थात् लोक लौहकार छेदनप्रयोजनासिद्धये लौहपिण्डे यामाकृतिं निर्माति, पुनस्तत्र छेदनक्रियायां करणसम्पादिनीं यां योग्यतामादधाति सा छेदनसाधने शक्तिरूपा तथा छेदनव्यापारे शक्यतारूपेण उभयोः पदार्थयोः संसर्गरूपा भवति। ततो लौहकार-श्छेदनसाधनं तं पदार्थमुद्दिश्य रूपगुणात्मकसर्वांगसहितस्य तस्य ग्राहिणं कुठार इति शब्दं प्रयुङ्क्ते अर्थात् लौहकारनिर्मितछेदनसाधनगता रूपगुणादयस्तत्तद्वाचकशक्तिरूपेण कुठारे शब्दे तेन आधीयन्ते। अत एव लोको यथा अर्थे प्रयोजनानुरूपां योग्यतासमुत्पादयति तथैव तामेव योग्यतां स्ववाचकत्वेन शब्दे संचारयति। एतावता अर्थगता योग्यतैव शब्दे अभिव्यक्ता भवतीति प्राप्तम्। अर्थे या वाच्या शब्दे सैव वाचिका। अर्थे या वस्तुशक्तिः शब्दे सैव शब्दशक्ति। अथ छिद्यमानं वृक्षं दृष्ट्वा कश्चिन् पृच्छति "किंनामेदं करणं येन वृक्षश्छिद्यते इति। छेत्ता उत्तरति कुठार इति। तदा श्रोता निश्चिनोति कुठारे छेदन साधिनी योग्यता अस्ति। यदि सा न स्यात्तर्हि कुठारः

छेदने करणं न स्यादिति। अत एव अस्याः शब्दगताया योग्यताया अभिव्यंजनं विना यतः क्रियया सह अन्वयद्वारेण शब्दस्य कारकत्वसम्पादनं सुब्विभक्त्या न सम्भवति तेन सुब्विभक्त्या न केवलं शब्दगतं कारकत्वमपि तु शब्दगतयोग्यतापि अभिव्यक्ता भवतीति प्रतिपन्नम्।

अथ चिन्त्यम्—सुब्विभक्तेरभिव्यंजनसामर्थ्यं शब्दगतां योग्यतामभिव्यज्यैव विरमति उत तेन तत्त्वान्तरपि अभिव्यज्यते। प्रत्यक्षसिद्धमेतद् यन्न केवलं शब्दगतामपि तु तच्छब्दवाच्यद्रव्यगतामपि अन्वेति। क्रियाया उत्पत्तौ द्रव गता सा अन्विता न भवेत् केवलं शब्दगतामेव अन्वीय सुब्विभक्तिः विरमेत् तर्हि "कुठारेण वृक्षं छिनद्मी"ति कथनमात्रेणैव वनस्थो वनस्पतिर्भूपतितो भवेत्। तथा न भवति। अपि तु कुठाररूपस्य वस्तुनो धारारूपाया योग्यतायाः कारणत्वघटितो व्यापारोऽपेक्ष्यते। ततो वृक्षः पतति। अत एतत प्रतिपद्यते यत् सुब्विभक्त्या विहितेन कारकत्वेन अन्विता शब्दगता योग्यता वाच्यवाचकता-सम्बन्धद्वारेण वस्तुगतायां योग्यतायां कारकत्वं संचार्य तां शब्दे प्रयुक्तायाः सुब्विभक्तेरभिव्यंजनविषयीकरोति।

अथापि चिन्त्यं – सुब्विभक्तेरभिव्यञ्जनी शक्तिरत्रैव विरमति अथवा अग्रेसृत्य अपरमपि तत्त्वमाभिव्यञ्जयतीति। एतत्तु स्पष्टमेव यत् कुठारेण वृक्षं छिनत्तीत्यत्र कुठारनिर्माता लौहकारश्छेत्ता देवदत्त इव यद्यपि सुप्तिङ्विभक्तिभ्यामन्वितो न भवति तथापि छेदनव्यापारोत्पत्तेः कारणकूटगणनायां स देवदत्त इव कारणेषु अन्यतमो भवति। तत् खलु कारणत्वं पशुशिरच्छेदनेन यज्ञजन्यफलोत्पत्तौ शमितुरिव द्रव्यगताया योग्यताया जनकत्वेन तयासह लौहकारस्य जन्यजनकतासम्बन्धनिमित्तं प्रत्यक्षसिद्धमेव। तद्धि शब्दे प्रयुक्तां तृतीयाविभक्तिं द्वारीकृत्यैव जनकं लौहकारमभिव्यञ्जयति। एतेन प्रतिपद्यते यत् – शब्दगतायोग्यता – तत्सम्बद्धा अर्थगता योग्यता – तज्जनकश्च एते त्रयः पदार्थाः शब्दे प्रयुक्तया सुब्विभक्त्या अभिव्यक्ता भवन्ति।

अत्र प्रबन्धे व्याकरणविधिप्रयुक्त-सुब्विभक्तितश्चतुर्थभूतो लौकिकः पुरुषो लौहकारो दृष्टान्तः। निखिलविश्वसंघस्य निर्मातृ तत्त्व दार्ष्टान्तिकम्। विश्वनिर्माणे उपादानभूतानां क्षित्यप्तेजोमरुद्व्योम्नां लौकिकव्यवहारसिद्धये तद्वाचकशब्देषु प्रयुक्तया सुब्विभक्त्या कुठारशब्दे प्रयुक्तया सुब्विभक्त्या लौहकार इव तत् पञ्चभूतनिर्मातृतत्त्वं सम्बद्धमभिव्यक्तं च भवतीत्येवात्र प्रबन्धे विवक्षितम्।

अपि च किंचित् प्रसंगान्तरमाश्रित्य उच्यन्ते यद् यो हि पदार्थः पदे पदार्थे च अस्माभिराश्रयभेदेन रूपभेदेन च भिन्नतया योग्यतेति नाम्ना आलोचित कस्य स भेदः शब्दशास्त्रमपेक्ष्यैव। शाक्तदर्शने स पदार्थः कालभेदे आधारभेदे रूपभेदे च अद्वितीया अखण्डा अभिन्ना महाशक्तिरेव। यत्तु देवीमाहात्म्ये उक्तम्—

यच्च किंचित् क्वचिद् वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके।
तस्य सर्वास्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदेति॥

अर्थापत्तिः स्वतंत्रं प्रमाणं न वा

लेखक : वेंकटरमण दीक्षित

अर्थापत्तिः स्वतंत्रं प्रमाणं भवति वा न वेति इत्यत्र विपुलं विवदन्ते प्रमाणपटवो नैयायिका वाक्यार्थविचारविचक्षणाः मीमांसकाश्च। अत्र अर्थापत्तिः स्वतंत्रं प्रमाणं न भवतीति प्रतिपाद्यते।

"प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि" इति सूत्रयन गौतम पृथक् नामग्रहणनिर्देशं यथा — "चत्वारि प्रमणानि" इति सुस्पष्टं प्रत्ययपादयत्। नैव तथा भगवान् जैमिनिः स्वसूत्रेषु अभिमतानि प्रमाणानि निस्संदिग्धं निरदिशत्। "सत्संप्रयोगे पुरुषस्य इन्द्रियाणां बुद्धिजन्म तत्प्रत्यक्षं अनिमित्तं विद्यमानोपलम्भनत्वात्" इति सूत्रेण प्रत्यक्षप्रमाणं यद्यपि जैमिनिः प्रतिपादयति। तथापि नात्र प्रत्यक्षप्रमाणप्रतिपादनं तस्य परमुद्दिष्टम्। "चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः" इति सूत्रेण धर्मलक्षणं सूत्रयतः तस्य चोदनातिरिक्तप्रमाणस्य धर्माख्यप्रमेयप्रतिपादने पाटव प्रतिक्षेप एव।

अयं अंशः अनिमित्तं विद्यमानोपलंभनत्वात् इति प्रत्यक्षसूत्रैकदेशेन अवगन्तुं शक्यते। एवं सूत्रकारेण कण्ठतः अनुक्तान्यपि तत्प्रमाणलक्षणानि भाष्यकाराः श्रीशबरस्वामिनः सूत्राणां सूचकत्वं अवलंब्य तदधिरूढानीव पर्यस्कुर्वन्। तान्येव च श्रीकुमारिलभट्टाः उक्ताऽनुक्तेत्यादि वार्तिकपरिपाट्या वार्तिकग्रन्थे प्रातन्वन्। एतेन स्वस्वमतप्रवर्तकेषु परमऋषिषु परमं आदरं समावहन्ति यद्यपि गौतमीयाः जैमिनीयाश्च तथापि तेषु नैयायिकाः स्वाचार्येण कण्ठोक्तमर्थं समर्थयन्ति मीमांसकाश्च स्वाचार्येण कण्ठानुक्तमपि सूचितं अर्थं साधयन्तीति स्फुटतरं अनयोः भेदः संलक्ष्यते।

अस्तु नाम मानान्तराणां कथा। प्रकृतं अर्थापत्ति-प्रमाणमेव पर्यालोचयामः। श्रीशबरस्वामी "अर्थापत्तिरपि दृष्टः श्रुतो वा अर्थः अन्यथा नोपपद्यते इति अर्थकल्पना यथा जीवति देवदत्ते गृहाभावदर्शनेन बहिर्भावस्य अदृष्टस्य कल्पना" इत्याह। अत्र दृष्टो अर्थो नाम न केवलं प्रत्यक्षप्रमाणप्रमितः किन्तु प्रमाणादिपंचकप्रमित इत्यर्थः। श्रुतो नाम शब्दप्रमाणप्रमितः इत्यर्थः। अत्र दृष्टः श्रुतो वा इत्यनुक्त्वा प्रमित इति कथनमेव सामंजस्यं आवहति। तथापि श्रुत इति पृथक् उपादानं श्रुतार्थापत्तिप्रमाणैकदेशस्यापि विषयीकरोतीति वैलक्षण्यबोधनायेति टीकाकृतो विवृण्वते।

अत्र प्रत्यक्षपूर्विकाः पंच अर्थापत्तयः दाहादिषु कांचित दाहानुकूलशक्तिं अभ्युपगम्य साधिताः मीमांसकैः। सा च शक्तिः अतीन्द्रिया। तत्र प्रत्यक्षप्रमाणस्य अप्रवर्तमानत्वात् तन्मूलानां इतरेषां प्रमाणानामपि अप्रवृत्तिरिति तदवगतये अर्थापत्तिः स्वीकरणीया इति मीमांसाकानां आशयः। नैयायिकाः परं शक्तिं अतिरिक्तां अनंगीकुर्वाणाः दाहादिस्थलीयानुपपत्तिं नियतकार्यकारणादिभावमुखेनैव निरस्यन्ति। निरस्तायां शक्तौ निर्विषयाः अर्थापत्तयः इति प्रतिपादयन्ति

शक्तेः स्वीकारे निराकरणे च मीमांसकनैयायिकाभ्यां तुमुलं पराक्रान्तमिति विस्तरभयात् तद्विचारं विहाय भाष्यकारोदाहृतां अभावपूर्विकां अर्थापत्तिमेव केवलं विमृशामः ।

